हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11




खेल

**शरत कमल की निकट भविष्य में संन्यास की योजना नहीं, टूर पर एक और सत्र खेलेंगे**


Page 10




देश

**एस जीएसटी संग्रह में नए आयाम स्थापित कर रहा उत्तराखंड**


शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शुक्रवार • 06 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 267 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## तेलंगाना में आदिवासी महिला से बलात्कार का प्रयास

### गुस्साई भीड़ ने जलाई दुकानें और घर, क्षेत्र में लगा कर्फ्यू

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना के कुमुराम भीम आसिफाबाद जिले के जैनूर कस्बे में एक ऑटो रिक्शा चालक द्वारा एक आदिवासी महिला के साथ बलात्कार एवं हत्या के कथित प्रयास के खिलाफ आदिवासी संगठनों द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन बुधवार को हिंसक हो गया। इससे सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया और अधिकारियों को कर्फ्यू लगाना पड़ा। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। जिला प्रशासन द्वारा जैनूर कस्बे में धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा जारी की गई है और अफवाहों और फर्जी खबरों को फैलने से रोकने के लिए एहतियाती उपाय




के तौर पर क्षेत्र में इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थिति को नियंत्रण में लाया गया है, अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) को भी बुलाया जा रहा है। जैनूर कस्बे में दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी महिला के कथित यौन उत्पीड़न और हत्या के प्रयास के विरोध में आदिवासी संगठनों द्वारा बंद का आह्वान किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी शामिल हुए। कुछ उत्तेजित युवकों ने दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को जला दिया और एक धार्मिक स्थल पर पथराव भी किया। स्थिति दो समुदायों के बीच संघर्ष में बदल गई।

## यूक्रेन से बातचीत के लिए राजी हुए राष्ट्रपति पुतिन

### मध्यस्थता के लिए भारत का लिया नाम, दो और देशों पर सहमत

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से साथ जारी युद्ध के बीच मध्यस्थता को लेकर बड़ा बयान दिया है। पुतिन ने कहा है कि भारत दोनों देशों के बीच बातचीत में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने भारत के अलावा, चीन और ब्राजील का भी नाम लिया। पुतिन ने कहा कि भारत, चीन, और ब्राजील जैसे देश रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता करा सकते हैं। उन्होंने इन देशों को वैश्विक मंच पर स्थिरता और शांति के समर्थक बताते हुए कहा कि उनके माध्यम से संघर्ष को सुलझाने के प्रयास किए जा सकते हैं। रूस के राष्ट्रपति ने यह भी माना कि यूक्रेन की स्थिति जटिल है, और सीधा समाधान खोजना आसान नहीं है। लेकिन, भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों के बीच मध्यमार्गी दृष्टिकोण और वैश्विक कूटनीतिक भूमिका के कारण ये देश मध्यस्थता में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध के पहले सप्ताहों में तुर्की के इस्तांबुल रूसी और



यूक्रेनी पक्ष के बीच वार्ता हुई थी। रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच हुआ वह प्रारंभिक समझौता आगे की वार्ता के लिए आधार का काम कर सकता है।

## टिकट कटने से नाराज मंत्री रणजीत चौटाला ने छोड़ी बीजेपी

- बोले-निर्दलीय चुनाव लड़ूंगा, भाजपा को अपनी ताकत दिखाएंगे

**सिरसा (एजेंसी)।** हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने टिकट न देने पर भाजपा छोड़ दी है। कल 4 सितंबर को भाजपा की 67 उम्मीदवारों की लिस्ट के बाद उन्होंने गुरुवार को समर्थकों के साथ मीटिंग की। रणजीत ने कहा कि भाजपा हाईकमान ने मुझे डबवाली से चुनाव लड़ने के लिए कहा था, लेकिन मैं वहां से नहीं लड़ना चाहता। मैं इसी समय पार्टी छोड़ रहा हूं। 90 फीसदी तय है कि रानियां विधानसभा से निर्दलीय ही चुनाव लड़ूंगा। आगामी 8 सितंबर को रानियां में बड़ा रोड शो निकालकर भाजपा को अपनी ताकत का एहसास करवाएंगे। रणजीत चौटाला पूर्व डिप्टी पीएम चौधरी देवीलाल के बेटे हैं।

## आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

- बड़ी अदालत में लगाई अर्जी, सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच करेगी सुनवाई



**कोलकाता (एजेंसी)।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपे जाने को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। घोष ने 27 अगस्त को अपनी याचिका दायर की थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट में 6 सितंबर को सुनवाई होनी है। हालांकि, सुनवाई से पहले, उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में 2 सितंबर को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने यह याचिका लिस्ट की गई है और छह सितंबर को सुनवाई हो सकती है। घोष की गिरफ्तारी 9 अगस्त को अस्पताल में 31 वर्षीय डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के मामले के बाद सामने आए कथित कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में हुई है। ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के मामले में पूरे देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, जिससे पश्चिम बंगाल की ममता सरकार बैकफुट पर है।

## हम भारत में भी कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं

### ● 'खास' दोस्त से मिलकर बोले प्रधानमंत्री मोदी ● सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग समेत हुए कई समझौते





**सिंगापुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन की यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। वे गुरुवार को संसद पहुंचे जहां, पीएम लॉरेंस वॉन्ग ने उनका स्वागत किया।

पीएम मोदी ने सिंगापुर के पीएम से कहा, आपके प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। सिंगापुर सिर्फ एक सहयोगी देश ही नहीं, हर विकासशील देश के लिए एक प्रेरणा है। हम भी भारत में कई सिंगापुर बनाना चाहते हैं। मुझे खुशी है कि हम इस दिशा में मिलकर कोशिश कर रहे हैं।

भारत और सिंगापुर ने सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सहयोग और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अहम समझौते पर दस्तखत किए। समझौते के मुताबिक दोनों देश सेमीकंडक्टर, कलस्टर डेवलपमेंट, सेमीकंडक्टर डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस करेंगे। संसद में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। दोनों देशों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री की मौजूदगी में कई समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत दोनों देश मिलकर डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में सहयोग करेंगे। इससे दोनों देशों के बीच डिजिटल तकनीक जैसे साइबर सिक्योरिटी, 5जी, इमर्जिंग तकनीक जैसे सुपर कंप्यूटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति बनी। इसके अलावा दोनों देशों के बीच श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने और डिजिटल डोमेन में काम करने वाले लोगों के स्किल को बेहतर बनाने को लेकर भी समझौता हुआ है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना तकनीक मंत्रालय ने सिंगापुर के साथ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम मजबूत करने का भी समझौता किया है।

## कर्नाटक में कोहराम! बड़े बदलाव के आसार

- कांग्रेस बदल सकती है सीएम, मल्लिकार्जुन खरगे के नाम की भी अटकलें

बेंगलुरु (एजेंसी)। जमीन मामले को लेकर कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदले जाने की अटकलें तेज हो रही हैं। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। खबरें हैं कि इस मामले में कांग्रेस आलाकमान भी सक्रिय नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि राज्य के कुछ नेता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर भी जोर दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस आलाकमान विवाद से बचने के लिए सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुनने की योजना बना रहा है। इधर, विपक्ष की तरफ से भी सीएम को बदले जाने का दबाव बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी इस बात पर अब तक फैसला नहीं लिया है कि सिद्धारमैया की जगह कमान उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सौंपी जाए या किसी पिछड़े वर्ग के नेता को मौका दिया जाए।

## भारत के दुश्मनों को मिल रहे 'नाटो' के हथियार

- कश्मीर से लेकर पंजाब तक हो रही है सप्लाई, खुफिया एजेंसियां फेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नाटो अपने सदस्य देशों को रक्षा सहयोग के तहत हथियार उपलब्ध कराता है। यह हथियार आमतौर पर अत्याधुनिक होते हैं और इन्हें कड़ी सुरक्षा के साथ भेजा जाता है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में देखा गया है कि ये हथियार कुछ असामाजिक तत्वों, जैसे कि अपराधी गिरोह और आतंकवादी समूहों के पास पहुंच रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण है हथियारों की तस्करी। भारत में ऐसे कई गिरोह और आतंकवादी समूह हैं जो इन हथियारों को अपने आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। यह न केवल



राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक शांति के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। पिछले महीने पंजाब के शेरों में स्थित एक चेकपोस्ट पर पुलिस टीम ने एक बड़े अपराध का खुलासा किया। मामला तब पकड़ में आया जब पुलिस ने एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को तेज रफ्तार में आते देखा। पुलिस टीम ने तुरंत कार को रुकने का सिग्नल दिया, लेकिन कार में सवार लोग रुकने की बजाय भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि, पुलिस की चुस्ती और मुस्तैदी के चलते अपराधी भागने में असफल रहे।

## विकीपीडिया पर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का पारा

- कहा-भारत को पसंद नहीं करते तो देश छोड़ दो, ब्लॉक ही करा देंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया भर की शख्सियतों और घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देने वाली वेबसाइट विकीपीडिया को दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। अदालत ने न्यूज एजेंसी के बारे में डिटेल देने वाले पेज में संशोधन किए जाने के मामले में विकीपीडिया को अदालत ने नसीहत दी है। बेंच ने कहा कि यदि आप भारत को पसंद नहीं करते हैं तो फिर यहां काम भी न करें। कोर्ट ने कहा कि हम सरकार से कहेंगे कि विकीपीडिया को भारत में ब्लॉक कर दिया जाए। उच्च न्यायालय ने विकीपीडिया को अवमानना का नोटिस जारी किया है और पूछा है कि आखिर उसने बेंच के उस आदेश पर अमल क्यों नहीं किया है, जिसमें कहा गया था कि वह उन लोगों के बारे में जानकारी दी। जिन लोगों ने विकी के पेज में बदलाव किए हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने विकीपीडिया के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। एजेंसी का कहना था कि उसके बारे में दी गई जानकारी में जो संशोधन किए हैं, वह मानहानि भरे हैं। एजेंसी के बारे में किसी ने विकीपीडिया पेज में संशोधन करते हुए लिख दिया था कि वह मौजूदा सरकार का एक प्रोपेगेंडा टूल है।

## वायनाड के बाढ़ पीड़ितों के लिए आगे आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी

### दान की एक महीने की तनख्वाह, लोगों से भी की अपील

**वायनाड़ (एजेंसी)।** केरल के वायनाड में आई भयानक बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी आगे आए हैं। उन्होंने वायानाड के बाढ़ पीड़ितों के लिए अपनी एक महीने की तनख्वाह दान कर दी है। राहुल गांधी ने बुधवार को इस बात की जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया जिसमें उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वे बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं। बता दें राहुल गांधी पिछली लोकसभा में वायनाड से सांसद भी रह चुके हैं। राहुल इस बार के



लोकसभा चुनाव में राहुल वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव जीते मगर लोकसभा में सदस्यता लेने के दौरान उन्होंने वायनाड की सीट छोड़ दी थी। अब इस सीट पर उपचुनाव कराया जाएगा। वायनाड की त्रासदी के लिए अपनी तनख्वाह दान करने को लेकर राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, वायनाड में हमारे भाई-बहनों ने एक बहुत बड़ी त्रासदी का सामना किया है और उन्हें हमारे समर्थन की जरूरत है ताकि वे अपने नुकसान से उबर सकें। मैंने अपने एक महीने की तनख्वाह बाढ़ पीड़ितों के राहत और पुनर्वास के लिए दान कर दी है। मैं सभी भारतीयों से गुजारिश करता हूं कि जितना हो सके मदद करें क्यों हर छोटी मदद मायने रखती है। उन्होंने वायनाड के पुनर्निर्माण के लिए लोगों से कांग्रेस केरल के फंड में योगदान देने की अपील भी की।

## कांग्रेस और एनसीपी के आगे उद्धव सेना का सरेंडर

### सीएम फेस पर माननी पड़ गई एमवीए गठबंधन की बात



**मुंबई (एजेंसी)।** उद्धव ठाकरे बीते करीब एक महीने से लगातार यह कह रहे थे कि विधानसभा चुनाव से पहले हमें महाविकास अघाड़ी का मुख्यमंत्री का चेहरा तय कर लेना चाहिए। यह बात वह जोर देकर कह रहे थे और उनका यहां तक कहना था कि सीएम फेस इस आधार पर तय नहीं होना चाहिए कि गठबंधन के किस दल को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। उनका साफ इशारा था कि उद्धव सेना का सीएम पद पर दावा है और पहले ही उसके नेता को चेहरा बना दिया जाए। हालांकि शरद पवार और कांग्रेस की ओर से उनके इस रुख को तवज्जो नहीं दी गई। यहां तक कि शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेता ने भी कहा कि हम बिना चेहरे के ही उतरेंगे और पहला टारगेट एनडीए को सत्ता से बाहर करना है। अब कांग्रेस और शरद पवार के आगे उद्धव सेना भी झुकती दिख रही है। पार्टी नेता संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर बातचीत बाद में भी हो सकती है। इसलिए क्योंकि पहला लक्ष्य राज्य में 'भ्रष्ट' महायुति सरकार को हटाना है।

### विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस, स्पीड भी बेमिसाल

## भारत में यात्रा के तरीके को बदल देंगी यह जानी-मानी चार ट्रेनें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे ने हाल ही में यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाने और ट्रेन की गति को बढ़ाने के उद्देश्य से एक नया कदम उठाया है। दरअसल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले प्रोटोटाइप का अनावरण किया, जो भारतीय रेलवे द्वारा पेश की गई अपनी तरह की नई और खास ट्रेन है। इसे प्रीमियम ट्रेनों जैसे राजधानी एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस से भी बेहतर बताया जा रहा है। यह ट्रेन बैंगलोर स्थित बीईएमएल द्वारा निर्मित की जा रही है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन भारतीय रेलवे की सबसे मॉडर्न तकनीक



और यात्री सुविधाओं का संगम है। इसमें न केवल आधुनिकतम सुविधाएं होंगी, बल्कि इसे यात्रियों की आवश्यकता और आराम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। ट्रेन की रफ्तार और आरामदायक सीटों के अलावा इसमें अत्याधुनिक तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारतीय रेलवे चार नई ट्रेनों पर काम कर रहा है जो देश में यात्रा के तरीके को बदल देंगी। ये चार ट्रेनें हैंः वंदे भारत चेयर कार, वंदे भारत स्लीपर, वंदे मेट्रो और अमृत भारत ट्रेनें। इनमें से वंदे भारत पहले ही देश के कई शहरों को जोड़ चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधि व प्रशासनिक अधिकारी में राहुल का चयन

**टिकारी।** सीयूएसबी के विधि एवं शासन प्रणाली पीठ के एलएलएम के छात्र राहुल कुमार का चयन न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के विधि व प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हुआ है। राहुल की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के साथ कुलसचिव प्रो नरेंद्र कुमार राणा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वहीं एसएलजी के डीन एवं अध्यक्ष प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव एवं राहुल के लघु शोध तथा एलएलएम के मार्गदर्शक ने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विभाग के अन्य प्राध्यापकों प्रो. पवन कुमार मिश्र, प्रो. अशोक कुमार, डॉ पी के दास, डॉ पूनम कुमारी, डॉ दिग्विजय सिंह, डॉ देव नारायण सिंह, श्री मणि प्रताप, डॉ पल्लवी सिंह, डॉ अनंत प्रकाश नारायण, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ नेहा शुक्ला, डॉ चांदना सूबा आदि ने भी राहुल की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### हरिओम टेक्निकल ट्रेनिंग कॉलेज में नामांकन शुरू

**गया।** हरिओम टेक्निकल ट्रेनिंग कॉलेज में नामांकन शुरु हो गया है। कॉलेज के सचिव चंदन कुमार सहनी ने बताया कि यहां बीबीए, बीसीए पाठ्यक्रम संचालन के लिए मौलाना मजहरुल हक विश्वविद्यालय पटना एवं एआईसीटीई नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है। हमारे यहां समुचित क्लास रूम की व्यवस्था है। पुस्तकालय के साथ-साथ खेल का मैदान है। यह कॉलेज कुजापी ग्राम के ओम नगर में स्थित है। यहां निर्धन छात्र छात्राओं को बिल्कुल कम फीस में नामाकंन कराया जाता है साथ ही बच्चों को प्लेसमेंट की भी समुचित व्यवस्था है।

### आदेश के बावजूद खाली नहीं हुआ जगन्नाथ मंदिर परिसर



**गया।** गया शहर के गेवाल विगहा वार्ड संख्या 34 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर पर अब तक अवैध कब्जा बना हुआ है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के निर्देश के बाद नगर आयुक्त ने अवैध कब्जाधारक को मियादी आदेश दिया था। इसके मुताबिक रंजीत कुमार मिश्रा को कहा गया था कि 25 अगस्त 2024 तक मंदिर परिसर को पूरी तरह से खाली कर अपना पक्ष नगर आयुक्त के समक्ष रखें। परंतु नगर आयुक्त का यह आदेश अब बेअसर साबित हुआ है। विदित हो कि बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन ने अमरेन्द्र कुमार तिवारी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जगन्नाथ मंदिर परिसर पर अवैध कब्जा माना था। धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष द्वारा इस बाबत वरीय पुलिस अधीक्षक और रामपुर थानाध्यक्ष को भी पत्र लिखकर जगन्नाथ मंदिर से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि रंजीत कुमार मिश्रा को पत्र हस्तगत कराया गया है। उनसे लिखित भी लिखा गया है कि वे इस परिसर में किसी तरह का निर्माण अथवा तोड़-फोड़ नहीं करेंगे। विदित हो कि इस परिसर के लिए नगर निगम द्वारा होल्डिंग भी दिया गया है। इसी के आधार बनाकर न सिर्फ मंदिर की जमीन की बिक्री की गई, बल्कि मंदिर को भी क्षतिग्रस्त कर अस्तित्व मिटाने की कोशिश की जा रही है।

### थर्ड फेज में 933 बच्चों को हुआ स्कूल आवंटन



**गया।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत थर्ड फेज में 933 बच्चों को विद्यालय का आवंटन किया गया। बुधवार को डीईओ डॉ. ओमप्रकाश ने निजी विद्यालयों में 25% अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के शेष बच्चों को रेंडमाईजेशन के जरिए स्कूल अलॉट किया। मौके पर कई अभिभावक, प्राइवेट स्कूल संचालक व विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्लस टू राम सहाय हाई स्कूल को एनसीसी कैडेट कोर की सुविधा

**फतेहपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू राम सहाय उच्च विद्यालय को एनसीसी बटालियन 27 की ओर से एनसीसी कैडेट कोर की सुविधा दी गई है। विद्यालय में यूनिट की स्थापना करने की अनुमति मिल गई है। इसके बाद एनसीसी के सीओ समादेशी पदाधिकारी अमोल एस पारकर ने विद्यालय का जायजा लिया और इससे संबंधित विद्यालय के प्रभारी व शिक्षकों से वार्ता की और उन्हें महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शितांशु कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले एनसीसी के सीओ समादेशी पदाधिकारी अमोल एस पारकर के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। उसी समय विद्यालय की मांग पर एनसीसी कैडेट्स कार्प खोलने के लिए सहमति बनी थी। इसके बाद एनसीसी कैडेट्स कार्प खोलने के लिए आदेश पत्र विद्यालय को प्राप्त हो गया है। विद्यालय के शिक्षक पुरुषोत्तम पांडेय को एनसीसी का केयर टेकर पदाधिकारी बनाया गया है। प्रभारी ने नौवीं कक्षा के छात्रों को एनसीसी में भाग लेने के लिए अपील की है। उन्होंने बताया की नौवीं कक्षा में अध्ययनरत इच्छुक छात्र एनसीसी में शामिल होंगे। इसके लिए 13 सितंबर को एक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में 50 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन एनसीसी कैडेट के रूप में प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को सेना की बहाली में लाभ मिलेगा। इधर, प्रखंड की सबसे पुरानी व जिला में प्रसिद्ध रह चुके प्लस टू राम सहाय उच्च विद्यालय में एनसीसी की स्थापना से विद्यालय परिवार और स्थानीय ग्रामीणों में खुशी है।

### सरकारी नीति को सफल बनाने में शिक्षकों की बड़ी भूमिकाः जीवन



**गया।** एमएलसी जीवन कुमार ने गया में शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार के द्वारा लाई हुई नीति को सफल बनाने के लिए शिक्षकों के आत्म सम्मान को लौटाने की आवश्यकता है तब ही नई शिक्षा नीति देश में लागू होगी। चाहे वह नारी वंदन योजना हो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान हो, विश्वकर्मा योजना हो। कहा कि शिक्षक के माध्यम से ही गरीब वर्ग के बच्चों को आर्थिक संबलता प्रदान किया जा सकता है। साथ ही वैसे पदाधिकारी को चिन्हित कर जो सरकार की मंशा के अनुरूप न कार्य कर शिक्षकों के बीच आक्रोश पैदा करने के लिए विवश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर वे इस बात को रखेंगे। शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मिलकर एक पत्र का हवाला देकर आक्रोश व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल शिक्षकों मे राइट टू एजुकेशन फ़ोरम के संयोजक रणजीत बाणभट्ट, पूर्व ज़िला माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, जगनारायण प्रसाद, पुरुषोत्तम पांडेय, मनोज कुमार, पिंटु कुमार, अविनाश कुमार सहित ज़िले के कई शिक्षक उपस्थित थे।

# उतरनामा गांव में डायरिया का प्रकोप, 2 दिन पहले बच्चे की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



**● 18 लोग बीमार, स्वास्थ्य उप केंद्र पर लटका ताला**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गृह जिला नालंदा के रहुई प्रखंड में स्थित उतरनामा गांव डायरिया की चपेट में है। गांव के वार्ड नंबर-10 के महादलित टोला में डायरिया का प्रकोप है। यहां 2 दिन पहले इस बीमारी से 4 साल के बच्चे की मौत हो गई। 18 लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। गांव की कुल आबादी 250 के करीब है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। जबकि, स्वास्थ्य उप केंद्र पर ताला लटका है। स्थानीय निवासी रंजीत रविदास ने बताया कि उनके परिवार के तीन सदस्य, जिनमें दो बेटियां और एक साली शामिल हैं, डायरिया से पीड़ित हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जीतू रविदास के 4 वर्षीय बेटे रेशव कुमार उर्फ भोला की इस बीमारी के कारण मौत हो गई है।

**निजी क्लिनिक में उपचार करा रहे कुछ मरीजः** प्रभावित लोगों में सोनम कुमारी (7), ज्योति कुमारी (5 ), आशिक कुमार (3), बालाजी (13), अंकुश कुमार (4) और सुरुचि कुमारी (18) शामिल हैं। कुछ मरीजों का इलाज बिहार शरीफ सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि, अधिकांश लोग निजी क्लिनिक में उपचार करा रहे हैं। मृतक बच्चे की चाची विभा देवी ने रहुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने बीमार बच्चे को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, तो वहां के स्टाफ ने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया। हमें वहां से भगा दिया। इसी कारण बच्चे का समय पर इलाज नहीं हो पाया है। उसकी मौत हो गई।

**स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोपः** स्थानियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिलने के बाद एक टीम गांव पहुंची थी। लेकिन, उन्होंने न तो पूरे गांव का निरीक्षण किया और न ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। यह स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भी संचालित है। हालांकि, स्वास्थ्य उपकेन्द्र अधिकांश दिन बंद ही रहता है। इसके कारण उन लोगों को मामूली समस्या को लेकर भी रहुई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या बिहार शरीफ सदर अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है। इस मामले में रहुई स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद चौधरी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गांव में मेडिकल टीम को भेजा जा रहा है। क्षेत्र के निवासियों को स्वच्छता बनाए रखने, उबला हुआ पानी पीने और किसी भी संदिग्ध लक्षण के मामले में तुरंत डॉक्टर की मदद लेने की सलाह दी जा रही है।

# BJP की सदस्यता अभियान की शुरूआत, 20 लाख का लक्ष्य

निज संवाददाता। गया

BJP की सदस्यता अभियान का शुभारंभ गया में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने की। इस मौके उन्होंने गया में 20 लाख सदस्य बनाने का टारगेट भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि पिछली बार गया, बिहार में नंबर 2 पर था। इस बार नंबर 1 पर आना है। नंबर एक का स्थान हासिल करने के लिए 20 लाख सदस्य बनाना होगा। क्योंकि बिहार को एक करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। लेकिन जब उनसे दैनिक भास्कर ने यह पूछा कि उस 20 लाख में से कितने मुसलमान के घरों में जाएंगे और कितने मुसलमान होंगे तो वे इसका जवाब नहीं दे सके। कहने लगे पार्टी कोई भेद भाव नहीं करती है। पार्टी सबका विकास सबका साथ पर काम करती है। जब उनसे पूछा गया कि कुछ तो लक्ष्य निर्धारित रखा गया होगा। इस सवाल पर भी वह कुछ भी नहीं बोल सके और आगे बढ़ गए। इस मौके पर लालू प्रसाद द्वारा कान पकड़ कर उठक बैठक कराने वाले बयान पर कहा कि लालू यादव अभद्र भाषा के आदी रहे हैं। उन्हें इस तरह की भाषा से बचना चाहिए। वहीं, तेजस्वी यादव द्वारा प्रदेश के कानून व्यवस्था के मसले पर ट्वीट किए जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि लालू यादव और तेजस्वी यादव को कानून व्यवस्था के मसले पर बोलने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कि 2020 में चुनाव सम्पन्न हो चुका था। रिजल्ट का आना बाकी था। इस बीच तेजस्वी और उनके आदमियों को खुद की सरकार के आने का भ्रम हो गया है। लोगों के साथ मारपीट, बेइज्जती, लूट, रंगदारी, सरीखा खेल खेले जाने लगे। किसी से 20 हजार दो नहीं तो दो दिन बाद 20 लाख हो जाएगा। इस तरह की बात करते हैं।ऐसे लोग और उनकी पार्टी को कानून व्यवस्था पर बोलने का कोई हक नहीं है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों को गृह राज्यमंत्री ने भाजपा का पटका पहनाया और पार्टी के हित में काम करते हुए नए सदस्य बनाने की बात कही। सदस्यता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर भाजपा नेता जीवेश मिश्रा, पूर्व सांसद सुशील सिंह, रामजी मांझी, कुमार बाबू, वीरेंद्र सिंह, धनराज शर्मा, प्रेम कुमार उर्फ चिंटू, मुकेश शर्मा, सन्तोष सिंह आदि मौजूद रहे।

# गया में पलटा टैंकर,उठाने पहुंची क्रेन में लगी आग

निज संवाददाता। गया



गया में बुधवार की देर रात स्पिरिट से लदा टैंकर पलट गया। टैंकर को उठाने के लिए बुलाए गए क्रेन का ऊपरी हिस्सा 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार के चपेट में आ गया। इससे क्रेन में आग लग गई। ये आग का गोला बन कर जलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। टीम ने आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने तक क्रेन जल कर राख हो चुका था। घटना गया-बोधगया सड़क मार्ग के टेकुना फॉर्म के निकट की है। इस अगलगी की घटना में सड़क किनारे तीन झोपड़ीनुमा दुकान भी आग की चपेट में आ गया। तीनों दुकान जलकर राख हो गए। हालांकि, मौके पर दमकल की कई गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है। अगलगी की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। क्रेन का चालक सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा है।

**क्रेन का ऊपरी हिस्सा बिजली के तार की चपेट में आयाः** जानकारी के अनुसार बीती देर रात लगभग 1 बजे गया से बोधगया की ओर जा रहे स्पिरिट भरा टैंकर बेकाबू होकर टेकुना फॉर्म के समीप सड़क किनारे पलट गई थी। रात में ही उस टैंकर को उठाने के लिए क्रेन को बुलाया गया। लेकिन, क्रेन का ऊपरी हिस्सा 11 हजार बिजली के तार की चपेट में आ गया। बिजली के तार के संपर्क में आते ही जबरदस्त चिंगारी के साथ क्रेन में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ओर पुलिस को मौके पर बुलाया गया।

# नशा खुरानी गिरोह का खुलासा, 5 बदमाश अरेस्ट, नालंदा में हथियार-कारतूस जब्त

निज संवाददाता। नालंदा



**❐ नशीला ड्रिंक पिलाकर लूट की घटना को देते थे अंजाम**

नालंदा पुलिस ने अंतर-जिला नशा खुरानी गिरोह का खुलासा किया है। पांच बदमाश अरेस्ट हुए है। ये कथित तौर पर बिहार के विभिन्न जिलों में सक्रिय थे। सदर डीएसपी 2 संजय जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण गिरफ्तारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 3 सितंबर को रहुई थाने को एक गुप्त सूचना मिली थी कि मंदिरपुर मोड़ के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति एक सफेद वाहन में किसी बड़ी लूट की योजना बना रहे हैं।

**पुलिस ने बदमाश को खदेड़ कर पकड़ाः** सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की। संदिग्ध वाहन दिखाई दिया, तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। हालांकि, वाहन चालक ने भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने पीछा करके भेंडा मोड़ के पास वाहन को पकड़ लिया।

**तीन लूट की ई-रिक्शा बरामदः** वाहन की तलाशी में पुलिस को कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिली। इनमें दो देसी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, तीन लूट की ई-रिक्शा, चार बड़ी बैटरियां, चार मोबाइल फोन और नशीली दवाइयां शामिल थीं। इस दौरान पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों की पहचान चंदन कुमार (अस्थावां), चंदन साव (बाढ़), राजा कुमार (बाढ़), राजीव कुमार और धीरज कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि यह गिरोह एक संगठित तरीके से काम कर रहा था।

**लूट कर बेचते थे ई-रिक्शाः** गिरोह का मुख्य सरगना चंदन कुमार बताया जा रहा है। ये शाम के समय ई-रिक्शा चालकों को किराए पर बुक कर, उन्हें सुनसान जगहों पर ले जाते थे। कोल्ड ड्रिंक में नींद की दवा मिलाकर उन्हें बेहोश कर देते थे। इसके बाद वे ई-रिक्शा लूट कर दूसरे क्षेत्रों में बेच देते थे। इस अभियान में रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार, हरनौत थानाध्यक्ष अबू तालिब, बिंद थानाध्यक्ष रौशन कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रहुई CHC में लापरवाही मामले में कार्रवाई, नालंदा में मरीज के लिए एंबुलेंस का नहीं हुआ था इंतजाम

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के रहुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक लापरवाही का मामला सामने आया था। मंगलवार को एक डायरिया से पीड़ित मरीज को इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया था। मरीज की हालत गंभीर होने के बावजूद, एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हुई। इस कारण परिजन को मरीज को गोद में लेकर और हाथ में स्लाइन का बोतल टांग कर ले जाना पड़ा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर प्रसाद चौधरी ने इस मामले में 11 स्वास्थ्य कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। इनमें जीएनएम, एएनएम, एंबुलेंस चालक, ईएमटी, सुरक्षा गार्ड आदि शामिल हैं।

**एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजन हुए परेशानः** दरअसल, रहुई के उतरनावां गांव निवासी काजल कुमारी डायरिया से पीड़ित थी। मरीज को इलाज के लिए सीएचसी रहुई लाया गया। डॉक्टरों ने मरीज की हालत को गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन, अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजन उसे खुद ही ले जाने को मजबूर हो गए। लोगों की भीड़ के कारण स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाद में मरीज को एंबुलेंस उपलब्ध कराई।

**दोषी की खिलाफ कार्रवाई का भरोसाः** घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने इस मामले में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

# महिला का वेश धारण कर लूट की कोशिश, आरोपी अरेस्ट

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में पुलिस ने लूट के प्रयास को नाकाम कर दिया। साथ ही एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार की देर रात नूरसराय थाना क्षेत्र में हुई है। बदमाश महिला का भेष धारण कर लूट की घटना को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने लोडेड देसी कट्टा-कारतूस जब्त किया है। सदर डीएसपी-2 ने बताया कि 4 सितंबर की रात लगभग 1:10 बजे नूरसराय थाना अंतर्गत बिहटा-सरमेरा मुख्य पथ पर चौहान मोड़ के पास सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर निवासी, ट्रक ड्राइवर श्रवण कुमार के साथ लूटपाट की घटना हो रही थी। पुलिस गश्ती में थी। ट्रक ड्राइवर ने मदद के लिए आवाज दी, तब पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, तो वह भागने लगा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया।

**बदमाश ने एक महिला का वेश किया धारणः** प्रारंभिक जांच में पता चला कि बदमाश ने एक महिला का वेश धारण कर रखा था। उसकी पहचान लक्ष्मण कुमार के रूप में हुई। ये मोरा तालाब पचासा थाना भागन बिगहा का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है। नूरसराय थाना के थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि बदमाश का इरादा लूट करने का था।

# शोषितों के मसीहा जगदेव प्रसाद की 50वीं पुण्यतिथि, बिहारशरीफ में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ

निज संवाददाता। नालंदा




बिहारशरीफ में शोषित समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक और राजनेता जगदेव प्रसाद की 50वीं पुण्यतिथि पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय मंगला स्थान के निकट स्थित एक निजी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सम्राट अशोक जागृति मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दामोदर प्रसाद, सेवानिवृत्त एडीएम लक्ष्मण भक्त, मंच के अध्यक्ष शिवकुमार कुशवाहा और प्रो. सच्चिदानंद प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

**कार्यक्रम में जगदेव प्रसाद के कामों को यादः** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दामोदर प्रसाद ने अपने संबोधन में जगदेव प्रसाद को बिहार के एक क्रांतिकारी नेता के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर 1974 का दिन बिहार के इतिहास में एक काला दिन था। जब सामंतवादी ताकतों ने खुले मंच पर जगदेव जी को गोली का शिकार बनाया था। उन्होंने सिर पर मैला ढोने की कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाने का साहसिक कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज पूरे देश में यह प्रथा समाप्त हो गई है।

**शोषित दल के लोगों का उत्थानः** पूर्व एडीएम लक्ष्मण भक्त ने 60 और 70 के दशक में जगदेव प्रसाद के नेतृत्व में हुए सामाजिक परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जगदेव प्रसाद और जगदीश मास्टर जैसे नेताओं ने सामंती व्यवस्था के खिलाफ बिगुल फूंका, जिसने पूरे भारत में ऐतिहासिक परिवर्तन की नींव रखी। प्रो. सच्चिदानंद प्रसाद ने जगदेव प्रसाद के राजनीतिक जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि जगदेव बाबू और कर्पूरी ठाकुर की रणनीति के कारण बिहार में पहली गैर-कांग्रेसी सरकार का गठन संभव हुआ। विचारधारा के मतभेद के कारण बाद में उन्होंने 'शोषित दल' के नाम से एक नई पार्टी की स्थापना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिवकुमार कुशवाहा ने जगदेव प्रसाद को एक महान राजनीतिक दूरदर्शी बताया।

उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू हमेशा शोषित समाज की भलाई के लिए सोचते थे और इसके लिए उन्होंने किसी भी पार्टी या विचारधारा को अपने लक्ष्य से ऊपर नहीं रखा। इस अवसर पर प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रकाश प्रसाद, अधिवक्ता पवन कुमार, अधिवक्ता कल्याण प्रसाद, संजय मेहता, जगलाल चौधरी और दिलीप कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.** 176_2024–25, **दिनांक** 04.09.2024, वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण** : एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन ड्रेनेज सिस्टम के सुधार के लिए ब्रिज नं. 1 से 6 के सभी ड्रेन एवं वाटरवे के साथ रानी झील की डिसिल्टिंग (कीचड़ निकालना)। **अनुमानित मूल्य :** रु.53,83,323.87, **बयाना राशि:** रु. 1,07,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 27.09.2024 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-266/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# चोरों ने 20 लाख के जेवरात और कीमती सामान पर किया हाथ साफ

» चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने और 50 हजार नगद, पीतल के बर्तन आदि समेटकर रफूचक्कर हो गय।



निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिले में चोरों का आतंक प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। चोर बेखौफ होकर एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रोह थाना क्षेत्र के सुंदरा गांव का है, जहां बेखौफ चोरों ने बीती रात एक मकान में छत से घर में घुसकर अंदर सो रहे लोगों को बाहर से बंद कर जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 20 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने और 50 हजार नगद, पीतल के बर्तन आदि समेटकर रफूचक्कर हो गय। चोरी की वारदात रोह थाना क्षेत्र के सुंदरा गांव की बताई जाती है। पीड़ित गृहस्वामी गोरे लाल महतो ने बताया कि परिवार के सभी लोग घर के दालान में सो रहे थे, तभी देर रात चोर आया और शातिराना तरीके से नकदी समेत लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पीतल के बर्तन आदि चुराकर फरार हो गया, जिसकी किसी को भनक भी नहीं लगी। सुबह जब परिवारजनों की नींद खुली तो सभी के कमरे बाहर से बंद पाए गये और घर का सामान बिखरा हुआ था। परिवार के लोगों को शंका हुई तो उन्होंने सारे सामान की जांच की तो उसमें ज्वेलरी सहित नकदी आदि गायब मिले। पड़ोसी की मदद से घर वालों को बंद कमरे से बाहर निकाला गया, जिसके बाद पीड़ित परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम का सहयोग ले रही है। पीड़ित गृहस्वामी के घर से चोरी हुई दो अटैची और कपड़े आदि घर से कुछ दूरी पर बिखरे पड़े मिले हैं। रोह थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ित गृह स्वामी के आवेदन के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि काफी जल्द चोरी खुलासा किया जाएगा।

# गुरु के बिना कोई भी ज्ञान सम्भव नहीं

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित शिक्षक दिवस के अवसर पर आवासीय मॉर्डन इंग्लिश स्कूल, पन्डपा में गुरुवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्रा, निदेशक कृष्ण देव शर्ममन चक्रवर्ती, विद्यालय प्राचार्य कुमकुम कुमारी, उप प्राचार्य राहुल देव शर्ममन चक्रवर्ती, पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्री कांत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यकितत्व पर प्रकाश डालें। मौके पर विद्यालय निदेशक कृष्णदेव शर्ममन चक्रवर्ती ने प्रखंड के विभिन्न गांवों के 40 पेंशनरों को शाल व डायरी देकर सम्मानित किया, वही पांच सेवानिवृत्त शिक्षकों को छड़ी, शाल, डायरी देकर सम्मानित किया। इस दौरान मैट्रिक व इंटर में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले दर्जनों छात्र व छात्राओं को डायरी देकर मनोबल बढ़ाने का काम किया।मौके पर विद्यालय के छात्र व छात्राओं में सोहानी,कृष्का अनमोल, अंकित समेत अन्य ने रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर शिक्षक अभिषेक कुमार, कुंदन कुमार, संजय कुमार ख़ुशी कुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने भाग लिए। वही सेवानिवृत्त शिक्षकों में श्री कांत सिंह,फणीन्द्र मिश्र, उपेन्द्र सिंह, रामधनी प्रसाद, नरेश सिंह, कृष्ण कुंमार अरुण, कामता प्रसाद, परमेश्वर राम समेत अन्य सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# तीन दिन के अंदर बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र निर्गत करेंगे प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को प्रखंड समन्वयक समिती की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रभारी बीडीओ देवानंद कुमार सिंह ने की।इस दौरान प्रभारी बीडीओ ने कहा स्कूली बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र बनाने में काफी परेशानी हो रही है, उस समस्या को समाधान करने के लिए प्रखंड कार्यालय में एक काउंटर खोला गया है, उस काउंटर पर एक पदाधिकारी व एक कर्मी को प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि छूटे हुए बच्चों को जन्म प्रमाणपत्र बन सके। विद्यालय के प्रधान शिक्षकों का दायित्व है कि वैसे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र के लिए प्रपत्र काउंटर पर जमा करे, तदोपरान्त प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी तीन दिनों के अंदर जन्म प्रमाणपत्र निर्गत करेंगे। उधोग विभाग से पीएम विश्वकर्मा योजना का ऑनलाइन आवेदन हुआ है, सभी पंचायत सेवक उन सभी आवेदन को एक सप्ताह के भीतर सत्यापन कर जमा करेंगे।कहा गया इस प्रखंड में दो पंचायत सरकार भवन के लिए चयनित किया गया है, जिसमे कहुआरा व पेश पंचायत है, कुछ त्रुटियां रह गई है, पंचायत सचिव उस पंचायत का त्रुटि को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करे, ताकि जिला पंचायती राज कार्यालय नवादा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा सके। त्रुटि दूर होने पर उस पंचायत में पंचायत सरकार बन सके। सीओ ने कहा भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, सभी रैयत अपनी भूमि का कागजात सही करा कर सर्वेक्षण के दौरान जमा अवश्य कर दे। इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर सीओ मो0 रईस आलम, सीडीपीओ मंजू कुमारी, प्रभारी बीएओ अंजली शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

## दायबिगहा स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)** प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय दायबिगहा में 5 सितंबर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिवार द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित के उन्हें याद कर नमन किया। विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली बच्चों ने स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के महान शिक्षाविद और भारत के पूर्व राष्ट्रपति थे। 5 सितंबर इस दिन शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। हम इस दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हैं। शिक्षक मार्गदर्शक होते हैं जो हमें सही दिशा दिखाते हैं। हमें जीवन के कठिन मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी मेहनत का फल हम जीवन में पाते हैं। इस अवसर पर स्वर्णलता कुमारी, भारती कुमारी, वंदना कुमारी, जितेंद्र कुमार, चन्दन कुमार गुप्ता, प्रियंका कुमारी, आसुतोष उपाध्याय, आराधना कुमारी, संजय कुमार, पंकज कुमार, तरुण कुमार, राधा कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## बच्चों में अच्छे संस्कार गुरु से ही मिलता

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** पूर्व राष्ट्रपति डा0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जयंती पर आयोजित शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को नारदीगंज बाजार स्थित सीएमआई में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें। निदेशक शैलेश कुमार, शालिग्राम प्रसाद, रामाशीष यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में डीपीआरओ से विचार विमर्श किया गया। कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने उन्हें विस्तृत रूप से बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने हेतु होर्डिंग/फ्लैक्स, ऑडियो, पम्पलेट आदि के माध्यम से विशेष प्रचार-प्रसार करें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सकें और दिनांक 14.09.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अमरनाथ कुमार प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, नवादा के अतिरिक्त जिला जन सम्पर्क कार्यालय, नवादा के कर्मी शशि कुमार, रजनी कुमारी, कमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

# 225 लीटर शराब लदे तीन बाइक जब्त, दो शराब तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



थाना क्षेत्र के हरदिया डैम के बगल स्थित सड़क पर से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं पीएसआई रौशन कुमार ने तीन बाइकों पर लदे कुल 225 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। वहीं मौके से दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक शराब तस्कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों की सहायता से शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री, भंडारण एवं सेवन के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। गुप्त सूचना के आलोक में हरदिया डैम के रास्ते से 95 लीटर शराब लदे एक ग्लैमर बाइक को जब्त किया गया। साथ ही शराब परिवहन में जुटे एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान रामदासी गांव निवासी कुलदीप यादव के पुत्र नीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गुरुवार के दिन दोपहर लगभग 2 बजे हरदिया डैम के रास्ते शराब परिवहन गुप्त सूचना मिली। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर पीएसआई रौशन कुमार को पुलिस बलों के साथ भेजा गया। छापेमारी के दौरान दो बाइकों पर लदे कुल 130 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। साथ ही भाग रहे दो शराब तस्करों में एक को खेतों में खदेड़ कर पकड़ा गया। जबकि दूसरा शराब तस्कर जंगली रास्तों की मदद से भागने में सफल रहे। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान भौर गांव निवासी बालेश्वर यादव के पुत्र राजदेव यादव के रूप में हुई है। वहीं भागने वाले शराब तस्कर की भी पहचान की जा चुकी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं बाइकों के अलावे गिरफ्तार दोनों शराब तस्कर एवं भागने वाले शराब तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि गिरफ्तार शराब तस्करों को स्वास्थ्य जांच के बाद जेल भेज दिया जाएगा।

# टीएसएम कम्प्यूटर सेंटर के द्वारा शिक्षक सम्मान सप्ताह का आयोजन

निज संवाददाता | (कौआकोल) नवादा

बिहार कौशल विकास मिशन के निर्देश पर प्रखण्ड के गायत्री बालिका इंटर विद्यालय कौआकोल में कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण केंद्र टीएसएम कम्प्यूटर सेंटर कौआकोल के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके तहत छात्र-छात्राओं के बीच ई-टेस्ट का आयोजन कर बच्चों के बीच प्रमाण-पत्र एवं उपहार का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकों के अलावे प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक चंद्रिका प्रसाद, समाजसेवी शिक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद थे। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई एवं केक भी काटा गया।



## पुलिस ने चार फरार वारंटी की किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से अलग अलग मामलों में फरार चल रहे चार वारन्टी को नरहट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि विभिन्न जगहों से चार फरार वारन्टी को गिरफ्तार किया गया है। कानूनगो बिगहा गांव से मोहन यादव और सियाराम यादव उर्फ लालू यादव, छोटी पाली गांव से संटू कुमार और तारोपुर गांव से संजय कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# शिक्षक दिवस पर राजकीय सम्मान से सम्मानित किये गए शिक्षक संतोष वर्मा

मिथलेश कुमार | नवादा





शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने एवं एक दशक से अधिक समय से विभिन्न राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेकर खिलाड़ी एवं कोच के रूप में अपनी प्रतिभा एवं मेहनत के बल पर स्थापित होने वाले शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित राजकीय सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्दार्थ से सम्मानित हुए। राजकीय सम्मान ने अभिभूत शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने कहा की राजकीय सम्मान मेरे लिए बेहद खास है। उन्होंने कहा की अगर आप किसी क्षेत्र में आगे बढ़ते हैं तो सम्मान आपके लिये संजीवनी का कार्य करती है। आप में अतिरिक्त ऊर्जा का संचार होता है। और आप बेहतर देने का प्रयास पूरी निष्ठां एवं ईमानदारी के साथ करते हैं। उन्होंने कहा की आगे और भी कटिबद्धता के साथ बेहतर करने की प्रेरणा यह सम्मान दे रहा है। राजकीय सम्मान मेरे जीवन का एक पड़ाव जरूर है लेकिन बच्चों के बीच चहेते शिक्षक के रूप में अपनी पुख्ता पहचान बना लेना मेरे जीवन की असल ताकत है। बच्चों से मिलने वाला सम्मान ही मेरी ऊर्जा है। जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन में 15 वर्षों तक अहम योगदान देता रहा हूं। इसके अलावा जिला स्तर पर एवं मुख्यतः खेल के क्षेत्र के लिए संतोष का चयन किया गया है। उनकी सामाजिक व शैक्षणिक उपलब्धियां भी सराहनीय है। बच्चों के बीच चहेते शिक्षक के रूप में पहचान रखते हैं। उन्होंने कहा की विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग तरह की प्रतियोगिता कराता रहा हूं, जिससे मेरी विशिष्ट पहचान बनती गई। निबंध प्रतियोगिता, संगीत प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता भी शामिल है। श्रुतिलेख प्रतियोगिता आदि निरंतर आदि का सीधा लाभ जिले की प्रतिभाओं को प्रदान करना ही मेरा लक्ष्य रहा है। लड़कियों के लिए गुड टच बैड टच, चाइल्ड एब्यूज, सेल्फ डिफेंस टेक्नीक, महिला सुरक्षा आदि नवादा जिले के इंटर विद्यालय आंती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा का चयन राजकीय शिक्षक सम्मान के लिए किया गया था। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष यह सम्मान उन शिक्षकों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने स्तर से शिक्षा, समाज, खेल आदि के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया हो। वर्ष 2024 के राजकीय शिक्षक सम्मान के लिए नवादा जिले से सिर्फ एक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा का चयन किया गया था। विगत एक वर्ष से इंटर विद्यालय आंती के विद्यार्थियों के लिए समर्पित हैं। राजकीय सम्मान अपनी झोली में डाल पाने में सफल रहे संतोष अब तक 30 से ज्यादा बार राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ी कोच एवं रेफरी के रूप में भाग ले चुके हैं। उनके मार्गदर्शन और निर्देशन में कई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने सम्मानजनक पदक जीता है। जबकि सैकड़ों राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हजारों खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर उपलब्ध कराते हुए उनके माध्यम से अनेकों पदक जीतने का भी मौका उपलब्ध कराने में संतोष सफल रहे हैं। संतोष को अब तक कई राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिल चुके हैं। इस ताजा उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रचनात्मक एक्टिविटी के माध्यम से पढ़ाई और स्मार्ट क्लास का पूर्ण उपयोग समेत रोचक असेंबली, नवाचारी युवाओं के लिए क्लब निर्माण में भी अहम भूमिका निभाया है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्लेटफार्म उपलब्धता तथा खेल-खेल में पढ़ाई के मोटिवेशनल क्लास और जागरूकता ही बचाव कार्यक्रम आदि का आयोजन भी राजकीय शिक्षक सम्मान का कारण बना है। राजकीय सम्मान से सम्मानित होने पर इंटर विद्यालय आंती के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने ख़ुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दिया है। वहीं कुशवाहा सेवा समिति के अध्यक्ष महेशवर प्रसाद, सचिव विजय प्रसाद, अरूंजय मेहता, मनीलाल कुशवाहा, वैजनाथ कुशवाहा, ललिता कुमारी, अंशु लता, डॉली कुमारी, दीपक कुमार, रामचंद्र कुमार सोनी सहित दर्जनों लोगों ने बधाई संदेश दिया है।

### संतोष कुमार वर्मा का परिचय

शिक्षक दिवस के अवसर पर इंटर विद्यालय आंती के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस सिद्धार्थ के द्वारा सम्मानित किया गया। नरहट चांदनी चौक के रहने वाले मुकेश कुमार वर्मा और मुसाफिर प्रसाद एवं धनवंती देवी के पुत्र संतोष कुमार वर्मा को शिक्षा खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए यह सम्मान दिया गया। वर्ष 2001 में पहली बार खिलाड़ी के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं 2004 से कोच व रेफरी के रूप में कार्य कर रहे हैं अब तक सैकड़ो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करवाए हैं। जिसमें पांच बार राष्ट्रीय पदक भी प्राप्त है हजारों खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग दिलवाए हैं जिसमें कई दर्जनों बार विजेता और उपविजेता होने का गौरव प्राप्त है, चाहे खेल हो या शिक्षा आज तक किसी भी खिड़की से एक रुपया भी फीस के रूप में नहीं लिए हैं वही विद्यालय की बात की जाए तो विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच अनुशासन बनाए रखने में इनका अहम योगदान होता है, विद्यालय में वृक्षारोपण, विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिता, जागरूकता कार्यक्रम, हुनरबंद बच्चों को जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर पहुंचाना, नवाचार, खेल-खेल में पढ़ाई, गतिविधि के माध्यम से पढ़ाई, रोचक असेंबली, मोटिवेशनल क्लास वही सामाजिकता की बात की जाए तो गांव-गांव घूम कर युवाओं के लिए क्लब का निर्माण, नशा मुक्ति रैली साइकिल रैली, मैराथन रेस आदि का कार्यक्रम इनके द्वारा कराया जाता है। इनके पास अब तक 650 प्रमाण पत्र प्राप्त किया हैं प्रेस विज्ञप्ति की बात की जाए तो प्रेस इनके पास अब तक 3000 से ज्यादा कटिंग है जो यह दर्शाता है कि इन्होंने अब तक कितना कार्य किया है। दर्जनों बार कई टीवी चैनलों में उनकी उपलब्धि को दिखाया गया है। तीन-चार पत्रिका में भी उनके जीवनी छुपी हुई है उन सभी उपलब्धियां के साथ 2024 के लिए राजकीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि यह सम्मान मेरे दादा लखन प्रसाद एवं दादी फुलेश्वरी देवी को समर्पित है।

# गर्भवती महिलाओं व धात्री माताएं पौष्टिक आहार अवश्य लें

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

बाल विकास परियोजना कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को पोषण माह के अवसर पर पोषण मेला का आयोजन किया गया। प्रभारी बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, सीडीपीओ मंजू कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किये। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार आर्य, महिला पर्यवेक्षक शबा परवीन, लिपिक सुशील कुमार चौधरी, डाटा ऑपरेटर विजयानंद प्रियदर्शी समेत अन्य रहे। इस मौके पर हरी सब्जियों के अलावा अन्य पौष्टिक अनाज का बेहतरीन स्टॉल लगाकर कुपोषण से दूर करने लिए पौष्टिक आहार लेने की जानकारी और उसके गुणों को साझा किया गया।बीडीओ ने कहा पौष्टिक आहार के सेवन से कुपोषण दूर होता है, आप अपने दैनिक जीवन में भोजन के समय नियमित तौर पर पौष्टिक आहार जरूर लें। वही सीडीपीओ ने इस मौके पर गर्भवती धात्री व शून्य से छह वर्ष के बच्चों को कुपोषण से मिटाने हेतु विस्तार से बताया गया। सीडीपीओ ने कहा पंचायत स्तर पर होने वाले सभी गतिविधियों को व्यापक रूप से पूर्ण करने का निर्देश सभी आंगनबाड़ी सेविका को दिया और उसे एंट्री पोषण अभियान डायस पर करने का निर्देश दिया। कहा कि यह कार्यक्रम एक सितंबर से शरू हुई है, जो आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पोषण मेला आयोजित होगी। इस दौरान अन्नप्राशन व गोद भराई की रस्म को अदा कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। मौके पर सेविका रूबी देवी, निभा कुमारी, गीता शर्मा, शोभा कुमारी, कुमारी पूजा, नीलम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी समेत अन्य रहे।

# शिक्षक दिवस पर याद किये गए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी एवं निजी विद्यालयों में गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। साउथ सीटी स्कूल के रविंद्र कुमार, प्राचार्य पवन कुमार व उप प्राचार्या इंदु देवी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।साथ ही डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पट पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण का कार्य किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, केसराज सराफ, नीरज कुमार, सूरज कुमार, संतोष कुमार एवं शिक्षिकाएं मालती देवी, मधु देवी, शाइस्ता प्रवीण आदि ने भी शिक्षक दिवस के अवसर पर पुष्प अर्पित कर शिक्षकों के प्रति सम्मान आदर का भाव व्यक्त किये। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें उपहार भी भेंट की। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कुमार के द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य बनाने के लिए शिक्षण मंडली वह सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक सम्मान के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं.– 24 ऑफ 2024–25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–08–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–24–25. कार्य का नाम एवं लोकेशन : आरा–सासाराम अनुभाग में पुलों (10 संख्या) का पुनर्निमाण/मजबूतीकरण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹2,30,36,187.78, धरोहर राशि : ₹2,65,200.00
2. निविदा सं.–09–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–24–25. कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/I/डीडीयू के अधीन जी.सी सेक्शन में ओ.आर.एन–3 पुलों (पुल सं.–630, 654, 724 और 730) का पुनर्निमाण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,98,31,177.80, धरोहर राशि : ₹2,49,200.00
3. निविदा सं.–17–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–24–25. कार्य का नाम एवं लोकेशन : डी.डी.यू डिवीजन में यार्डों में गति बढाने के लिए गया यार्ड में बॉटलनेक को डीबॉटलिंग करने के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹14,70,000.00, धरोहर राशि : ₹29,400.00
4. निविदा सं.–18–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–24–25. कार्य का नाम एवं लोकेशन : डी.डी.यू डिवीजन में 1.4 डिग्री और शार्पर के कर्व को पुन संरेखित करके पी.एस.आर. हटाने के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹19,20,000.00, धरोहर राशि : ₹38,400.00
5. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 24.09.2024 को 12:00 बजे तक। 6. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/01056/डीडीयू/अभि./टी/24–25/56

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### घर-घर के बाबा शिव हैं

**आरा।** शिव शिष्यता के प्रणेता, साहब श्री हरीन्द्रानंदजी की पावन स्मृति में, वैश्विक शिव शिष्य परिवार द्वारा शिव गुरु परिचर्चा दुर्गा बाजार, चांदी में हुआ। गुरु भाई उमेश जी ने कहा कि साहब श्री ने एक-एक व्यक्ति को शिष्यता के सूत्र में शिव से जोड़ने का प्रयास किया है। घर-घर के बाबा शिव जिन्हें भारतीय परंपरा गुरु आदि गुरु, गुराधिपति कहती आई है, उनके गुरु पद से हम सभी विस्मृत हो गये हैं। अजय गुप्ता ने कहा शिव को अपना गुरु बनाने की दिशा में मात्र मन ही साधन है व्यक्ति के मन में शिव को अपना गुरु मानने का संकल्प यदि लंबे समय तक स्थिर रहता है तो वाह्य साधन की कोई आवश्यकता नहीं है। साहब श्री हरीद्रानन्द जी के अनुनय "आओ चलें शिव की ओर" इस संकल्प को आत्मसात् करने में शिव शिष्य परिवार के सभी ने अपना योगदान किया।

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का पुतला दहन



**आरा।** आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरा में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का पुतला जलाया। बेगूसराय के पूर्व जिलाध्यक्ष मो सैफी को केंद्रीय मंत्री द्वारा हमला करने के झूठे आरोप में जेल भिजवाने का आरोप लगाया। मौके पर सभा हुई जिसमें वक्ताओं ने कहा कि अपने क्षेत्र और पुल-पुलियों के गिरने की शिकायत लेकर और जनता की समस्याओं के समाधान हेतु मो सैफी सांसद के जनता दरबार में गये थे। इसका सैफी ने विरोध किया तो सांसद समर्थक उनसे मारपीट की और पुलिस से झूठी एफआईआर करा जेल भिजवा दिया। सांसद सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाकर अपनी रोटी सेंकना चाहते हैं जो भाजपा की भी राजनीति है।

### डेंगू और चिकनगुनिया नियंत्रण के लिए दिया गया प्रशिक्षण, दिए गए निर्देश



**आरा।** सदर अस्पताल के मलेरिया कार्यालय में डेंगू एवं चिकनगुनिया नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण हुआ। अध्यक्षता एसएमओ डॉ केएन सिन्हा ने किया। शिविर में आशा को डेंगू एवं चिकनगुनिया नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण दिया गया। डॉ केएन सिन्हा ने बताया कि आपको मच्छर जनित रोग होने से समाज को बचाना है। कहीं पानी जमा नहीं हो। अगर जमा पानी हो तो वहां पर किरासन तेल, पेट्रोल, डीजल या पुराना मोबिल डाल दे। शंका होने पर मच्छर के लारवा की सैंपल कलेक्ट करके जांच कराए। अभी मच्छर जनित बहुत रोग चल रहा है फिर भी हमें डेंगू और चिकनगुनिया के बारे में काफी सजग रहना है। क्योंकि यह दोनों बीमारी जानलेवा भी हो सकते हैं। इसमें प्लेटलेट की संख्या कितना काम हो जाती है। एसएमओ डॉ सिन्हा ने कहा कि आशा की हर मांग को पूरी की जाएगी और उच्चाधिकारियों से उनकी समस्याओं के निदान हेतु लिखित आवेदन दी जाएगी एवं सहयोग मांगी जाएगी। मौके पर उपस्थित मलेरिया विभाग के अमित पटेल, संतोष, कुमारी प्रियंका ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी।

### हरितालिका तीज के उपलक्ष्य में खूब बिके सोने-चांदी के गहने



**आरा।** हरितालिका तीज को लेकर ज्वेलरी की दुकानों पर भीड़ रही। लालू शाह एंड संस ज्वैलर्स, साड़ी वाला, जेल रोड में महिलाओं के सौभाग्य में वृद्धि के लिए सोलह श्रृंगार करने के लिए सोने एवं चांदी की खरीदारी के लिए बुधवार को भीड़ लगी रही। लल्लू साह एंड सन्स ज्वेलर्स के प्रोपराइटर दीपक कुमार अकेला ने बताया कि सोने-चांदी के फैंसी गहने खरीदने से 13 गुणा ज्यादा समृद्धि एवं संपन्नता व खुशहाली आती है। हमारे प्रतिष्ठान में हॉलमार्क एचयूआईडी के गहने एवं शादी विवाह के वेडिंग्स कलेक्शन एडवांस बुकिंग हो रही हैं। तीज के उपलक्ष्य में घने एवं कपडे की अच्छी बिक्री हुई है। सोने के फैंसी गहने जैसे मुंबई नेकलेस, मद्रासी झुमका, जयपुरी मांगटीका, मुंबई का मंगलसूत्र, राजकोट की बालियां, जोधा अंगूठी, महाराजा अंगूठी, , गाउन, एवं बच्चों के रेडीमेड कपड़े, सूट शेरवानी, कम दामों में उपलब्ध है। मौके पर धीरज कुमार स्वर्णकार, प्रकाश सोनी, जीतू भाई, गणेश प्रसाद, महेश प्रसाद, लूलू बाबू उर्फ राजलक्ष्मी, प्रतीक राज, समाजसेवी व अन्य लोग रहे ।

### आजाद पासवान के हत्यारोपी ने किया सरेंडर, 6 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

**बक्सर।** पूर्व नक्सली आजाद पासवान का हत्यारोपी सोनू तिवारी ने आज कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। हत्या को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन और पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण उसे ऐसा करना पड़ा है। सोनू सिकरौल थाना के पतरकोना गांव निवासी स्व .लक्ष्मण तिवारी का पुत्र है। मामले को लेकर शहर में इस बात की चर्चा हो रही है कि सोनू तिवारी ने आजाद पासवान की हत्या कर अपने पिता के मौत का बदला तो नहीं लिया है। पुलिस इस हत्या की जांच पूरी गंभीरता से कर रही है। पिछले महीने पूर्व नक्सली आजाद पासवान की हत्या हुई। पुलिस को दिए बयान में उसने बताया था कि मेरी हत्या में सोनू तिवारी का हाथ है। बता दें कि साल 2006 में पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद सोनू तिवारी के पिता लक्ष्मण तिवारी की हत्या हुई थी। जिसका आरोप पूर्व नक्सली आजाद पासवान पर है। बता दें कि 7 अगस्त को डुमरांव अनुमंडल के वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत परसागंडा निवासी पूर्व नक्सली एरिया कमांडर सह सुभासपा नेता आजाद पासवान को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। जिसके बाद इलाज के दौरान पटना में उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजन, समर्थक और पार्टी के लोग गुस्से में आ गए और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भारी बवाल किया। इस मामले में बुधवार को 6 नामजद आरोपी में एक आरोपी सोनू तिवारी ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता बबन ओझा ने बताया कि आजाद पासवान की पत्नी कलावती देवी ने पति की हत्या के मामले में छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें परसागंडा निवासी नीरज प्रधान, सुरेश प्रधान, जंगली प्रधान, नवीन प्रधान और पतरकोना निवासी सोनू तिवारी और लल्लू तिवारी का नाम शामिल है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस की दबिश बढ़ने से बुधवार को एक अभियुक्त ने कोर्ट में सरेंडर किया है। गिरफ्तारी नहीं होने की स्थिति में पुलिस कुर्की जब्ती की तैयारी में है। जिसको लेकर माना यह जा रहा है कि फरार चल रहे अन्य आरोपी भी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सकते है।



# CM नीतीश से नाराज हुए सासंद सुदामा प्रसाद, बोले- समय की कमी थी तो पटना से ही बैठकर रिमोट दबा देते

निज संवाददाता। आरा



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गुरुवार को आरा पहुंचे। यहां 57 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मौके पर आरा के सांसद सुदामा प्रसाद भी मौजूद थे। लेकिन वे इस बात से नाराज हो गए की सीएम के बॉडीगार्ड ने कोई भी MP, MLA और गरीबों को नीतीश कुमार से मिलने नहीं दिया। माले नेता सुदामा प्रसाद ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में उन्हें बुलाकर अपमान किया गया है। MP, MLA तो छोड़िए जनता का भी अपमान किया गया है। मुख्यमंत्री से मिलने तक नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि बहुत तामझाम की जरूरत ही नहीं थी। वो मुख्यमंत्री हैं, इसलिए समझ सकते हैं उनके पास समय का आभाव है। वो अपना और समय बचा सकते थे, चाहते तो पटना से बैठकर ही सारी योजनाओं का शिलान्यास कर सकते थे।

**12 थानों में 20 सीटेड महिला बैरक के निर्माण का शिलान्यास:** दरअसल, गुरुवार को सीएम नीतीश ने आरा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस का उद्घाटन किया। 12 थानों में 20 सीटेड महिला बैरक के निर्माण का शिलान्यास किया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं में लाभुकों को राशि का वितरण किया।

**सासंद सुदामा प्रसाद का सीएम नीतीश पर फूटा गुस्सा:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़हरा में बने एक पंचायत भवन का भी उद्घाटन किया। इसी दौरान जब वे उद्घाटन करने के लिए जैसे ही अपनी गाड़ी से उतरे तभी वहां मौजूद उनके कमांडर ने मौके पर मौजूद MP, MLA, जनता को साइड करना शुरू कर दिया। इसी को लेकर माले नेता सुदामा प्रसाद नाराज हो गए। उन्होंने सीएम नीतीश पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर वो सिर्फ यहां रिमोर्ट दबाने आए थे, तो पटना सीएम हाउस से ही दबा देते। यहां आने की क्या जरूरत थी। इतना तामझाम करने की क्या जरूरत थी। एमपी, विधायक को कमांडो ठेल कर भगा दे। जनता को ये लोग क्या समझते हैं। जनता का संबोधन, नियंत्रण नेता करता है न कि कमांडो करेगा। प्रोटोकॉल है तो ठीक है। आप 1000 और कमांडो रखिए, 5000 CRPF के जवान रखिए। लेकिन आप MP, MLA को जो न्योता देकर बुलाए हैं उनका क्या। यहां बाढ़ का हाहाकार मचा हुआ है। बांध तोड़कर गंगा शहर की तरफ भाग रही है। गांव डूब रही है। जनता का दुखड़ा आप सुनिएगा या नहीं सुनिएगा। किसानों की क्या स्थिति है। पूरा इलाका जलमग्न हो गया है। इस पर कोई बात नहीं हुई और न ही कोई चर्चा हुआ। चर्चा तब होगी न जब आप मिलिएगा और रुकिएगा कहीं। इनके लिए जनता सिर्फ वोट देने के लिए है। दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा वोट के लिए। हमलोग सीएम नीतीश को गुलदस्ता देने के लिए बाहर खड़े थे। हमने 3-3 बार प्रयास किया। लेकिन हमें ठेल कर बाहर खदेड़ दिया गया हमको। ठीक है, कोई बात नहीं। ये मान-अपमान की बात है। जिन्होंने वोट दिया, उनलोगों के अपमान का ये सवाल है। हम मुख्यमंत्री नीतीश से कहेंगे कि उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री आए थे, वो भी ध्यान आकर्षित कर रहे थे। हम दूर से उन्हें प्रणाम किए थे। यहां मंच लगाना चाहिए था। बैठना चाहिए था। आपके कार्यक्रम में कौन व्यवधान कर देगा। और व्यवधान क्या ये कमांडो संभालेगा।

**एनडीए के कार्यकर्ताओं ने सीएम का किया स्वागत:** नीतीश कुमार सुबह 10 बजे आरा पहुंचे। इसी बीच योजनाओं का निरीक्षण किया है। सीएम ने वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी के नए कैंपस में 555 करोड़ की लागत से बन रहे मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहे मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद नीतीश कुमार बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर पंचायत में नए पंचायत सरकार भवन पहुंचे। जहां NDA के कार्यकर्ताओं ने नीतीश कुमार के जिंदाबाद के नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, अवधेश नारायण सिंह, राधा चरण शाह और बीडी सिंह ने बुके देकर सीएम का स्वागत किया। नीतीश कुमार ने बखोरापुर में मां काली के मंदिर में दर्शन किया है।

♦ MP-विधायक को कमांडो ठेल कर भाग गए

**निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण:** मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से सुबह 10 बजे आरा शहर के जीरो माइल पहुंचे। 10:45 मिनट में जीरो माइल स्थित निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल का निरीक्षण किया। बता दें कि 555 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल का निर्माण काम शुरू हो गया है। डीएम ने भवन निर्माण से संबंधी मैप भी जारी किया था। मेडिकल कॉलेज बनने से भोजपुर सहित पड़ोसी जिले के लोगों को फायदा मिलेगा। मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने के बाद फिर सीएम 11 बजे जीरो माइल से बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर गांव के लिए सड़क मार्ग से निकले। 11:20 मिनट में विकासात्मक योजनाओं का निरीक्षण, उद्घाटन, शिलान्यास और विभिन्न विभागों से संबंधित लाभुकों को सेवा प्रदान किए जाने के लिए वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**5,64,02,750 रुपए से होगा निर्माण कार्य:** बता दें कि खवासपुर थाना भवन आउट हाउस का 5,64,02,750 रुपए से निर्माण कार्य होगा। बबुरा थाना भवन और आउट हाउस 5,11,75,400 रुपए से निर्माण काम होगा। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 110 लाभुकों को 3,76,00,000 राशि का वितरण हुआ। कुल 15 करोड़ 66 लाख 57 हजार 650 रुपए के योजनाओं का शिलान्यास किया गया। 41 करोड़ 63 लाख 86 हजार रुपए के योजनाओं का उद्घाटन किया गया है।

**50 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चलित ट्राई साइकिल का वितरण:** आरा नवादा थाना में 20 सीटेड महिला बैरक का 59,07,950 रुपए से निर्माण कार्य होगा। जीविकोपार्जन के तहत 600 लाभुकों को 1,84,36,000 राशि दिया गया है। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 105 लाभुक को 1,31,25,000 की लागत की चाबी का वितरण हुआ। 1500 भूमिहीनों को पर्चा वितरण किया गया है। 50 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्राई साइकिल का दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कोईलवर स्टेशन स्थित अप लाइन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के नया हरीपुर गांव वार्ड नंबर-12 निवासी शिव प्रसाद राय का 40 वर्षीय बेटा होती राय है।

वह गांव में ही दुकान चलाते थे। मृतक के भतीजे वीर बहादुर कुमार ने बताया कि वह कोईलवर स्टेशन से ट्रेन से आरा शहर स्थित गोढना रोड अपने रिश्तेदार के घर गाय खरीदने के लिए जा रहे थे। तभी ट्रेन पर चढ़ने के दौरान असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़े। जिससे उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों से उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। सूचना पाकर जब परिजन वहां पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वह उनके चाचा है। उन्होंने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी।

सूचना पाकर आरा रेल पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने सात भाई व तीन बहन में छोटे था। उसके परिवार में पत्नी सुजांती देवी और एक लड़का छवि कुमार है। घटना के बाद मृतक की पत्नी सुजांती देवी और अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भोजपुर में दिव्यांग युवक की पीट—पीटकर हत्या, पड़ोसी पर आपसी विवाद में मर्डर का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा कला गांव में बुधवार को आपसी विवाद में पट्टीदार ने एक दिव्यांग युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इलाज के दौरान घर पर ही उसने दम तोड़ दिया। पड़ोसी पर मर्डर का आरोप है। पुलिस पूरी मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा कला गांव वार्ड नंबर-5 निवासी स्व.नथु साह का 35 वर्षीय बेटा पवन कुमार है। ये पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक की भाभी नीतू देवी ने बताया कि उनके पट्टीदार से ही पांच धुर जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर उन लोगों से बराबर झगड़ा और गाली-गलौज होता है।

**परिजनों ने पुलिस को दी सूचना:** पट्टीदार ने जमीन पर गिट्टी और बालू जबरन गिरने को ले लिए कहा था। जब उसने इसका विरोध किया, तो उनने पीट-पीटकर कर बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीण डॉक्टर से घर पर ही उनका इलाज कराया जा रहा था। तभी उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।

**पुलिस ने शव का करवाया पोस्टमार्टम:** सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया गया। दूसरी तरफ मृतक की भाभी नीतू देवी ने पट्टीदार के ही ऋषि कपूर और भाभी प्रियंका देवी पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां सुशीला देवी, दो भाई मिठू कुमार,शंकर कुमार,मीना कुंवर और रुनी कुंवर है। घटना के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं, निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन

निज संवाददाता। बक्सर

सीख रही सिलाई और कढ़ाई



महिला एवं बाल विकास निगम तथा समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा बक्सर जिले के कृष्णाब्रह्म में राष्ट्रीय राजमार्ग 922 के किनारे स्थित संपोषित मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। इस योजना से जुड़कर प्रतिदिन कई गांव की बच्चियां पढ़ाई के साथ-साथ कमाई के लिए सिलाई व कढ़ाई का हुनर सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। सरकार के सहयोग और सार्थक प्रयासों के कारण अब ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

**परिवार को आर्थिक रूप से कर रही मजबूत:** डुमरांव अनुमंडल के केंद्र कॉर्डिनेटर आशीष कुमार उर्फ बिक्की ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण से सिलाई के माध्यम से रोजगार प्रदान करने के लिए इस निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की गई है। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिल रहा है। इसका सीधा फायदा उन ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा है, जो गांव में रहकर रोजगार कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना चाहती है। सेंटर पर फ्री प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आसपास के कई गांवों से महिलाएं आती हैं। अनुभवी ट्रेनर द्वारा कपड़ों की कटिंग व सिलाई का कार्य सिखाया जा रहा है।

**4 गांव से तीस लड़कियां:** आशीष कुमार ने बताया कि फिलहाल चार गांव से तीस लड़कियां सिलाई और कढ़ाई सीखने के लिए पहुंचती हैं। सीट बढ़ाने पर काम चल रहा है। यह एक ऐसा हुनर है, जिसने बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार दिया है। आधुनिकता के दौर में सिलाई-कढ़ाई में महिलाएं परंपरा और डिजाइन के साथ पश्चिमी और स्टाइलिश कपड़ों में माहिर हो रही हैं।

## ट्रैक्टर ने साइकिल सवार स्टूडेंट को रौंदा, मौत

निज संवाददाता। आरा



आरा के सकड्डी-नासरीगंज मार्ग पर चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर बाजार पर बुधवार को बेलगाम ट्रैक्टर ने बाजार जा रही साइकिल सवार छात्रा को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक छात्रा चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार सिंह की 13 वर्षीया बेटी खुशी कुमारी है। वह छठी कक्षा की छात्रा थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह शिक्षक दिवस को लेकर साइकिल से केक लाने सलेमपुर बाजार जा रही थी। तभी पीछे से आ रही बेलगाम ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर गए।

**परिजनों ने शव का नहीं कराया पोस्टमार्टम:** सदर अस्पताल में डॉक्टर ने देख कर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत छात्रा अपने दो भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां व दो भाई रितेश,रोशन और बहन काजल है।

# जैक सिस्टम से 7 फीट हवा में उठा 24 साल पुराना मकान

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के कोइरपुरवा मोहल्ले में मकान लिफ्टिंग एंड शिफ्टिंग का जबरदस्त तरीका देखने को मिला है। जैक सिस्टम से 24 साल पुराने एक मकान को जमीन से 7 फीट ऊपर उठाया जा रहा है। मकान शिफ्टिंग के इस नई तकनीक को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। लिफ्टिंग एंड शिफ्टिंग करने वाले राजमिस्त्री चंद्र किशोर मंडल ने बताया कि वो यह काम 20 सालों से कर रहे हैं। मकान को उठाने के साथ इस तकनीक के माध्यम से मकान का दिशा बदलने से लेकर झुके हुए मकान को सीधा करने तक का काम कर सकते हैं। राजमिस्त्री ने बताया कि यह एक जापानी तकनीक है। जिसे उन्होंने चेन्नई में सीखा है। वो किसी मकान को 40 फीट आगे-पीछे पूरे चार मंजिला घर को शिफ्ट कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश और नेपाल में भी मकान लिफ्टिंग का काम चल रहा है। उनके साथ कुल चालीस लड़के हैं, जिसे उन्होंने काम दिया गया है।

**7 फीट ऊपर उठा 24 साल पुराना मकान:** मकान मालिक मुरारी सिंह ने बताया कि साल 2000 में यह मकान बनवाया था। अगल-बगल के लोगों ने बाद में ऊंचाई पर मकान बना लिया गया। नए मकानों के लेवल के हिसाब से सड़क का निर्माण हुआ। जिसकी वजह से उनका मकान सड़क से करीब 2 से 3 फीट नीचे हो गया था। बारिश होने पर पूरे घर में पानी लग जाता था। इसी दौरान मकान उठाने की तकनीक के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद चंद्र किशोर मंडल से संपर्क किया। उन्होंने जब समझाया तब मकान उठाने का काम सौंपा गया। मकान को 7 फीट ऊपर उठा दिया गया है।



**22 से ज्यादा कारीगरों की जरूरत:** राज मिस्त्री चंद्र किशोर मंडल ने बताया कि मकान उठाने के लिए 22 से ज्यादा कारीगर लगे हैं। यह मकान करीब दो कट्ठा जमीन में बनाया गया था। 24 साल पुराने मकान के सामने की निर्माण के कारण सड़क में सीमेंट फिर डामर की परत चढ़ती गई और मकान तीन फीट सड़क से नीचे हो गया। बारिश के दिनों में मकान रहने के काबिल नहीं रहता था। तब जाके मकान को जैक के सहारे उठवाने का निर्णय लिया गया। 30 से 40 दिन में मकान का लेवल सड़क की ऊंचाई से 7 फीट ऊपर हो जाएगी। अब तक 12 सौ से ऊपर मकान को शिफ्ट किया गया है।

♦ बक्सर में घर लिफ्टिंग एंड शिफ्टिंग का काम, हर मिनट पर मजदूरों को करना पड़ता है अलर्ट

**2017 में पहली बार बक्सर में उठाया गया था मकान:** कंपनी के संचालक ने बताया कि इस काम में सावधानी जरूरी है। कोई भी जैक कम या ज्यादा उठेगा तो बैलेंस बिगड़ जाएगा। इसलिए हर मिनट पर आवाज देकर प्रत्येक कॉर्नर व बीच में काम करने वाले मजदूरों को अलर्ट किया जाता है। मकान को उठाने के लिए तीन सौ से ऊपर जैक को लगाया गया है। इस मकान को ऊपर उठाने में एक महीने का समय लग गया है।फिनिसिंग करने में 10 से 15 दिन अभी और लगेगा। बता दे कि साल 2017 में बक्सर में पहले एक मंजिला मकान को जैक से उठाया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता शुल्क की वसूली में लाएं तेजी : बीडीओ

**टेटिया बंबर।** प्रखंड क्षेत्र के नोनाजी पंचायत अंतर्गत विकास भवन देवघरा में बुधवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता, कुशल युवा कार्यक्रम योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कृषि, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत स्वच्छता शुल्क, सामुदायिक स्वच्छता परिसर देख रेख आदि विषयों पर चर्चा हुई। अध्यक्षता मुखिया सुरेश यादव ने की। संचालन पंचायत सचिव विजेंद्र कुमार सिंह ने किया।

### भागलपुर में 5 जगहों पर अवैध बालू खनन, प्रतिबंधित घाटों से खनन के लिए लेते हैं 1 हजार रूपए प्रति गाड़ी



**भागलपुर।** पुलिस की लाख सख्ती के बाद जगदीशपुर नदी के घाटों से प्रतिदिन एक करोड़ रुपए की बालू चोरी हो रही है। पसार गिरोह का खौफ इतना फैला हुआ है कि प्रतिदिन ट्रक और ट्रैक्टर से अवैध बालू का उठाव किया जा रहा है। प्रशासन इसका विरोध भी नहीं कर पा रही है। दो जिलों के पांच थाना क्षेत्र सैदपुर, केता चांदपुर मेरमा, बुढ़िया नदी के समीप अवैध बालू खनन को लेकर रातभर जश्न का माहौल रहता है। इस मामले को लेकर चर्चा है कि अवैध खनन में इलाके के सुजीत यादव और पंकज यादव की मुख्य भूमिका है। ग्रामीणों ने मामले को लेकर बताया जा रहा है कि ये दोनों लोग माफियों से मैनेज कर पुलिस तक काला कमाई पहुंचाते हैं। उनका कहना है कि थाना चौकीदार भी इसमें शामिल है। लोगों ने बताया कि घाट से सटे मैदान में बड़ी ट्रक की भी लोडिंग की जाती है। जगदीशपुर पुलिस, रात गश्ती वाहन और चेक पोस्ट को मैनेज करने के बाद यह खेल रात भर चलता है। सड़क किनारे घरवाले लोगों की नींद खराब होती है। मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि हमलोग दिन भर खेत में काम करके थक जाते हैं। रात को घर सोने आते हैं तो ट्रैक्टर एवं ट्रक की आवाज से परेशान हो जाते हैं। बालू माफिया रात 10 बजे से थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास सनहोला चेक पोस्ट पर बाइक और वाहन से तैनात हो जाते हैं। जिला की तरफ से आ रही हर वाहन पर नजर रखते हैं। बलुआचक से पुरैनी और जगदीसपुर बाजार में बाइक एवं बड़ी वाहन से पुलिस की हर गतिविधि पर बालू माफिया नजर रखते हैं। जिला की टीम पर विशेष रूप से निगरानी रखते हैं। लोगों ने बताया कि सभी ग्रामीण इसकी शिकायत करने के लिए वरीय पदाधिकारी को आवेदन देने का सोच रहे है। लोगों द्वारा मिली गुप्त जानकारी में बताया गया है कि दो यादव और एक मंडल के गठबंधन में जगदीशपुर इलाके के तीन प्रतिबंधित घाट चलता है। बालू खनन करने के लिए प्रति गाड़ी मैनेज के नाम पर एक हजार से 1500 सौ रुपये लिया जाता है। इस पैसे में सभी मैनेज तंत्र शामिल हैं। बताया गया कि यहां यादव का बोलबाला ज्यादा है। उन्हें मालूम है कि वर्दीधारियों का मुंह कैसे बंद करना है।


### सितंबर में भी चलती रहेगी सरायगढ़-देवघर स्पेशल

**भागलपुर।** भागलपुर से होकर देवघर से सुपौल के सरायगढ़ के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन अब 30 सितंबर तक चलती रहेगी। ये ट्रेन सरायगढ़ से देवघर के बीच 26 फेरे लगाएगी। रेलवे ने इस ट्रेन के फेरे बढ़ाने की सूचना जारी की है। पहले इस ट्रेन के संचालन की तिथि 4 सितंबर तक ही थी। बता दें कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने ट्रेन नंबर 05573/74 के आगे भी चलाने का निर्णय लिया है। इसी तरह रेलवे ने नवगछिया होकर भी भागलपुर के यात्रियों के लिए एक विशेष ट्रेन दी है। ट्रेन नंबर 05831/32 रंगापारा नार्थ से प्रयागराज तक चलाई जा रही है। ट्रेन रविवार को सुबह 9 बजे रंगापार नार्थ से चलकर किशनगंज, कटिहार होते हुए देर रात 10:45 बजे नवगछिया पहुंचेगी। इसी तरह ये ट्रेन वापसी में सोमवार को शाम 5:40 बजे प्रयागराज जंक्शन से चलकर डीडीयू, आरा, बक्सर होते हुए मंगलवार सुबह 6:45 बजे नवगछिया आएगी। ट्रेन नंबर 03423 भागलपुर-हरिद्वार स्पेशल 7 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच प्रत्येक सोमवार को भागलपुर से 1:55 बजे रवाना होगी। ट्रेन नंबर 03424 हरिद्वार-भागलपुर स्पेशल 8 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच प्रत्येक मंगलवार को 7:55 बजे हरिद्वार से रवाना होगी और अगले दिन 9:20 बजे भागलपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन को चलाने से अतिरिक्त 18,944 बर्थ की व्यवस्था रेलवे ने की है। ट्रेन नंबर 03430 मालदा टाउन-सिकंदराबाद स्पेशल 1 अक्टूबर से 26 नवंबर के बीच प्रत्येक मंगलवार को 6:10 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी और तीसरे दिन 4 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी और 03429 सिकंदराबाद-मालदा टाउन स्पेशल 4:35 बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी। ट्रेन 3 अक्टूबर और 28 नवंबर के बीच प्रत्येक गुरुवार को चलेगी और तीसरे दिन 01:10 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। रेलवे ने इस ट्रेन के माध्यम से 15,246 बर्थ की व्यवस्था की है।



### स्कूल को बनाया स्मार्ट, आज मिलेगा राजकीय पुरस्कार

**चंपानगर।** शहर आनंदपुरी मोहल्ला निवासी शतरंज खिलाड़ी अक्षत कुमार ने 1500 अंतरराष्ट्रीय फिडे रैपिड रेटिंग अंक लाकर जिले का नाम रौशन किया है। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने नागपुर के जी एच रईसनी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित दूसरी नागपुर अंतर्राष्ट्रीय फिडे रैपिड रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के दौरान दिया है। इसके पूर्व अक्षत नेशनल आर्बिटर के रूप में चयनित होने वाले वे जिले के पहले व एकमात्र खिलाड़ी रह चुके हैं। अक्षत कुमार वर्तमान समय में हैदराबाद में इंडोनेशियन लैंग्वेज एक्सपर्ट के रूप में कार्यरत है। उक्त जानकारी जिला शतरंज संघ के सचिव गौतम कुमार ठाकुर ने दी। अक्षत की सफलता पर पर अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के आर्बिटल कमीशन के अध्यक्ष ने बधाई दी है। चंपानगर। शिक्षक दिवस पर राजकीय शिक्षक सम्मान के लिए जिले के दो शिक्षक चयनित हुए हैं। दोनों ही शिक्षक श्रीनगर प्रखण्ड क्षेत्र के अलग-अलग स्कूल के प्रधानाध्यापक है। इनमें आदर्श मध्य विद्यालय जगैली के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार झा एवं मध्य विद्यालय हसैली खुट्टी के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर चौहान शामिल हैं। दोनों शिक्षकों को आज शिक्षक दिवस पर पटना कृष्ण मेमोरियल हॉल में सीएम नीतीश कुमार राजकीय शिक्षक पुरस्कार देंगे। दोनों शिक्षकों को यह सम्मान शिक्षा की क्षेत्र में बेहतर उपलब्धि के लिए दिया गया है। इस स्कूल से 50 से ज्यादा बच्चे राष्ट्रीय आय सह मेधा परीक्षा में चयनित हो चुके हैं। राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता में भी स्कूल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। प्राइवेट स्कूल की तरह बच्चे आई कार्ड लगाकर आते हैं। इससे पहले भी शिक्षक दिवस पर जिलाधिकारी ने बेस्ट टीचर का अवार्ड प्रदान किया। इसके अलावा उनकी लिखित रचना मेरी कहानी मेरी जुबानी को लेकर लेकर सम्मानित किया जा चुके हैं। इसके अलावा स्कूल में एक बेहतर लाइब्रेरी भी संचालित किया जा रहा है। मध्य विद्यालय हसैली खुट्टी विद्यालय के प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर चौहान ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि राजकीय स्तर पर सम्मान मिलना गर्व की बात है।वे बताते हैं कि एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है कि उन्हें बच्चे बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने बताया कि वे लगातार लगातार बच्चों को पढ़ने के लिए लिए प्रेरित करते हैं।



# शरीर पर सत्तू फेंककर दिया चकमा, उड़ाए 2 लाख रुपये

## मुंगेर में बदमाश विद्यालय परिचारी का थैला लेकर भागे, बीवी के इलाज के लिए निकाले थे

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में गुरुवार को जिला स्कूल के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी पवन कुमार सिंह से चोर ने दो लाख रुपए का थैला छीना और भाग गया। वे गुरुवार की दोपहर बड़ी बाजार स्थित स्टेट बैंक से दो लाख निकालकर साइकिल से जिला स्कूल जा रहे थे। ऑटो स्टैंड के पास जाम के कारण जब उन्होंने साइकिल रोकी तभी किसी प्लास्टिक भरे दो गिलास का सत्तू उनके शरीर पर फेंका। उनका ध्यान भटकाने के बाद साइकिल पर टंगा नोटों से भरा थैला लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई। कर्मी ने बताया कि पत्नी बीमार है और बाढ़ के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती है। पत्नी की इलाज के लिए एसबीआई बैंक से दो लाख निकालने के गए थे। लौटने के दौरान प्राइवेट टैक्सी स्टैंड के पास किसी ने शरीर पर सत्तू सहित गिलास शरीर पर फेंक दिया। कुछ समझते चुपचाप स्कूल पहुंचे, वहीं पैसे से भरा थैला गायब था। कोतवाली थाना पुलिस को जानकारी दी। बता दें कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे के अंदर यह दूसरी घटना हुई है। इससे पहले बुधवार को बैधनाथ गर्ल स्कूल की शिक्षिका मालती कुमारी से बाइक सवार अपराधियों ने झपट्टा मारकर 60 हजार रुपये और 2 मोबाइल लेकर फरार हो गया। इधर, घटना के बाद कोतवाली थाना की पुलिस पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में लगी हुई है।

अपराधियों ने जिस जगह पर यह घटना को अंजाम दिया है वह घटनास्थल कोतवाली थाना से 200 मीटर की दूरी है। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया की कर्मी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आसपास इलाकों के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



# बच्चों के आहार का DM ने किया निरीक्षण

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के नवगछिया स्थित नारायणपुर प्रखंड के नगरपारा उत्तर ग्राम पंचायत में जीविका के माध्यम से 'अन्नपूर्णा' जीविका का संचालन हो रहा है। महिला बालाहार उत्पादक समूह के बनाए जा रहे बच्चों के लिए आहार का डीएम नवल किशोर चौधरी ने अवलोकन किया। बता दें कि आहार के एक पैकेट की कीमत 12 रूपए है। मालूम हो कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय पूसा, समस्तीपुर की प्रोफेसर उषा ने इस व्यंजन को पेटेंट कराया है। इसके दो यूनिट संचालित हैं। पहला बिहार के पूसा में, दूसरा भागलपुर के नारायणपुर के नगरपारा उत्तर ग्राम पंचायत में है।

**भोजन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाल आहार:** 6 महीने से अधिक उम्र के बच्चों को मां के दूध के साथ-साथ भोजन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए यह बाल आहार दिया जाता है। इसे तैयार करने के लिए 450 ग्राम गेहूं का आटा, 110 ग्राम मूंग का दाल, 130 ग्राम दूध का पाउडर, 240 ग्राम चीनी का पाउडर और 200 ग्राम गाय का घी मिलाया जाता है।

**एक पैकेट की कीमत 12 रुपए:** बालाहार के एक पैकेट की कीमत 12 रुपए है । इससे बच्चों को 370 ग्राम कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। 14 ग्राम प्रोटीन, 3 ग्राम वसा, 279 मिलिग्राम कैल्शियम और तीन मिलिग्राम आयरन की पूर्ति होती है।

# 272 छात्रों के लिए केवल दो कमरे, एक रूम में बैठते हैं 3 कक्षा के छात्र-छात्राएं

## हेडमास्टर के कार्यालय में वर्ग छह , सात और आठ के छात्रों को दी जाती शिक्षा

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

सरकार एक ओर शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए लगातार नए-नए आदेश जारी कर रही है। लेकिन स्कूल में आधारभूत संरचना के अभाव में बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत हो रही है। टेटिया बंबर प्रखंड के मध्य विद्यालय भंडार में कमरे के अभाव में छात्र जमीन पर बैठते हैं। एक समय में एक कक्षा में तीन वर्ग संचालित होते हैं। मध्य विद्यालय भंडार में छात्र छात्राओं की संख्या 272 है। कक्षा 6 से 8 तक के छात्र विद्यालय प्रधान के कार्यालय कक्ष में पढ़ते हैं। जबकि दूसरे कमरे में वर्ग 3, 4 व 5 के बच्चों की पढ़ाई होती है। जबकि बरामदे में बिना दरी के फर्श वर्ग 1 और 2 के बच्चों को बैठा कर पढ़ाया जाता है। एक कमरे में तीन वर्ग के छात्रों के बैठने से थोड़ी सी भी जगह नहीं बचती है। बच्चे कमरे में ठूंसे रहते हैं। बारिश होने पर बरामदे पर बैठे बच्चे भीगने लगते हैं। पहली और दूसरी के बच्चे फर्श पर बरामदे में बैठे हैं। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि विद्यालय के पास भूमि की कमी है। स्कूल 6 डिसमिल जमीन पर बना हुआ है। जिसकी सूचना प्रखंड से जिला स्तर के अधिकारियों को समय-समय पर दिया जाता रहा है। विद्यालय में न रसोई घर है न ही प्रधानाध्यापक कक्ष। इस कारण पठन-पाठन में प्रत्येक दिन बच्चों के साथ साथ विद्यालय संचालन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। रसोई घर के लिए जर्जर भवन का उपयोग किया जाता है। जिन दो कमरों में पढ़ाई होती है वह भी काफी पुराने हैं, जिन्हें तोड़कर नीचे ऊपर 6 अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनाया जा सकता है। विद्यालय में कार्यरत वरीय शिक्षक सुधा देवी, कुंदन सिंह, अमित कुमार, नेहा कुमारी, पूर्णिमा राज, और शिक्षा सेवक लक्ष्मण माझी हैं। बच्चों ने बताया कि एक ही कक्षा में तीन वर्ग चलने से पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती है।

## शिक्षिका के साथ 60 हजार रुपए की छिनतई

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के वैधनाथ गर्ल्स स्कूल के मुख्य गेट के पास दिनदहाड़े प्रयोगशाला शिक्षिका मालती कुमारी के साथ बाइक सवार दो बदमाशों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित शिक्षिका ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी देते हुए मालती कुमारी ने बताया कि दोपहर में एसबीआई बैंक से 60 हजार रुपए निकालकर स्कूल के मुख्य गेट के पास पहुंची तो पीछे से एक लड़का आया। उसके कपड़े गंदे थे, उसने झपट्टा मारकर मेरा बैग छीना और फरार हो गया। जब तक मैंने शोर मचाया, वह युवक एक बाइक पर बैठ कर चला गया। बैग में 61 हजार रुपए, दो मोबाइल, पासबुक सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गया। शिक्षिका ने बताया कि इससे पहले भी एक घटना इसी तरह एक साल पूर्व मेरे साथ हुई थी। बाइक सवार बदमाशों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया था,जिसमें डेढ़ लाख रुपए की छिनतई हुई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैंने डीजीपी को पत्र भेजा। पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया, लेकिन पुलिस छिनतई हुए रुपए को वापस नहीं कर पायी। शिक्षिका ने कासिम बाजार थाना में आवेदन देकर पुलिस से गुहार लगाई है। कासिम बाजार थानाध्यक्ष ध्रुव कुमार वैधनाथ गर्ल्स स्कूल की एक शिक्षिका मालती देवी एसबीआई बैंक से पैसे निकालकर विद्यालय जा रही थी तभी बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग को छीनकर कर भाग गया।

## भागलपुर में 5 बच्चे के पिता ने किया सुसाइड

**भागलपुर।** भागलपुर में पत्नी ने शराब पीने के लिए पति को पैसे नहीं दिए तो वह फंदे से झूल कर खुदकुशी कर ली। घटना कहलगांव थाना क्षेत्र के सुकुमारी पहाड़ की है। मरने वाले की पहचान मधुबनी जिला निवासी संजय सिंह(38) के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी ममता देवी ने बताया कि वह दूसरे के घर बर्तन धुल कर परिवार का भरण पोषण करती है। पति रेलवे लाइन में मजदूरी का काम करता है। लेकिन शराब के लत ने उसे बर्बाद कर दिया। उसके चाल चलन से परिवार के अन्य सदस्य उससे बातचीत नहीं करते थे। मृतक की पत्नी ने बताया कि उसके एक बेटे और 4 बेटी है। शादी के बाद बेटी हुई, तो पति ने शराब पीना शुरू कर दिया। पति को शराब की ऐसी लत लगी कि घर का अनाज तक बेचकर शराब पीने के लिए चले जाते थे।

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू**

**(आवश्यक सूचना)**

झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू से नामांकित वैसे सभी गृह रक्षक जिनका बॉन्ड समाप्त हो गया है/निकट भविष्य में समाप्त होने वाला है, का पुनः नामांकन किया जाना है। उपायुक्त,पलामू के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में गृह रक्षकों के पुनः नामांकन हेतु प्रखण्डवार तिथि का निर्धारण किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | दिनांक | प्रखण्ड |
|---|---|---|
| 1. | 09.09.2024 | सदर, चैनपुर, पाण्डू, मनातु, हरिहरगंज, पांकी, हुसैनाबाद एवंछत्तरपुर (पुरूष/महिला। |
| 2. | 10.09.2024 | लेस्लीगंज, विश्रामपुर, पाटन एवं शहरी (पुरूष/महिला)। |

उक्त तिथि को पुनः नामांकन हेतु सभी गृह रक्षक पूर्ण वर्दी में समय 10:00 बजे पूर्वाह्न में जिला समादेष्टा काकार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू में सशरीर उपस्थित होकर पुनः नामांकन की प्रक्रिया शामिल होंगे। विहित तिथि के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षावाहिनी, पलामू

PR 334834 District(24-25)#D

**कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू**
**(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, पलामू)**
ई0 मेल0:- Civilsurgeonpalamu@gmail.com

In Ref. to Letter No................., Dated........................

**-: आवश्यक सूचना :-**

विज्ञापन संख्या 04/2023 के आलोक में दिनांकः– 25.08.2024 को District CM School of Excellence (Zila School), Chhah Muhan Chowk, Medininagar, Palamu में आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल कुल 587 अभ्यर्थी के मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापन दिनांकः–09.09.2024 से 13.09.2024 को सिविल सर्जन कार्यालय, पलामू के सभागार में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक आयोजित किया गया है जिसकी पूरी जानकारी https://applygov.ind.in पर एवं NIC Palamu एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापठ पर प्रकाशित कर दी गई है।

अतः सभी अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्रों की सत्यापन हेतु पूरी जानकारी https://applygov.ind.in & NIC Palamu & कार्यालय से ससमय प्राप्त कर आपको आवंटित तिथि को ससमय निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज कराते हुए ससमय अपने प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 334843 District (24-25)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, मेदिनीनगर**
जेलहाता, रेलवे क्रोसिंग के नजदीक, डालटनगंज, जिला–पलामू–822101
Ph. No. 06562- 231237,
E-mail Id- eenhmedini-jhr@nic.in, eenhmedini@gmail.com

**संशोधित अतिआवश्यक सूचना**

पूर्व में एतद् द्वारा PR No.-333864 District (24-25)#D के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया गया था कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं0–343 के कि0मी0 158.200 में अवस्थित डाण्डो पुल की स्थिति जर्जर होने के दृष्टिकोण से एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निदेश के आलोक में उक्त पुल का Rehabilitation कार्य करने हेतु दिनांक 01.09.2024 से आवागमन वर्जित रहेगा।

परन्तु अपरिहार्य कारणों से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि वर्तमान में उक्त पुल पर छोटी वाहनों यथा कार, मोटरसाईकिल, ऑटोरिक्शा एवं टोटो आदि का आवागमन अगले आदेश तक जारी रहेगा। परन्तु भारी वाहनों का आवागमन विषयांकित पुल की जर्जर स्थिति की दृष्टिकोण से सदैव के लिए वर्जित रहेगा।

निवेदक
**कार्यपालक अभियंता,**
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल,
मेदिनीनगर।

PR 334787 (District) 24-25 (D)

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड,राँची**
**कार्यालय –भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा**
**E-Mail ID:- dscogarhwa@gmail.com**

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची का राज्यादेश सख्या –29, दिनांक 01.07.2024 द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह/व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृषि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य ओ0एस0पी0 | अधिकतम अनुदान राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 5 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 / प्रति कृषि उपकरण बैंक लागत 10 लाख रुपये। |
| 2 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 3 | रु0 2.25 लाख प्रति इकाई |
| 3 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 12 | रु0 2.50 लाख प्रति इकाई |
| 4 | Self Propelled Weeder (below 2 bhp) | 4 | रु0 0.25 लाख प्रति इकाई |
| 5 | Self Propelled Weeder (Above 2 bhp) | 1 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 6 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 2 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई |
| 7 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | 4 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Below 20 BHP) driven | | |
| 8 | MB plow(Single Bottom) | 2 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 9 | Cage Wheel | 3 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 10 | Cultivator | 3 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई |
| 11 | Multi Crop Treashers | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 12 | Paddy Treasher | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| | Tractor ( Above 20-35 BHP) driven | | |
| 13 | MB plow(Single Bottom) | 2 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 14 | Cage Wheel | 12 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 15 | Cultivator | 12 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई |
| 16 | Multi Crop Treashers | 2 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 17 | Paddy Treasher | 2 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई |
| 18 | Rotovator upto 5 feet | 4 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई |
| 19 | Rotovator 5 feet | 2 | रु0 0.42 लाख प्रति इकाई |
| 20 | Rotovator 6 feet | 7 | रु0 0.45 लाख प्रति इकाई |
| 21 | Rotovator 7 feet | 2 | रु0 0.48 लाख प्रति इकाई |
| 22 | Mini Rice Mill | 1 | रु0 2.40 लाख प्रति इकाई |
| 23 | Mini Dal Mill | 0 | रु0 1.50 लाख प्रति इकाई |
| 24 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 7 | रु0 0.0075 लाख प्रति इकाई |
| 25 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 6 | रु0 0.018 लाख प्रति इकाई |
| 26 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 7 | रु0 0.031 लाख प्रति इकाई |

लाभुक का चयन
1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वय सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित/ राज्य योजना के माध्यम से कृषि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्श में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृषि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रकिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 18.09.2024 निर्धारित की जाती है।

विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा
संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी,गढ़वा

PR 334837 Agriculture(24-25).D

# अखंड सौभाग्य की कामना से आज हरितालिका तीज

## सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

**पटना, एजेंसी।** अखंड सुहाग की कामना से सुहागिन महिलाएं कल हस्त नक्षत्र और चित्रा नक्षत्र के युग्म संयोग और शुक्ल योग में हरितालिका तीज का व्रत करेंगी। शुक्रवार को सुहागिनें पति की लंबी आयु, सुखी दाम्पत्य जीवन और सुख-समृद्धि की कामना से निराहार व निर्जला व्रत रखेंगी। इस दिन मिट्टी से भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाकर उसे वेदोक्त मंत्रो से विधिवत पूजा-अर्चना कर पौराणिक कथाएं सुनेंगी।



### 6 सितंबर को सुबह से रात तक होगी तीज की पूजा

आचार्य राकेश झा ने बताया कि शुक्रवार को तृतीया तिथि दोपहर 12:18 बजे तक है, लेकिन सूर्योदय तृतीया तिथि में होने से उदयातिथि के मान से शुक्रवार 6 सितंबर को पूरे दिन तीज की पूजा होगी। तीज के दिन तृतीया और चतुर्थी तिथि के युग्म संयोग होने से इस दिन अतिशुभकारी गौरी-गणेशयोग व मातृपुत्रयोग बन रहा है। इस दिन महिलाएं सुबह से लेकर रात तक कभी भी पूजा कर सकती है।

### तीज पर ग्रह-गोचरों का बना उत्तम संयोग

पंडित के अनुसार भाद्रपद शुक्ल तृतीया को उदयगामिनी तिथि, हस्त नक्षत्र, शुक्ल योग, गर करण, अमृत योग के साथ रवियोग के सुयोग में हरितालिका तीज का व्रत मनाया जाएगा। हरितालिका तीज व्रत की परंपरा त्रेता युग से चली आ रही है। माता पार्वती ने पहली बार शिव शंकर की बालुकामयी प्रतिमा बनाकर पूजा की थी। पार्थिव की प्रतिमा बनाकर गंगाजल, अक्षत, चंदन, बेलपत्र, ऋतुफल व पकवान आदि से पूजा करना कल्याणकारी रहेगा।

### तपस्या और निष्ठा का व्रत है हरितालिका

ज्योतिषी राकेश झा ने लिंग पुराण के हवाले से बताया कि माता पार्वती ने वन में जाकर भोलेनाथ को अपने पति के रूप में पाने के लिए अन्न तथा जल ग्रहण किए बिना सालों तक तप करती रही। तब शिव ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। महिलाएं इस व्रत को तपस्या और निष्ठा के साथ करेंगी तो सात जन्मों तक शिव स्वरूप में उनके वही पति मिलेंगे।

### हरितालिका तीज पूजा का शुभ मुहूर्त

**उदयातिथि से:** पूरे दिन (सुबह से देर रात)
**अमृत काल मुहूर्त** प्रातः 07:06 बजे से 08:40 बजे तक
**गुलीकाल मुहूर्त:** सुबह 10:14 से 11:48 बजे तक
**चर-लाभ मुहूर्त** शाम 02:56 बजे से 06:04 बजे तक
**प्रदोष काल मुहूर्त:** शाम 06:04 बजे से 08:30 बजे तक
**रात्रि चौघड़िया मुहूर्त:** रात्रि 07:30 बजे से देर रात 11:48 बजे तक

### राशि के अनुसार करें तीज पूजा

मेष - शिव जी को पंचामृत से स्नान के बाद रेशमी वस्त्र अर्पित करें।
वृष - शिव-पार्वती के पूजा में गुलाब का पुष्प व इत्र अर्पण कर धूप दिखाए।
मिथुन व मीन - हरा वस्त्र धारण कर पूजा में मां पार्वती को हल्दी व शिव जी को सफेद चंदन अर्पित करें।
कर्क - पूजा के बाद शिव का श्रृंगार तथा ? नमः शिवाय का जाप श्रेयस्कर होगा।
सिंह - शिव- पार्वती को पीत पुष्प का हार चढ़ाकर रुद्राष्टकम का पाठ करें।
कन्या - शिव जी को बेलपत्र और दूर्वा चढ़ाए। मेहंदी जरूर लगाएं।
तुला - महादेव को पंचामृत से स्नान करावे और साथ ही श्रृंगार की वस्तुओं का दान करें।
वृश्चिक - पीला वस्त्र धारण करके शिव-पार्वती की आराधना और पूजा करे साथ ही दूर्वा अर्पित करें।
धनु - लाल वस्त्र धारण कर पूजा में शिव-पार्वती को सुगन्धित पुष्प अर्पित करें।
मकर - भगवान शिव को सफेद चंदन तथा घी का दीपक प्रज्वलित करें।
कुंभ - गुलाबी वस्त्र धारण कर पूजा में महादेव को श्वेत पुष्प अर्पित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### तरैटा में चहारदीवारी व शौचालय का उद्घाटन

**भीरखूर्द, एजेंसी।** पंचायत वार्ड एक तरैटा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 39 की चहारदीवारी व शौचालय का उद्घाटन किया गया. चार लाख 30 हजार की लागत से निर्माण के बाद बुधवार को बीडीओ संजीव कुमार व भीरखूर्द पंचायत के मुखिया चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया. मुखिया ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में निर्माण के बाद अब बच्चों को काफी सुविधा मिलेगी. बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सुविधा व लोहिया स्वच्छता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया. स्वच्छता शुल्क राशि समय पर भुगतान करने की ग्रामीणों से अपील की. मौके पर विवेकानंद, मुक्ति कुमार, डेजी कुमारी, बेबी कुमारी, परशुराम सिंह, गोरेलाल, अमित, राजेश कुमार व ग्रामीण मौजूद थे.

### अंतर विवि फुटबॉल (पुरुष) टीम के खिलाड़ियों का चयन

**भागलपुर, एजेंसी।** मुरारका महाविद्यालय में टीएमबीयू के खिलाड़ियों में से 20 खिलाड़ियों का चयन अंतर विवि फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए किया गया है. खिलाड़ियों का चयन करने के लिए विवि खेल विभाग में चयन कमेटी बनाया गया था. ऑब्जर्वर डॉ इरशाद आलम, डॉ अमलेंदु कुमार अंजन, डॉ परवेज अख्त, डॉ आनंद कुमार मिश्रा, राकेश कुमार सलेक्शन टीम में थे. कॉलेज प्राचार्य डॉ अमरकांत सिंह ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी. खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ कुमार प्रभाष ने खिलाड़ियों को बधाई देते अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर विवि का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया.

### आरपीएफ पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**भागलपुर, एजेंसी।** सुलतानगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पुलिस ने जागरूकता अभियान यात्रियों के बीच बुधवार को चलाया. स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को लाइन क्रॉसिंग नहीं करने, ट्रेन पर पत्थर नहीं फेंकने, पायदान पर यात्रा नहीं करने को लेकर जागरूक किया. एसीपी, पत्थरबाजी, चलती ट्रेन पर चढ़ने और उतरने पर रोक को लेकर जागरूकता कार्यक्रम में कई जानकारी दी. मौके पर आरपीएफ के अधिकारियों व पुलिस जवान मौजूद थे. एप से केंद्रीय स्तर पर होगी जीविका दीदी के कार्य की मॉनिटरिंगजीविका दीदी के कार्य की निगरानी को लेकर एप से केंद्रीय स्तर पर मॉनिटरिंग की जायेगी. कार्य में गति लाने को लेकर बुधवार को जीविका कार्यालय में कर्मी के साथ समीक्षा बैठक हुई. सभी कर्मियों को कार्य में गति लाने का निर्देश दिया. आजीविका विशेषज्ञ डॉ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लोकोस एप पर सभी स्वयं सहायता समूह की दीदी का एंट्री करना है. एंट्री के बाद केंद्रीय स्तर पर सभी गतिविधि की निगरानी एप से होगी. समूह के ट्रांजेक्शन के साथ-साथ गतिविधि का निगरानी एप से होगी. समय-समय पर दिशा-निर्देश भी दिया जायेगा. बैठक में सतत जीवकोपार्जन योजना की समीक्षा कर कई दिशा निर्देश दिया गया. किचन गार्डन, श्री विधि धान की रोपाई आदि पर विस्तार से चर्चा कर कई निर्देश दे कार्य में गति लाने की बात कही. पूरे प्रखंड में 24 हजार जीविका दीदी व 2232 समूह कार्यरत है. बैठक में बीपीएम अनिल कुमार, रवि भूषण ठाकुर सहित जीविका कर्मी मौजूद थे.

### शिक्षक शिक्षिका को लेकर फरार, ग्रामीणों में रोष

**कहलगांव , एजेंसी।** उत्क्रमित उवि सौर कहलगांव में कार्यरत एक शिक्षक ने उसी विद्यालय की एक शिक्षिका को लेकर फरार हो गया है. शिक्षिका के पिता ने कहलगांव थाना में आवेदन दिया है. नालंदा जिला शिवपुरी रामचंद्रपुर के कपिलदेव प्रसाद की पुत्री अंजली कुमारी(26) बीपीएससी से शिक्षिका के पद पर चयनित हुई थी और नौ माह से सौर स्कूल में पदस्थापित थी. कहलगांव पूरब टोला में डेरा लेकर मां एवं अन्य के साथ रहती थी. प्रतिदिन सुबह में स्कूल जाती थी शाम में लौटकर आ जाती थी.

# ट्रक ने स्कूल वैन को मारी टक्कर, 18 बच्चे घायल

**3 आईसीयू में, बेगूसराय में 100 की स्पीड में ओवरटेक कर रहा था ट्रक ड्राइवर**





**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में गुरुवार की सुबह एक ट्रक ने स्कूल वैन में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कूल वैन डिवाइडर की रेलिंग में घुस गई। इस हादसे में 18 बच्चे घायल हो गए। जिनमें से तीन बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए ग्लोकल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट एनएच-31 फोरलेन पर रिफाइनरी थाना क्षेत्र में देवना के पास की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक की स्पीड ज्यादा थी और ओवरटेक के दौरान उसने एंग्लो वैदिक स्कूल की वैन को पीछे से टक्कर मार दी। वैन के अंदर छात्रों के बैग्स बिखरे पड़े हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय ने सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। वैन तिलरथ के एंग्लो वैदिक स्कूल की है, जो पहले माउंट कार्मेल सेकेंडरी स्कूल के लिए चलती थी, इसलिए गाड़ी पर माउंट कार्मेल सेकेंडरी स्कूल लिखा है। गाड़ी पपरौर से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### पीछे से आ रहे ट्रक ने मारी टक्कर

बच्चों से भरी स्कूल वैन जैसे ही फोरलेन पर पहुंची, देवना के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। स्कूल वैन डिवाइडर पर जाकर फंस गई। सभी बच्चे नीचे गिर पड़े। घटना के बाद आसपास के लोग दौड़े। सभी बच्चों को उठाकर अस्पताल भेजा। ट्रक ड्राइवर ने भागने का प्रयास किया। लेकिन, स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। हादसे में आरूषि कुमारी, कुंज बिहारी, अनुभव कुमार, निकिता कुमारी, दिलखुश कुमार, सोनम कुमारी, सुमित कुमार, आर्यन कुमार, साधना कुमारी, रोशनी कुमारी, सोनाली कुमारी, अंकुश कुमार, प्रीतम कुमार, अनुदीप कुमार और पीयूष कुमार सहित 18 बच्चे घायल हुए है। इसमें प्रीतम कुमार, अनुदीप कुमार और पीयूष कुमार की स्थिति गंभीर रहने के कारण आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चों की उम्र 5 साल से 12 साल के बीच है।

### ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की जा रही- थानाध्यक्ष

बच्चों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। मौके पर पेरेंट्स और स्कूल प्रबंधन के लोग पहुंचे हुए हैं। थानाध्यक्ष अमरजीत प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है। ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन की जा रही है।

# गया में फर्जी डिग्री वाले एक शिक्षक गिरफ्तार दो महिला शिक्षकों को तलाश रही पुलिस



**गया, एजेंसी।** बिहार पुलिस ने टेकारी में छापेमारी कर फर्जी डिग्रीवाले एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की जांच में उनकी BETET की मार्कशीट फर्जी पायी गयी थी. इस मामले में दो शिक्षिका सहित चार शिक्षकों पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो विभाग पटना के जरिए टेकारी थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया था. एक की गिरफ्तारी हो गयी है, जबकि दो महिला सहित तीन शिक्षकों की तलाश जारी है.

### दो फर्जी शिक्षिका और एक शिक्षक फरार

इस संबंध में एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना ने टेकारी थाने में फर्जी मार्कशीट पर चार पंचायत नियोजित शिक्षक और शिक्षिका के बहाल होने का मामला दर्ज कराया था. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई. दर्ज प्राथमिकी के आधार पर फर्जी शिक्षक अशोक पासवान को छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है. वहीं दो फर्जी शिक्षिका और एक शिक्षक फरार हैं, जिसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है. जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### 2020 में बहाल हुए थे चारों शिक्षक

बताया जाता है कि चारों शिक्षक फर्जी मार्कशीट जमा कर शिक्षक पद पर वर्ष 2020 में बहाल हुए थे, जिसके बाद चारों शिक्षकों का मार्कशीट सत्यापन के लिए भेजा गया था. जांच में सभी का मार्कशीट फर्जी पाया गया. टेकारी थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर में बहाल शिक्षिका राधिका कुमारी, प्राथमिक विद्यालय गुलरिया चक में मनोज कुमार, प्राथमिक विद्यालय तेतरिया में अशोक पासवान और बेनीपुर प्राथमिक विद्यालय में बबिता कुमारी नियोजित शिक्षक के पद पर बहाल हुई थी.

# पूर्व विधायक बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**कहलगांव , एजेंसी।** विधानसभा के पूर्व विधायक अमन कुमार ने भाजपा के सदस्यता अभियान में सक्रिय सदस्यता ग्रहण किया है. उन्होंने गत विधानसभा चुनाव में पार्टी से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था. पार्टी से उन्हें निलंबित करने की खबर प्रकाश में आयी थी, लेकिन चुनाव के बाद उन्होंने पश्चाताप करते हुए लगातार क्षेत्र में लोगो से भाजपा के रूप में संपर्क बनाये रखा व लोगों के सुख-दुख में भागीदारी निभाते दिखे..पूर्व विधायक ने कहा कि सक्रिय सदस्य के रूप में अपना योगदान शुरू किये है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व उनकी विकास की नीतियों से हमेशा प्रेरित रहे हैं. पीरपैंती विधानसभा में लगातार भ्रमण कर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया है. बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा भी किया जा रहा है. भाजपा के निशांत पांडे, अमरजीत कुमार, पंकज सिंह, मो फजलुल बारी, मो सद्दाम,गुड्डू झा, मुकेश गोस्वामी, नारायण साह व कई नेताओं ने पूर्व विधायक को बधाई दी.

# सरकारी अधिवक्ताओं के पैनल में सभी वर्गों के लोगों का होगा प्रतिनिधित्व : पीके शाही



**पटना , एजेंसी।** बिहार के अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा और सम्मान के लिए मैंने महाधिवक्ता के रूप में हमेशा काम किया है. राज्य सरकार से बात कर मैंने सरकारी वकीलों की फीस को बढ़वाया. आज सभी स्तर के सरकारी वकीलों को सम्मानजनक फीस मिल रही है. ये बातें बुधवार को पटना हाइकोर्ट के अपर लोक अभियोजक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में महाधिवक्ता पीके शाही ने कहीं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निचली अदालतों से लेकर हाइकोर्ट तक सरकारी अधिवक्ताओं का जो भी पैनल बनाया जायेगा, उसमें सभी वर्गों के लोगों को शामिल किया जायेगा. महिलाओं की भी भागीदारी सम्मानजनक रहेगी. किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा. हाइकोर्ट के वरीय न्यायाधीश जस्टिस आशुतोष कुमार ने कहा कि शाही शुरू से ही हर वर्ग के अधिवक्ताओं को मदद करते आये हैं. बिहार स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रमाकांत शर्मा ने कहा कि पीके शाही राज्य के अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए हमेशा कार्य किया है. मौके पर जस्टिस राजीव रंजन प्रसाद, जस्टिस पीबी बजनथरी, जस्टिस मोहित कुमार शाह, जस्टिस प्रभात कुमार सिंह, जस्टिस अनिल कुमार सिन्हा, जस्टिस संदीप कुमार , जस्टिस नवनीत कुमार पांडे, जस्टिस डॉक्टर अंशुमान, जस्टिस पार्थ सारथी,जस्टिस जी अनुपमा चक्रबर्ती, वरीय अधिवक्ता कृष्ण प्रसाद सिंह, योगेश चंद्र वर्मा , रागिव हसन, अंजनी कुमार, डीके सिंह, अपर लोक अभियोजक मो जैनुल, प्रणव कुमार, चौबे जवाहर,मो मुस्ताक, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद थे

# जमुई में एशिया की सबसे बड़ी एथेनॉल फैक्ट्री बनकर तैयार

**फैक्ट्री खुलने से किसानों को मिलेगा लाभ, 10 हजार बेरोजगारों को नौकरी**



**जमुई, एजेंसी।** जमुई जिले के बिहार-झारखंड सीमा रेखा अंतर्गत नक्सल प्रभावित चकाई प्रखंड क्षेत्र के उरवा भलुआ गांव में एशिया की सबसे बड़ी एथेनॉल फैक्ट्री लगाया जा रहा है। फैक्ट्री निर्माण की शुरुआत हो गई है। साल 2025 तक एथेनॉल फैक्ट्री 2025 में बनकर तैयार हो जाएगा। इस फैक्ट्री के बन जाने से आस-पास रहने वाले 10 हजार बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलेगी। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान किया गया था कि आने वाले समय में पेट्रोल डीजल की जगह एथेनॉल से ही वाहन का संचालन होगा। जिसको लेकर फैक्ट्री पश्चिम बंगाल की अंकुर वाई कॉम प्राइवेट कंपनी के द्वारा 4 हजार करोड़ की लागत से इसे निर्माण कराया जा रहा है।

### फैक्ट्री खुलने से दर्जनों गांव के किसानों को मिलेगा लाभ

फैक्ट्री के प्रोजेक्ट मैनेजर कमलाकांत ने बताया कि इलाके में एथेनॉल फैक्ट्री का शुभारंभ होने के बाद आधा कार्य हो चुका है। साल 2025 में यह फैक्ट्री पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगी। इस फैक्ट्री से प्रत्येक दिन 750 केएल बेरी का साढ़े सात लाख लीटर एथेनॉल का प्रोडक्शन किया जाएगा। यहां के किसानों को इससे फायदा मिलेगा क्योंकि आसपास रहने वाले किसानों से फैक्ट्री के द्वारा चावल और मकई की खरीदारी की जाएगी। बड़े पैमाने पर जब किसानों से चावल और मकई उचित कीमत पर लिया जाएगा तो इस इलाके के किसान खुशहाल होंगे।

### 10 हजार बेरोजगार युवाओं को नौकरी

तीन पीढ़ियों के बाद इलाके में फैक्ट्री निर्माण होने से 10 हजार बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने की जानकारी के बाद स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। स्वेच्छा से उक्त इलाके में रहने वाले किसान और जमीन के मालिक ने कंपनी को उचित रेट पर अपनी जमीन कंपनी को रजिस्ट्री कर दिया था। फैक्ट्री के शुभारंभ से ही आसपास गांव के रहने वाले 150 बेरोजगार युवाओं को उक्त फैक्ट्री के निर्माण में कार्य के लिए नौकरी भी मिल गई है। जमीन देने वाले स्थानीय अर्जुन राय ने बताया कि तीन पीढ़ी से रह रहे लोगों को इस इलाके में नौकरी के लिए दूसरे राज्य जाना पड़ता था। अपनी जमीन कंपनी को इसलिए दिया गया है ताकि यहां रहने वाले बेरोजगारों को रोजगार मिल सके।

# थाना में जब्त गाड़ी से टायर व स्टेपनी की चोरी, एसपी से गुहार

**भागलपुर, एजेंसी।** भवानीपुर पुलिस की ओर से जब्त गाड़ी से टायर व स्टेपनी की चोरी हो गयी है. पीड़ित ने नवगछिया एसपी को आवेदन देकर गुहार लगायी है. पीरपैंती थाना लकड़ाकोल सादीपुर के मंटू कुमार यादव ने भवानीपुर थाना में जब्त गाड़ी से चार रीम टायर व स्टेपनी थाना की मिलीभगत से खोलने का आरोप लगाया है. 26 जून को भवानीपुर थाना के चेकिंग अभियान में गाड़ी को पकड़ थाना में जब्त कर मुकदमा किया था, जो नवगछिया व्यवहार न्यायालय में लंबित है. न्यायालय में गाड़ी का जमानत कराने के सभी कागजात अपडेट कराने गाड़ी के इंश्योरेंस के कागजात फेल होने से कंपनी के एजेंट को लेकर गाड़ी का फोटो खिंचवाने एक सितंबर को दोपहर 11 बजे थाना गये थे. थाना के चौकीदार के साथ जब गाड़ी के पास पहुंचे, तो मेरी गाड़ी का पांच टायर रीम समेत खुला देख चौकीदार के साथ हम पुनः थाना परिसर पहुंच थानाध्यक्ष को इसकी जानकारी दी, तो उन्होंने कहा गाड़ी जोगने का हम ठेका नहीं लिये हैं. हमें जैसे ही कुछ दिन पूर्व में पता चला, तो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर दिया हूं. जिस जगह जब्त गाड़ी को रखा गया था उस जगह कुछ लोगों का घर है. एक सरकारी चौकीदार को प्रतिनियुक्त किया गया था. बावजूद थाना से गाड़ियों के टायर खोल कर बेच देना कहां का न्याय है. मैंने चार लाख रुपये जुर्माना जमा किया हूं. चोरी मामले में थानाध्यक्ष से शिकायत में सहयोग का आश्वासन नहीं मिला.

## संक्षिप्त समाचार

### दो अपराधियों ने खस्सी चोरी करने का किया प्रयास

**रांची , एजेंसी।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के पतरातू निवासी पनेलाल महतो के घर में स्कूटी से आये दो अपराधियों ने खस्सी चोरी करने का प्रयास किया. बताया जाता है कि अपराधियों ने खस्सी चोरी करने से पहले पनेलाल के दरवाजे को रात करीब एक बजे बाहर से बंद करने का प्रयास किया. आहट मिलते ही पनेलाल ने मोबाइल से आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी. सूचना मिलते ही ग्रामीण एकजुट होने लगे. इधर, लोगों को अपनी ओर आते देख दोनों अपराधी वहां से स्कूटी को छोड़ फरार हो गये. बाद में ग्रामीणों ने स्कूटी को अपने कब्जे में ले लिया और पुलिस को सूचना दी. बाद में ग्रामीणों ने चोरों का पीछा भी किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए दोनों फरार होने में सफल रहे. ग्रामीणों ने स्कूटी को पुलिस को सौंप दिया. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### घर में साथ बैठकर पी शराब फिर बेटे ने की पिता की हत्या

**रांची, एजेंसी।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के मुड़लाटोली गांव में नशे में धुत पुत्र ने चाकू से गोदकर अपने 50 वर्षीय पिता साधु उरांव की हत्या कर दी। घटना मंगलवार देर शाम लगभग सात बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि शाम पांच बजे पिता–पुत्र ने एक साथ घर में बैठकर शराब का सेवन किया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी अमित उरांव को हिरासत में ले लिया। वहीं हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू घटनास्थल से बरामद कर लिया और हत्या के कारणों का पता लगा रही है। इधर, मृतक साधु के दामाद ने पुलिस को फोन पर ससुर की हत्या उसके बेटे अमित द्वारा करने की सूचना दी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बेटा अमित उरांव लगातार पिता की हत्या से इनकार कर रहा था। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने मामले का जल्द खुलासा करने की बात कही है। बताया जाता है कि दोनों गांव में स्थित एक ईट भट्ठा के पास होटल चलाते थे।

### मृतक विकास लिंडा के परिवार को बीजेपी नेता आदित्य साहू ने सौंपी एक लाख रुपये की सहायता राशि

**रांची, एजेंसी।** बीजेपी प्रदेश महामंत्री एवम् सांसद आदित्य साहू आज नामकुम प्रखंड के रामपुर गांव स्थित स्व विकास लिंडा के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया। बता दें कि उत्पाद सिपाही की दौड़ में घायल स्व विकास लिंडा की मौत इलाज के दौरान हुई थी। साहू परिवार को एक लाख रुपये की सहायता राशि दी। साहू के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, राकेश भास्कर, रामकुमार पाहन, अशोक मुंडा, मानकी और राजेंद्र शाही आदि थे।मौके पर साहू ने पार्टी की ओर से एक लाख रुपए की सहायता राशि भी परिवार को प्रदान की।उन्होंने कहा कि पूरा बीजेपी परिवार दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। कहा कि राज्य के युवाओं की मौत की ये घटना हृदय विदारक है।इसके पूर्व ऐसी घटनाएं नहीं सुनी गईं।यह सब हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण हुआ है।उन्होंने कहा कि विकास दौड़ के दौरान घायल हुए थे।उन्हें उचित इलाज से बचाया जा सकता था।लेकिन स्थिति यह है कि हेमंत सरकार एक नौजवान को ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं करा सकी।

### फ्लैट का ताला तोड़कर 12 लाख के जेवरात की चोरी

**रांची, एजेंसी।** लोअर वर्धमान कंपाउंड में कोयल इंक्लेव अपार्टमेंट के तीसरे तल्ले पर स्थित फ्लैट का ताला तोड़कर चोरी कर ली गयी. चोरों ने करीब 12 लाख रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली. घटना को लेकर फ्लैट में रहने वाले डॉ सौरभ कुमार बेसरा ने बुधवार को लालपुर थाना में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार डॉ सौरभ कुमार बेसरा ने पुलिस को बताया है कि वह एक सितंबर को परिवार के साथ मुंबई जाने के लिए निकल गये थे. इसके बाद वह बुधवार की सुबह 9.20 बजे जब अपने फ्लैट पहुंचे, तो उन्हें ताला गायब मिला. इसके अलावा इंटरलॉक लगा हुआ था. जिसे तोड़कर अंदर जाने पर उन्होंने देखा कि फ्लैट के दो कमरों में रखा पूरा सामान बिखरा पड़ा है.जांच के दौरान उन्हें पता चला कि सोने के दो कंगन, सोने की एक हार, सोने की अंगूठी, चेन, बालियां, अंगूठी और चांद के जेवरात गायब हैं.

# हर सीट पर औसतन 30 से ज्यादा दावेदार
# झारखंड विधानसभा चुनाव में क्या करेगी कांग्रेस

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे तैयारियां मूर्तरूप ले रही हैं। फिलहाल पार्टी कार्यालयों में दावेदारों की भीड़ लगी हुई है।

कांग्रेस में भी भीड़ बढ़ रही है। लोग जिला मुख्यालय से लेकर राज्य मुख्यालय तक में आवेदन दे रहे हैं। अभी तक की सूचना के अनुसार हर सीट के लिए औसतन 30 से अधिक दावेदार सामने आ गए हैं।

मीडिया विभाग के प्रमुख सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि राज्य में चुनाव लड़ने का दावा करनेवाले नेताओं की संख्या अब तक ढाई हजार के करीब पहुंच गई है।

जिलों में सर्वाधिक दावेदारी देखने को मिल रही है। उन जगहों से भी दावेदारी सामने आई है जहां गठबंधन के तहत सीट छोड़े जाने की संभावना प्रबल है।

पैरवी पुत्रों, नेताओं की पत्नी, पुत्रियों आदि को टिकट देने में कांग्रेस हमेशा से



आगे रही है। अभी-अभी समाप्त लोकसभा चुनाव में भी रिश्तेदारों को टिकट मिल चुका है।

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में कोड़ा दंपत्ति के छिटक जाने के बाद कांग्रेस ने तो इस सीट से दावेदारी ही छोड़ दी और चुनाव में झामुमो के उम्मीदवार के प्रचार में कांग्रेस के कार्यकर्ता जुट गए।

इस चुनाव में झामुमो के उम्मीदवार की जीत हुई। बदली हुई परिस्थितियों में अब विधानसभा चुनाव में नेताओं के रिश्तेदारों के लिए टिकट की राह आसान नहीं है।

टिकट के दावेदारों को कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा। विभिन्न स्तरों पर इन्हें साक्षात्कार प्रक्रिया का सामना करना होगा। बताना होगा कि क्षेत्र में कौन-कौन से कार्यक्रम किए।

झारखंड में सबसे रोचक मुकाबला लोहरदगा सीट को लेकर है। यहां से अभी-अभी संसदीय चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे सुखदेव भगत विधानसभा चुनाव में अपने रिश्तेदार को उतारना चाहते हैं जबकि वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव के बारे में कहा जा रहा है कि वह भी कुछ ऐसी ही मंशा पाले हुए हैं।उन्हें भी अपने पुत्र के लिए बेहतर विकल्पों की तलाश है। ऐसे में माना जा रहा है कि लोहरदगा में टिकट के लिए रोचक मुकाबला हो सकता है।

झारखंड के विधानसभा चुनाव में महिला कांग्रेस की ओर से मजबूत दावेदारी की जा रही है। वर्तमान में तीन-तीन महिला विधायकों के होने से साथ ही कांग्रेस में महिला नेताओं का बोलबाला बढ़ा है।

चतरा, पलामू आदि जिलों से महिला दावेदारों की संख्या बढ़ रही है। अगर ऐसा ही रहा तो इस बार चुनाव में कुछ और महिलाओं को टिकट मिल सकता है।

## चार दिनों से जलापूर्ति ठप, लोगों ने किया नप कार्यालय में हंगामा



**धनबाद, एजेंसी।** चिरकुंडा नगर परिषद वार्ड संख्या 18 में चार दिनों से जलापूर्ति ठप रहने के विरोध में इलाके के दर्जनों महिला-पुरुषों ने नप कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया. लगभग 11 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालय में कोई अधिकारी के नहीं पहुंचने पर लोगों का गुस्सा और भड़क गया. दफ्तर का मुख्य द्वार बंद करने का प्रयास किया गया. लेकिन नप कर्मी ने बीच-बचाव कर ऐसा नहीं होने दिया. लोगों का कहना था कि अधिकारी के कार्यालय आने का कोई समय निर्धारित है या नहीं विरोध कर रहीं महिलाओं का कहना था कि चार दिन से पानी बंद होने का कोई ठोस कारण कोई नहीं बतलाता है.

प्रत्येक महीने में चार-पांच दिन पानी बंद रहता है, लेकिन बिल लेने के लिए सिर पर सवार हो जाते हैं. बताया जाता है कि नप परिसर में लगा वाल्व खराब होने के कारण चार दिनों से वार्ड संख्या 17, 18, 19, 20 व 21में जलापूर्ति ठप है. इससे हजारों की आबादी प्रभावित है. विरोध कर रहे लोगों का कहना था कि वाल्व खराब है तो उसकी मरम्मत होनी चाहिए. लेकिन अधिकारी और कर्मी चार दिनों से हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं. उनका कहना था कि नप का कोई भी अधिकारी नप क्षेत्र में नहीं रहता है. इसलिए यहां की समस्या से अधिकारियों को जूझना नहीं पड़ता है.

नप के एई अंकित परासर जब नप कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने आक्रोशित महिला-पुरुष को समझाया और शांत किया. आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द वाल्व की मरम्मत कराकर जलापूर्ति की जायेगी. एई के समझाने के बाद आक्रोशित लोग शांत हुए और अपने घर गये. एई अंकित परासर ने कहा कि वाल्व खराब होने के कारण पांच वार्ड में जलापूर्ति पूरी तरह से बाधित है. जलमीनार से पानी खाली किया जा रहा है. पानी खाली होते ही वाल्व की मरम्मत कराकर जलापूर्ति प्रारंभ कर दी जायेगी

## साहिबगंज के तीनपहाड़ में पैर फिसला और नदी में डूब गई 6 साल की बच्ची

**तीनपहाड़, एजेंसी।** साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बसियाचक दरला गांव की 6 वर्षीय बच्ची की बुधवार सुबह नदी में डूबने से मौत हो गयी. बसियाचक दरला गांव निवासी उज्ज्वल कुमार महतो की बेटी आयुषी कुमारी (6) का सुबह डहरू कुवार पुल के पास पैर फिसल गया. वह नदी में गिरी और डूब गई.

ग्रामीणों ने बताया कि सुबह मृतक की बहन कपड़ा धोने के लिए डहरू कुवार पुल के पास गयी थी. कुछ देर बाद ही गांव के छोटे-छोटे बच्चों के के साथ आयुषी कुमारी भी वहां पहुंच गई. सब बच्चे पुल के ऊपर थे, लेकिन आयुषी नदी में उतर गई. वहां उसका पैर फिसला और वह गहरे पानी में समा गई.


हो-हल्ला होने पर आसपास के लोग जुटे. उसे पानी से निकाला. उसे तत्काल इलाज के लिए तीनपहाड़ लाया गया. यहां से उसे राजमहल अस्पताल रेफर कर दिया गया. परिजन उसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल पहुंचे. यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया.



परिजन आयुषी का शव लेकर घर लौटे. इसकी सूचना तीनपहाड़ थाना को जैसे ही मिली, एसआई संजय दुबे पुलिस बल के साथ बच्ची के घर पहुंचे. पंचायत के मुखिया माइकल, हल्का कर्मचारी मो इम्तियाज भी मृतक के घर पहुंचे. सभी ने मिलकर जांच की. इस दौरान परिजनों ने कहा कि बच्ची का पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे. कर्मचारी मो इम्तियाज ने इस मामले को लेकर राजमहल सीओ अशोक कुमार सिन्हा से बात की. बच्ची की मां कुसुम देवी और उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतका आयुषी तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी.

## झारखंड के 5 जिलों में वर्षा-वज्रपात का अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के 5 जिलों में अगले कुछ घंटों में वर्षा और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि संताल परगना के 4 जिलों के साथ-साथ गिरिडीह में भी अगले कुछ घंटों में गरज के साथ बारिश होगी. कुछ जगहों पर वज्रपात भी होने की प्रबल संभावना है.



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने तात्कालिक चेतावनी में कहा है कि पाकुड़, साहिबगंज, दुमका और गोड्डा के साथ-साथ गिरिडीह जिले के कुछ भागों में अगले कुछ घंटों में गरज के साथ बारिश होगी. वज्रपात भी होने की संभावना है. इसलिए सावधान और सतर्क रहें.

उधर, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू रांची) के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र ने कहा है कि 3 सितंबर को झारखंड में लगभग 6 मिलीमीटर वर्षा हो सकती है. आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे. अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने का अनुमान है.

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 4 सितंबर को बादल छाए रहेंगे. 8 मिलीमीटर वर्षा होने की उम्मीद है. सापेक्षिक आर्द्रता 59 से 91 प्रतिशत के बीच रहेगा. अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रहेगा. हवा की दक्षिणी-पश्चिमी हवा की रफ्तार 6 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी.

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे. 7 सितंबर तक हल्की वर्षा होने की संभावना है. तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है. हवा की गति सामान्य से अधिक रहने की संभावना है. कृषि विश्वविद्यालय की ओर से किसानों को कुछ खास सलाह दी गई है.

## धनबाद के इनकम टैक्स अधिकारी ने कर दिया कमाल, माउंट एवरेस्ट पर लहराया तिरंगा

**धनबाद, एजेंसी।** वह घने जंगलों और पर्वतों में पैदल घूमने के शौकीन थे। पढ़ाई से वक्त मिलता तो कालेज के दोस्तों के साथ निकल पड़ते। इसी शौक ने पर्वतारोही बनाया, दुनिया की 42 चोटियों को जीत लिया। 1997 में पहली बार गढ़वाल के माउंट कामेट की ऊंचाई नाप दी। उनका सपना विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर फतह का था। बस साथियों को लेकर निकले और 57 दिनों में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर तिरंगा फहरा दिया।

जी हां, बात हो रही है आयकर विभाग धनबाद के संयुक्त सचिव देबाशीष विश्वास की। दुर्गम मानी जाने वाली पर्वत चोटी कंचनजंगा पर भी विजय पताका फहरा दी। देश के इस पहले सिविलियन देबाशीष ने इस माह सेंट्रल एशिया की 5000 मीटर ऊंची काकेशस पर्वत की चोटी को भी मात दे दी।

यह पर्वतीय चोटी सेंट्रल एशिया के जार्जिया और अजरबैजान में है। उनके साथ अन्य चार भारतीय पर्वतारोही थे। 20 जुलाई



को यात्रा शुरू की, 19 अगस्त को टीम लौटी। वे कहते हैं, पर्वतों पर फतह का सफर बदस्तूर आगे भी चलेगा। देबाशीष कहते हैं कि एवरेस्ट व कंचनजंगा के साथ अन्नपूर्णा, मकालु, मानसलु, ल्होत्से, धौलागिरि, कामेट, शिव, शिवलिंग, पनवालीदार, इंद्रासन, आमा देबलाम, पामीर जैसे दुरूह शिखरों समेत विश्व के 42 सबसे ऊंची पर्वत चोटियों तक पहुंचे हैं। हौसला नहीं खोया तो कदम दर कदम पर्वतों पर जीत का सिलसिला चलता रहा।

इनके एवरेस्ट पहुंचने का वाकया दिलचस्प है। एक अप्रैल 2010 को सफर पर निकले थे। तिब्बत के रास्ते पहुंचना बजट फ्रेंडली है, बावजूद अनुमति नहीं मिली तो नेपाल के रास्ते कदम बढ़ाया। काठमांडू से लुकला प्लेन से पहुंचे। वहां से ट्रैकिंग शुरू हुई। बर्फ और चट्टानों से जंग लड़ते हुए 14 अप्रैल को 5400 मीटर ऊंचे बेस कैंप पहुंचे।

फिर 6100 मीटर पर कैंप-एक, 6400 मीटर पर कैंप-2, 7300 मीटर पर कैंप-3 और 7955 मीटर ऊंचाई पर कैंप-4 पहुंच गए। कैंप-4 के बाद माउंट एवरेस्ट पर विजय पताका लहराने का अवसर मिला। अभियान पूरा कर 27 मई को लौट आए। सौरभ गांगुली के शो के रहे विजेता, कई मेडल पड़े हैं झोली में देबाशीष भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली के बहुचर्चित टेलीविजन शो दादागीरी के विजेता रहे हैं।

साथ ही तेंजिंग नार्गे नेशनल एडवेंचर अवार्ड, सेंट्रल रेवेन्यू स्पोर्ट्स एंड कल्चरल बोर्ड विशिष्ट अवार्ड, इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन गोल्ड मेडल, रदोनाथ सिकदार तेंजिंग नार्गे अवार्ड, बंगाल कोलकाता कारपोरेशन की ओर से कोलकाता श्री, मदर टेरेसा इंटरनेशनल अवार्ड समेत अन्य सम्मान से नवाजे जा चुके हैं।

पर्वतारोहण पर लिखीं 11 पुस्तकें, कोलकाता फिल्म फेस्टिवल में मचाई धूम देबाशीष ने पर्वतारोहण से जुड़ी 11 पुस्तकों की रचना की। हिंदी में भी इनकी पुस्तक जल्द आएगी, उस पर काम कर रहे। पर्वतारोहण पर 11 फिल्में शूट कर चुके हैं। उनकी फिल्मों ने कोलकाता फिल्म फेस्टिवल और एडवेंचर फिल्म फेस्टिवल में खूब धूम भी मचाई।

ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन, कोलकाता ट्रम जैसे संगठनों से जुड़े हैं। एडवेंचर लवर्स और एडवेंचर से जुड़ी गतिविधियों के लिए ओपन ग्रुप आरोहण वंडरलस्ट तैयार किया है।

धनबाद में देबाशीष वर्ष 2015-16 में आयकर विभाग में सहायक आयुक्त थे। कुछ माह पहले संयुक्त आयुक्त बनकर पहुंचे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड साहसिक समिति के अखिल भारतीय सहायक समन्वयक व बंगाल पर्वतारोहण और साहसिक खेल फाउंडेशन के शासी निकाय के सदस्य और पर्वत बचाव के समन्वयक भी हैं।

## एटीएस ने रांची के जंगल में चलाया सर्च अभियान, अलकायदा से जुड़े चार युवकों ने छिपा रखे थे हथियार

**रांची, एजेंसी।** दिल्ली से एटीएस की टीम पूर्व में गिरफ्तार कुडू के कौवाखाप निवासी व अलकायदा से जुड़े अल्ताफ व चार अन्य युवकों को लेकर मंगलवार को चान्हो थाना क्षेत्र स्थित नकटा पहाड़ के जंगल में गयी. इसी जंगल में उनके द्वारा हथियार छिपा कर रखने की जानकारी दिल्ली एटीएस को मिली है. इसके बाद एटीएस की टीम अल्ताफ व अन्य चार को दिल्ली से लेकर वहां पहुंची. एटीएस की टीम ने सुबह से शाम तक जंगल के विभिन्न इलाकों में सर्च अभियान चलाया और छापेमारी की.

इस अभियान के दौरान दिल्ली एटीएस के साथ झारखंड एटीएस की टीम भी साथ थी. हालांकि जंगल से क्या मिला इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है. गौरतलब है कि 22 अगस्त को दिल्ली एटीएस की टीम ने झारखंड के 16 स्थानों पर छापेमारी की थी. उसी दौरान रांची से अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट मॉड्यूल के लीडर डॉ इश्तेयाक को गिरफ्तार किया था. डॉ इश्तेयाक अहमद के साथ हजारीबाग के लोहसिंहना से फैजान उर्फ मुन्ना, रांची के चान्हो से मो रिजवान व मुफ्ती रहमतुल्ला तथा लोहरदगा के कुडू से अल्ताफ को गिरफ्तार किया गया था.

चान्हो स्थित अल्ट्रासाउंड संस्थान मेडिकाना नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है. संस्थान का संचालक डॉ इश्तियाक अहमद है. उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने संस्थान का निबंधन तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए संस्थान में अल्ट्रासाउंड कार्य बंद रखने का आदेश दिया है. साथ ही यूएसजी मशीन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ एवं उसे स्थानांतरित नहीं करने का आदेश दिया है, वर्ना पीसी एवं पीएनडीटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी. भारत सरकार के सुरक्षा तंत्रों द्वारा डॉ इश्तियाक को आतंकी गतिविधियों में शामिल बताया गया है.

## चंपई सोरेन के घर के बाहर से हटे सुरक्षा कर्मी, बेटे-सलाहकार को मिले अंगरक्षक भी वापस

**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपई सोरेन के जिलिंगगोड़ा स्थित घर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों को राज्य सरकार के आदेश से हटा लिया गया है। इसके साथ ही चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी उर्फ चंचल को राज्य सरकार की ओर से जो अंगरक्षक दिए गए थे उसे हटा लिया गया है।

वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को जो अंगरक्षक दिए गए थे वे उसी तरह से तैनात है। पूर्व की भांति की उनके प्रत्येक दौरे के क्रम में अंगरक्षक उनके साथ रहेंगे। सूत्रों की माने तो घर की सुरक्षा में तैनात तीन से चार जवानों को हटा दिया गया था लेकिन जल्द ही पुन~ उन अंगरक्षकों को बहाल कर दिया जाएगा।

राज्य सरकार के इस निर्देश के बाद ग्रामीणों में हेमंत सरकार के इस आदेश के



प्रति आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि चंपई सोरेन जमीन से जुड़े नेता है। अगर उन्हें राज्य सरकार ने सुरक्षा दी थी तो उसे हटाना नहीं चाहिए था। जिस नेता ने झारखंड अलग राज्य के लिए आन्दोलन किए। जंगलों की खाक छानी। ऐसे नेता को प्रति झारखंड सरकार का व्यवहार अशोभनीय है।

बता दें कि 30 अगस्त को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। उन्होंने इस दौरान झामुमो पर कई हमले भी किए। चंपई सोरेन कोल्हान क्षेत्र के दिग्गज नेता माने जाते हैं। माना जा रहा है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक खेला है। भाजपा को इसका फायदा आगामी विधानसभा चुनाव में दिख सकता है। कुछ सीटों में इजाफा होने की उम्मीद है।

## पूर्वी सिंहभूम में 18-19 वर्ष की आयु के 77172 नये मतदाता बने, पहली बार करेंगे वोट

**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम में विधानसभा चुनाव से पहले 18 से 19 वर्ष की आयु के 77172 नए मतदाता जुड़े हैं. ये लोग पहली बार झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान करेंगे. मतदाता पुनरीक्षण अभियान के बाद यह जानकारी सामने आई है.

इधर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने समाहरणालय सभागार में पूर्वी सिंहभूम जिले के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 25 जुलाई से 27 अगस्त 2024 तक 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण गतिविधियां संचालित की गयी थी. इसके तहत 27 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया.मतदाता सूची के फाइनल प्रकाशन में कुल 18,54,767 मतदाता सूचीबद्ध किए गये. इसमें 9,27,747 पुरूष, 9,26,883 महिला एवं 137 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं. 18 से 19 वर्ष की आयु के 77,172 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है.डीसी ने बताया कि पूर्वी सिंहभूम जिले में इपी रेसियो 64~50 तथा लिंगानुपात 999 है. संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 20,748 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए भी गए हैं.झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग चुनावी जागरूकता के लिए झारखंड चुनाव क्विज का आयोजन कर रहा है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# शिक्षक दिवस के अवसर पर ई.आदर्श रंजन सिंह ने निम्नलिखित बयान किया जारी

"आज शिक्षक दिवस के इस विशेष अवसर पर, मैं सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन हमें शिक्षा के महत्व और शिक्षक-शिष्य के रिश्ते की अनमोल गहराई को फिर से याद दिलाता है। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह एक जीवन-परिवर्तनकारी प्रक्रिया है जो छात्रों को न केवल अकादमिक सफलता बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए प्रेरित करती है। शिक्षक के रूप में हमारी जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम को पूरा करने तक सीमित नहीं है। हमें अपने विद्यार्थियों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा देनी होती है। उनका मार्गदर्शन करते हुए हमें उन्हें आत्म-विश्वास, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ तैयार करना होता है। आज के दिन, हम अपने उन सभी समर्पित शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव और ज्ञान के साथ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षकों का योगदान समाज की प्रगति में कितना महत्वपूर्ण है और हमें हमेशा उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना रखनी चाहिए। हमारी शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य केवल ज्ञान का प्रसार नहीं है, बल्कि



**ई.आदर्श रंजन सिंह**
**सहायक प्राध्यापक**
**किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज, औरंगाबाद (बिहार)**

यह एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर विद्यार्थी अपने पूर्ण संभावनाओं को पहचान सके और उन्हें साकार कर सके। इस दिशा में हम सभी मिलकर काम करें और शिक्षण की इस पवित्र जिम्मेदारी को निभाने में निरंतर तत्पर रहें। एक बार फिर, शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को मेरी तरफ से ढेरों शुभकामनाएँ। आइए हम सभी मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ते रहें और समाज के हर एक व्यक्ति को अपने ज्ञान से लाभान्वित करें।

# कोर्ट का सख्त संदेश

दिल्ली एक्साइज पॉलिसी से जुड़े मामले में भारत राष्ट्र समिति की नेता और एमएलसी के. कविता को जमानत देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला जांच एजेंसियों के लिए एक जोरदार झटका है। इस हाईप्रोफाइल मामले में कई विपक्षी नेता गिरफ्तार हुए हैं। हालांकि कोर्ट से जमानत मिलना आरोपी के बेकसूर होने का सबूत नहीं माना जाता, लेकिन इस मामले में कई ऐसी बातें हैं जो जांच एजेंसी के रुख पर सवाल खड़े करती हैं। पहली नजर में के. कविता को जमानत देने का यह फैसला दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत जैसा इसलिए भी लगता है क्योंकि दोनों मामलों में आधार एक ही है। ताजा मामले में कोर्ट ने पाया कि सीबीआई और ईडी की जांच पूरी हो चुकी है। 493 गवाह और 50 हजार दस्तावेज से जाहिर है कि इस मामले में ट्रायल जल्द नहीं पूरा होने वाला। ऐसे में अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में बदलने देना सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जमानत की अर्जी ठुकराए जाने के फैसले को न सिर्फ पलटा, बल्कि उसके नजरिए की आलोचना भी की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जब प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्डरिंग एक्ट के तहत महिला, नाबालिग और बीमार के लिए जमानत की विशेष व्यवस्था की गई है तो फिर हाईकोर्ट का इस आधार पर जमानत देने से इनकार करना गलत है कि के. कविता शिक्षित महिला हैं। इस तरह से इस कानून में महिलाओं की एक उपश्रेणी बनाने की जानी अनजानी कोशिश उपयुक्त नहीं मानी गई। कोर्ट ने हालांकि अपने फैसले में केस के मेरिट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन जांच एजेंसियों से यह पूछा कि वे मनमाने ढंग से किसी को आरोपी बनाने और किसी को गवाह बना देने का फैसला कैसे कर सकती हैं। कोर्ट ने साफ कहा कि अभियोजन पक्ष को निष्पक्ष होना चाहिए।

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा?

**(ललित गर्ग)**

डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवाई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा-डंकी प्रेक्टिस का तब पर्दाफाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया।

*हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती के लिये 48 लाख से भी अधिक युवा-प्रार्थियों ने आवेदन किया है।*

उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा-सपनों को चूर-चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ-साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं। डंकी रूट के ज़रिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका-कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फ़ीले तूफ़ान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हो गई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली-ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं। शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे-कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। 'डंकी रूट' एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां-बाप जमीन बेचकर व अपने गहने-मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है। हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका-मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए।

# गैरों पे करम, अपनों पे सितम... स्टॉहोम सिंड्रोम के दलदल में धंसती ही जा रही बीजेपी

**(नवीन कुमार पाण्डेय)**

उत्तर प्रदेश में कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रवक्ता का पद तो नहीं दिया गया था, लेकिन उन्हें वक्त-बेवक्त टीवी चैनलों के डिबेट प्रोग्राम्स में भाग लेने भेज दिया जाता था। एक बार अमित शाह यूपी आए तो उनमें से एक कार्यकर्ता को उनसे बात करने का मौका मिल गया। शाह ने उन्हें सामने देख टोका और पूछा कि क्या चल रहा है। शाह के सवाल पर कार्यकर्ता ने अपने मन की बात कह दी। उन्होंने कहा कि सब ठीक है, बस एक दिक्कत यह है कि हम टीवी चैनलों पर जाते तो हैं, लेकिन पार्टी की तरफ से कोई अथॉरिटी नहीं मिलने के कारण हमारी बातों का वजन थोड़ा कम होता है। उन्होंने कहा कि बस इसी डीलिंग में दिक्कत होती है। इस पर शाह ने आव देखा ना ताव और झट से कह दिया- परेशानी होती है तो छोड़ दो। कार्यकर्ता की स्थिति ऐसी हो गई कि काटे तो खून नहीं। यह कहानी हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में बताई। आज बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की लिस्ट देख लीजिए, ज्यादातर दूसरी पार्टियों से आए हैं। तो क्या बीजेपी में ऐसे लोगों की कमी है जो उसकी विचारधारा को सही तरीके से मीडिया के सामने रख सके? क्या बीजेपी में इस हद तक ब्रेन ड्रेन है कि उसके संस्कारों में पले-बढ़े नेता पार्टी का बचाव करने के लायक भी नहीं होते? जानकार कहते हैं कि जनसंघ के वक्त से ही पार्टी पर हीनता भाव हावी रहा है। उसे अपने प्रतिस्पर्धी ज्यादा काबिल नजर आते हैं, अपने लोग अयोग्य। एक विचार यह है कि बात काबिलियत की नहीं रणनीति की है। तब की जनसंघ, फिर बीजेपी ने अपने खिलाफ विरोध का स्वर कमजोर करने के उद्देश्य से विरोधियों को ही अपने पाले में लाने की रणनीति अपनाई। इसमें कोई संदेह नहीं कि विरोधी को मिलाना एक 'मास्टर स्ट्रोक' है, लेकिन अति सर्वत्र वर्जयेत। संतुलन सभी सिद्धांतों का नाभिनाल है। संतुलन खोने पर बड़े से बड़ा सिद्धांत अपनी प्रासंगिकता खो देता है। पहले जब प्रतिस्पर्धियों को अपने खेमे में लाया जाता था तो उनका एक कूलिंग पीरियड होता था। बीजेपी दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को पहले अपने संस्कारों में ढालती थी, फिर कुछ ऑफर करती थी। अब मोदी-शाह की बीजेपी ने नियम बदल दिया है। ऐसा लगता है कि बीजेपी खुद हर मौके पर ऑफर हाथों में लेकर खड़ी हो जाती है। जिसे ऑफर पसंद आता है वो कंसल्ट करता है और डील फाइनल। अब कोई कूलिंग पीरियड नहीं, आते ही पाइए। ऐसे में वर्षों से सेवा करते कार्यकर्ता ठगे महसूस करते हैं। ऊपर बताई गई यूपी के कार्यकर्ता की कहानी याद कर लीजिए। सोचिए, एक तरफ दूसरों के लिए आओ और पाओ की नीति जबकि अपनों के लिए लगे रहो का दंड! यह दंड ही है। मोदी-शाह की बीजेपी के चाल-चलन पर गौर करेंगे तो दिखेगा कि अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को दंड देने की परिपाटी दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से बढ़ रही है। दूसरी तरफ जितना घोर विरोधी, उतना बड़ा ऑफर। यह पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर मतदाताओं एवं विभिन्न क्षेत्रों के समर्थकों तक पर लागू होता है। ऐसा लगता है कि मोदी-शाह की बीजेपी ने यह मान लिया है कि बीजेपी के कार्यकर्ता, मतदाता और समर्थक स्वाभाविक तौर पर निम्नतर होते हैं और विरोध करने वाले सौ फीसदी उच्च कोटि के। फिर प्रतिस्पर्धा या विरोधी और दुश्मन में फर्क होता है। कृपाशंकर सिंह जैसे नेता को न केवल पार्टी में लाना बल्कि तुरंत चुनाव का टिकट देना बताता है कि आज की बीजेपी किस कदर अपनों को छोड़कर दूसरों की तरफ भागती है। लोकसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की फजीहत के कारणों का विश्लेषण आज भी हो रहा है और सभी मान रहे हैं कि निराश कार्यकर्ताओं ने अपना जोर नहीं लगाया। ये बीजेपी ही है जिसने पश्चिम बंगाल में अपने मतदाताओं को राज्य प्रायोजित हिंसा का शिकार होने दिया और दिखावे के विरोध-प्रदर्शन के सिवा जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कि जिससे आगे ममता बनर्जी की सरकार, उनकी पार्टी टीएमसी के गुंडे और शासन-प्रशासन बीजेपी समर्थकों को अनुचित रूप से प्रताड़ित करने की सोच भी न सके।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा। मन में हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और हर मामले में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है तो आपका मन प्रसन्न होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम के व्क्त धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग बनने से खुशी होगा।

### वृष

आज दिन बदलाव से भरा हो सकता है और आपका भाग्य इसमें आपका साथ देगा। ऑफिस में आपकी तरक्की को देखकर लोग आपसे जलेंगे और उनका मूड खराब रहेगा। आपका दिन परोपकार करने में और दूसरों की मदद करने में बीतेगा और ऐसा करने से आपको सुकून मिलेगा। अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

### मिथुन

आज सफलता प्राप्त होगी। संतान की तरक्की को देखकर आप खुश होंगे। आप प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तो आपको रुका धन मिलेगा। पाचन क्रिया में परेशानी आ सकती है। शाम से लेकर रात तक आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

### कर्क

आज दिन काफी दौड़भाग वाला रहेगा। अचानक से आपको शारीरिक कष्ट और भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आपके लिए खर्च की स्थिति अधिक आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैद्यानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त आपकी सेहत में सुधार होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### सिंह

आज करियर में लाभ होगा। आपको किसी काम से पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सांयकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह काम आएगी और आपकी तरक्की होगी।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और कुछ जरूरी कार्य आपके पूरे हो सकते हैं। पुण्य कार्यों पर आपका धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वन्दियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कहीं से कोई शुभ समाचार मिलने से आपको हर्ष होगा।

### तुला

आज किस्मत साथ दे रही है और दिन परिजनों के साथ आनंद में बीतेगा। दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिल सकता है और आपका मन खुश रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के वक्त मेहमानों के आने से आपको खुशी होगी और उनके साथ वक्त अच्छा बीतेगा। अतिथि के आगमन से हर्ष होगा। रात में किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने से आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक

आज दिन शुभ है और आपके लिए विशेष उपलब्धि हासिल करने के योग बन रहे हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे। वाक्पटुता से आपको लाभ होगा। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद और लाभ देने वाली होगा।

### मकर

आज लाभ होगा और आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आपके सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचें और अपने काम पर फोकस करें। परिवार के लोगों के साथ शाम को सैर सपाटे और मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ

आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और रुके कार्य पर आपका धन खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपके सहयोगी आपकी हर मामले में आपकी मदद करेंगे। तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के मामले में लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। आपको बिना कारण के कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं।

### धनु

आज लाभ होगा और उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी और आपकी कोई बड़ी अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और किसी मामले में व्यर्थ व्यय से बचें। शाम से लेकर रात तक आपको दौड़भाग के मामले में बचने की सलाह है। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। किसी महान व्यक्ति से आपकी मुलाकात होने पर आपको खुशी होगी और आप आगे बढ़ेंगे।

### मीन

आज लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति से आपको हर्ष होगा। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आपके लिए पछतावे की वजह बन सकता है। सांयकाल से देर रात तक देव दर्शन का लाभ लें। मन पूजापाठ में लगेगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5483

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5482

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## वर्ग पहेली 5483



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1995 को इस देश की क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर शारजहां कप (फाइनल ट्रॉफी) अपने नाम किया (3)
4. 1930 में भारत में उच्च न्यायाल की इस प्रथम महिला न्यायाधीश ने जन्म लिया था (4)
7. अमानत में खयानत, प्रेमचंद की एक प्रसिद्ध कृति (3)
8. क्षण, लम्हा (2)
9. झुकना, प्रणाम करना (3)
11. बटा हुआ महीन रेशम, पहनावा, वेष-विन्यास (2)
12. अहित कामना सूचक शब्द (2)
15. निकटस्थ वस्तु का निदेशक सर्वनाम (2)
16. देवों का शत्रु होने के कारण असुर को यह भी कहा जाता है (4)
18. अशांवतार, धर्मपुत्र (4)
20. मित्र, दोस्त, सखा (2)
21. प्रदर्शित करना, बताना (3)
23. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां असुर राज करते है (4)


**ऊपर से नीचे**

1. किसी शुभ कार्य का आरंभ (7)
2. आधार से समकोण बनाती हुई ऊपर जाने वाली रेखा (2)
3. जंगल, अरण्य, वन (3)
4. लेप करना (3)
5. इंद्रधनुष के रंगों में से एक, मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
6. छलपूर्वक किसी का माल, असबाब आदि हर लेना (3)
10. देवों के देव होने के कारण भगवान शंकर का एक नाम (4)
13. तीन घंटे का समय, याम (3)
14. मुक्त हस्त, उदारमन, दिलदरियाव (5)
17. पूर्वज, सयाना और वृद्ध व्यक्ति (3)
19. पति का छोटा भाई यह कहलाता है, धर्मेंद्र, शर्मिला टेगोर की 1966 की एक सफल फिल्म (3)
22. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)

### वर्ग पहेली 5482 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | अं | ग | द | | दां | ते |
| ल | ट | क | न | | स | त | ह |
| ज़ा | | | पा | व | न | | रा |
| र | श्क | | व | ह | म | | न |
| | | रो | ड | | | बिं | |
| | उ | ज़ | र | त | | दू | आ |
| आ | | गा | | मी | | | खि |
| ह | स | र | त | ज | य | पु | री |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009



# शरीर में विटामिन सी की मात्रा बढ़ने से क्या होगा?

**विटामिन सी शरीर के लिए बेहद जरूरी है, कई बार लोग इसके लिए सप्लीमेंट्स लेने लगते हैं,जिससे शरीर में इसकी मात्रा बढ़ जाती है और शरीर को नुकसान होने लगता है।**

विटामिन सी हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को सशक्त बनाता है। इसके अलावा भी इसके कोई फायदे हैं। जैसे यह त्वचा के लिए फायदेमंद है। बालों को भी फायदा पहुंचता है लेकिन क्या होगा जब इसे अत्यधिक मात्रा में सेवन किया जाए? क्या विटामिन सी की मात्रा शरीर में बढ़ने से कोई परेशानी होती है?

## शरीर में विटामिन सी की मात्रा बढ़ने से क्या होगा?

- एक्सपर्ट के मुताबिक विटामिन सी के अत्यधिक सेवन से पाचन संबंधित समस्याएं हो सकती हैं, जैसे दस्त, मतली, उल्टी, पेट में दर्द, ऐंठन। यह लक्षण आमतौर पर सप्लीमेंट्स के सेवन से जुड़े होते हैं ना कि विटामिन सी वाले खाद्य पदार्थ से।
- विटामिन सी का अधिक सेवन शरीर में अन्य जरूरी खनिजों जैसे तांबा और विटामिन बी12 के अवशोषण को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा विटामिन सी गैर हेम आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है,यह उन लोगों में आयरन की अधिकता का कारण बनता है जो इसे संवेदनशील हैं।
- बहुत लंबे वक्त तक उच्च विटामिन सी का सेवन कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ा सकता है जैसे किडनी स्टोन विटामिन सी के उच्च स्तर से ऑक्सलेट और यूरिक एसिड में उत्सर्जन होते हैं, जिससे किडनी स्टोन बनने की संभावना बढ़ जाती है। जिन लोगों को किडनी स्टोन की हिस्ट्री रही है वह खास करके इस समस्या के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं।
- इसके अलावा विटामिन सी कुछ दवाओं के साथ रिएक्ट कर सकता है। रक्त पतला करने वाली दवा की क्रिया को प्रभावित कर सकता है।
- इसके अलावा कुछ एंटीवायरस दावों की प्रभावशीलता को कम कर सकता है। ऐसे में अगर आप कुछ खास दवाएं ले रहे हैं तो विटामिन सी सप्लीमेंट्स लेने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें।



# खाना खाते वक्त ना करें ये गलतियां

## सेहत को होते हैं नुकसान

तीन वक्त का खाना बेहद जरूरी है और हम इसे बखूबी खाते भी हैं,लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो सही खान-पान के बावजूद सेहतमंद महसूस नहीं करते हैं। दरअसल इसके पीछे हमारी कुछ खराब खाने पीने की आदतें जिम्मेदार होती हैं। खाने के दौरान हम कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिसके कारण हमारी सेहत पर असर पड़ता है आज हम आपको एक्सपर्ट लवलीन कौर के जानते हैं। खाना खाते वक्त ना करें ये गलतियां, सेहत को होते हैं नुकसान

हेल्थ एक्सपर्ट बताती है कि हम में से कई लोग ऐसे होते हैं जो बेवजह बिना भूख के भी खाना खाते हैं। ऐसे खाना खाने से वजन भी बढ़ता है और पाचन की समस्या हो सकती है। जरूरी है कि आप अपने शरीर के भूख के संकेतों को समझें और तभी खाएं, जब आपको वास्तव में भूख लगे। ऐसा करने से आपका पाचन तंत्र भोजन को अधिक प्रभावी ढंग से प्रोसेस करने में मदद करता है। सच्ची भूख लगने पर ही आप पोषक तत्वों को बेहतर अवशोषण करते हैं इससे ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। एक्सपर्ट बताती है कि हम लोग खाना अचानक से जल्दबाजी खाने लगते हैं,जो की बिल्कुल भी सही नहीं है। खाना शुरू करने से पहले 5 से 6 बार गहरी सांस लेना जरूरी होता है, ताकि आप शांत अवस्था में आ सकें। इस तकनीक से आप पैरासिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम को सक्रिय करते हैं जो आराम और पाचन क्रिया के लिए जरूरी होता है। इससे ऑक्सीजन आपके सेल्स तक पहुंचती है,इस तरह आप अपने मन और शरीर को शांत करके आप अपने शरीर की पोषक तत्व को अवशोषित करने की क्षमता को बढ़ाते हैं। इससे पाचन क्रिया को भी सुधारने में मदद मिलती है। और सबसे बड़ी गलती यह है कि अक्सर हम भोजन को लेकर शिकायत करते हैं। जैसे खाना खराब बना है, यह तो मैं खाता ही नहीं हूं, यह तो कल ही खाया था। भोजन के बारे में शिकायत करने की बजाय आभार व्यक्त करें। अपने भोजन को सराहें, इससे पाचन और मानसिक कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आप खाना खाने के बाद अच्छा फील करते हैं और खुश रहने से शरीर में खाना लगता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि इन छोटे-छोटे बदलाव को अपने रूटीन में शामिल करके आपके पाचन और ओवर ऑल हेल्थ में सुधार हो सकता है।



# थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए खाएं यह रोटी

आजकल थायराइड की समस्या बढ़ती जा रही है। खासकर, महिलाओं में यह दिक्कत काफी देखने को मिल रही है। थायराइड ग्लैंड तितली की शेप की होती है। यह हमारे शरीर की जरूरी ग्रंथियों में से एक है। इससे थायराइड हार्मोन का उत्पादन होता है। जब यह सामान्य से कम या ज्यादा हो जाता है, तो हाइपोथायराइड या हाइपरथायराइड की समस्या होती है। शरीर में थायराइड हार्मोनल इंबैलेंस होने पर, इसका असर शरीर के कई फंक्शन्स पर होता है। आजकल अनियमित जीवनशैली और गलत खान-पान की वजह थायराइड इंबैलेंस की दिक्कत काफी आम हो गई है। इसे मैनेज करने के लिए, सही डाइट पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

### थायराइड पेशेंट्स को डाइट में शामिल करनी चाहिए यह रोटी

- यह रोटी, विटामिन-ए, सेलेनियम, जिंक, आयरन और डाइटरी फाइबर से भरपूर है।
- ज्वार का आटा, इंसुलिन सेंसिटिविटी को सुधारता है।
- कच्चा पपीता, विटामिन-ए से भरपूर होता है। यह थायराइड फंक्शन को सुधारता है।
- धनिये की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये थायराइड लेवल को मैनेज करने में मदद करते हैं।
- सूरजमुखी के बीज सेलेनियम से भरपूर होते हैं। ये इनएक्टिव थायराइड टी4 को एक्टिव थायराइड टी3 में बदलने का काम करते हैं।
- कद्दू के बीज, जिंक से भरपूर होते हैं। ये थायराइड मेटाबॉलिज्म को सुधारते हैं।
- जीरा, आयरन से भरपूर होता है और शरीर में आयरन की कमी को पूरा करता है।
- थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए, डाइट में इस रोटी को जरूर शामिल करें।
- थायराइड लेवल को मैनेज करने में मदद करेगी यह रोटी

### सामग्री

ज्वार का आटा- 30 ग्राम, धनिये की पत्तियां- मुट्ठी भर, कच्चा पपीता- 2 टेबलस्पून, कद्दू के बीज- 1 टीस्पून (पिसे हुए), सूरजमुखी के बीज- 1 टीस्पून (पिसे हुए), जीरा पाउडर- आधा टीस्पून, धनिये के बीजों का पाउडर- 1 टीस्पून, पानी- 200 मि.ली.

### विधि

- एक पैन में पानी डालें।
- अब इसमें सारी चीजें डालकर इसे मिक्स कर लें।
- इसे 5-7 मिनट के लिए अलग रख दें।
- अब इसे अच्छे से गूंथ लें।
- इससे छोटी छोटी गोलियां बनाएं।
- इसे बेलकर रोटी बना लें।
- इसे दोनों तरफ से सेंके।
- आपकी रोटी तैयार है।






# शाकाहारी लोग प्रोटीन की कमी दूर करने के लिए खाएं ये 6 चीजें

**प्रोटीन हमारे शरीर के लिए कई तरह से जरूरी है। यह हमारे शरीर के लिए केमिकल बिल्डिंग ब्लॉक की तरह काम करता है। इसे अमीनो एसिड कहते हैं। शरीर इसका इस्तेमाल हड्डियों और मांसपेशियों के निर्माण और रखरखाव के लिए करता है। यह सेल्स को रिपेयर करने के साथ ही कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है।**

मांस मछली प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत माना जाता है, लेकिन जो लोग शाकाहारी होते हैं उनके लिए बड़ी समस्या हो जाती है कि आखिर प्रोटीन के लिए क्या खाएं। ऐसे में आज हम आपको दाल के कुछ प्रकार बता रहे हैं जो प्रोटीन से भरपूर हैं। इन्हें प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत माना जाता है।

- प्रोटीन की कमी पूरी करने के लिए आप चावला बीन्स खा सकते हैं। इसमें प्रोटीन और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन में भी सहायता करती है और तृप्ति को बढ़ावा देती है।
- काबुली चना जिसे हम चिकपीस के नाम से भी जानते हैं। यह एक वर्सेटाइल दाल है जो मांसपेशियों की वृद्धि और हृदय स्वास्थ्य को समर्थन देती है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होने के कारण यह मांसपेशियों की मरम्मत में योगदान देती है।
- ब्लैक बीन्स एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन से भरपूर होते हैं, यह स्वस्थ रक्त शर्करा स्तर को बनाए रखने के लिए आदर्श माने जाते हैं।
- लाल मसूर दाल भी प्रोटीन और आयरन में उच्च होती है। यह ऊर्जा स्तर को बढ़ाने और एनीमिया से लड़ने के लिए भी बेहतरीन है।
- हरी मटर प्रोटीन से भरपूर है जो प्रतिरक्षा प्रणाली और त्वचा के स्वास्थ्य को भी समर्थन देती है। इसमें जरूरी विटामिन और मिनरल्स जैसे विटामिन सी, विटामिन के होते हैं जो इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं।
- राजमा भी प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है। इसके अलावा भी यह जरूरी खनिजों से भरपूर है। यह मांसपेशियों की मरम्मत और ओवर ऑल हेल्थ के लिए आदर्श होते हैं। राजमा में फाइबर की भी अच्छी मात्रा होती है यह पाचन तंत्र को भी सही बनाए रखने में मदद करते हैं।





# आंखों की रोशनी बढ़ाने से लेकर डायबिटीज तक कंट्रोल करता है ये जंगली पौधा

**किनगोड़ एक जंगली पौधा है जो विशेष रूप से उत्तराखंड में पाया जाता है। यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है और खाने में भी काफी स्वादिष्ट होता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ यह डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है।**

हमारे चारों ओर कई सारे पेड़ पौधे हैं जो ना सिर्फ हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि इनके फूल, पत्तों, जड़ों और लड़कियों से कई तरह की बीमारियों का इलाज भी किया जाता है। ऐसा ही एक जंगली पौधा है किनगोड़ जो पहाड़ों में पाया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग खेतों की बाढ़ के लिए किया जाता है, लेकिन यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके बीज से लेकर जड़ तक के अलग अलग फायदे होते हैं। कंटीली झाड़ी वाला पौधा किनगोड़ समुद्रतल से 1200 से 1800 मीटर की ऊंचाई पर उगता है। इसका वानस्पतिक नाम बर्बेरिस एरिस्टाटा है। किनगोड़ में बर्बेरिन नाम का केमिकल मौजूद होता है जिसके कारण इसका रंग पीला होता है। आयुर्वेद के अलावा किनगोड़ का उपयोग एलोपैथी में भी किया जाता है। यही वजह है कि कई फार्मा कंपनियां भी बर्बेरिन का इस्तेमाल करती हैं। आइए आपको इसके फायदों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

### गुणों का खजाना किनगोड़

किनगोड़ में कई पोषक तत्व और मिनरल्स पाए जाते हैं। एनसीबीआई के अनुसार इसमें प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, मैग्नीशियम आदि पाया जाता है। आयुर्वेद में इसे एक बहुत ही महत्वपूर्ण औषधि के रूप में जाना जाता है। इस एक पेड़ से जाने कितने तत्व निकाले जाते हैं। स्वाद के मामले में भी यह लाजवाब है।

### कंजंक्टिवाइटिस को ठीक करता है किनगोड़

आंखों से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने के लिए किनगोड़ का इस्तेमाल किया जाता है। कंजेक्टिवाइटिस जिससे आम भाषा में आंख आना कहते हैं किनगोड़ की मदद से बहुत ही कम समय में ठीक हो सकता है। इसके लिए आप किनगोड़ की जड़ को पानी में उबाल लें। जब एक चौथाई पानी बच जाए तो उससे अपनी आंखों को अच्छी तरह साफ करें। कंजेक्टिवाइटिस की समस्या दूर होगी और अन्य नेत्र रोगों से भी छुटकारा मिलेगा।



### यूरिन इन्फेक्शन से बचाव के लिए किनगोड़

किनगोड़ के फलों में पोषक तत्व होते हैं इसके सेवन से यूरिन संबंधी बीमारियों से आराम मिलता है। मानसून में किनगोड़ के पौधे पर लाल काले दाने लगते हैं। यह दाने औषधिय गुणों से भरपूर होते हैं।

### स्किन के भी फायदेमंद किनगोड़

किनगोड़ के फल में विटामिन सी पाया जाता है जो स्किन के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे कील, मुंहासे दाग, धब्बे आदि दूर हो जाते हैं। किनगोड़ का फल खाने से स्किन ग्लो करती है और रंगत में भी निखार आता है।

### डायबिटीज और पीलिया को ठीक करने में सहायक

शुगर के मरीजों के लिए यह बहुत ही असरदार दवा हो सकती है। किनगोड़ की जड़ को पानी में भिगोकर रोजाना सुबह इसका पीने से डायबिटीज कंट्रोल रहता है। आप चाहें तो इसके फल का जूस निकालकर भी पी सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपका ब्लड शुगर नियंत्रित रहेगा बल्कि डायबिटीज से जुड़ी अन्य जटिलताएं भी कम होगी। वहीं किनगोड़ की जड़ का पानी पीने से पीलिया भी ठीक होता है।

# भाजपा सरकार का बड़ा फैसला: पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी



**जयपुर, एजेंसी।** भाजपा सरकार ने बुधवार को पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए एक बड़ा ऐलान किया। राजस्थान की भाजपा सरकार ने बुधवार को राज्य पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 में संशोधन करते हुए पुलिस बल में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। यह कदम भाजपा के...

नेशनल डेस्कः भाजपा सरकार ने कल बुधवार को पुलिस विभाग में महिलाओं के लिए एक बड़ा ऐलान किया। राजस्थान की भाजपा सरकार ने बुधवार को राज्य पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 में संशोधन करते हुए पुलिस बल में महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। यह कदम भाजपा के 2023 विधानसभा चुनाव के घोषणापत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के वादे को पूरा करने की दिशा में उठाया गया है। इस महत्वपूर्ण निर्णय की घोषणा राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद की गई, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की।

उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बैठक के बाद बताया कि इस फैसले से पुलिस बल में महिलाओं से जुड़े मामलों में अधिक संवेदनशीलता आएगी और महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसके अलावा, बैठक में 2021 की सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले पर भी चर्चा की गई।

इस पेपर लीक मामले में अब तक 42 ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर और राजस्थान लोक सेवा आयोग के दो पूर्व सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पटेल ने कहा कि इस मामले में योग्य उम्मीदवारों का चयन हुआ है, इसलिए फिलहाल परीक्षा को रद्द नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

विपक्षी कांग्रेस की ओर से आरपीएससी के पुनर्गठन की मांग पर पटेल ने कहा कि आरपीएससी एक संवैधानिक निकाय है जिसे उचित प्रक्रिया के बिना भंग नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस नेता सचिन पायलट की आलोचना करते हुए कहा कि सभी पहलुओं पर विचार किए बिना इतने बड़े कदम उठाना अनुचित है। पटेल ने यह भी कहा कि कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने बिना उचित विचार-विमर्श और मानदंडों की अनदेखी करते हुए राज्य में नए जिलों का गठन किया था। इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही आगे निर्णय लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शशि थरूर ने कोलकाता में प्रभा खेतान फाउंडेशन की पुस्तक रैक का ताज सिटी सेंटर में अनावरण किया

**कोलकाता, एजेंसी।** अपने मधुर शब्दों के लिए जाने जाने वाले कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कोलकाता के एक होटल में रविवार को अपनी नई पुस्तक ए वंडरलैंड ऑफ वर्ड्सः अराउंड द वर्ड इन 101 एसेज को पढ़ते हुए अपनी बुद्धि और ज्ञान के साथ मधुर बातों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता में कई दिनों की भारी बारिश के बाद जब सुनहरे दिन की शुरुआत हुई, इस सुहाने मौसम में थरूर ने अपने सूक्ष्म हास्यपूर्ण अंदाज से पुस्तक प्रेमियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने अपनी पुस्तक में अपने आकर्षक शब्दों और वाक्पटु प्रस्तुतिकरण से एक ऐसा चित्र खींचा, जो बिल्कुल भी राजनीतिक नहीं है। इस कार्यक्रम के दौरान, 68 वर्षीय श्री थरूर ने न्यू टाउन में स्थित ताज सिटी सेंटर में कोलकाता की सुप्रसिद्ध गैर-लाभकारी ट्रस्ट प्रभा खेतान फाउंडेशन की पुस्तक रैक का अनावरण भी किया। इस मौके पर कांग्रेस सांसद श्री थरूर ने कहा, प्रभा खेतान फाउंडेशन एक ऐसा संगठन है, जिसके साथ मैं कई वर्षों से जुड़ा हुआ हूं।उन्होंने कहा, देशभर में पुस्तकों को बढ़ावा देने के लिए इस संस्था ने देशभर में काफी बेहतरीन काम किया हैं। बुक रैक लॉन्च पहल पर बोलते हुए थरूर ने कहाः उन्होंने जिस पुस्तक रैक का अनावरण किया है, यह पुस्तक रैक, भविष्य में देश भर में उनके द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में हर होटलों, केंद्रों या संस्थानों में मौजूद होगा। उन्होंने कहा, प्रभा खेतान के लिए कुछ करना हमेशा समाजहित में होता है, क्योंकि यह संस्था हमेशा पुस्तक प्रेमियों को पुस्तकों के प्रति जुड़े होने के लिए प्रतिबद्ध करती रहती हैं। उन्होंने फाउंडेशन के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, जिन्होंने ऐसे समय में पुस्तक पढ़ने की आदत को जीवित रखा, जब दुनिया मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से अभिभूत होती जा रही थी। उन्होंने कहा, जहां आज हम लैपटॉप, टेलीविजन या मोबाइल फोन स्क्रीन के अधिक आदी हो गए हैं। हम अब किताबें उठाकर नहीं पढ़ना चाहते हैं। उस घड़ी में लगातार महिला पाठक इस संगठन से जुड़ती जा रही हैं। यह वास्तव में इस दुनिया में इस संगठन के लिए बेहद बड़ी उपलब्धि का विषय है।

### तेलंगाना में पुलिस के साथ गोलीबारी में छह माओवादी ढेर

**भद्राद्री कोठागुडेम, एजेंसी।** पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के वन क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया। तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में बृहस्पतिवार को पुलिस और प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्यों के बीच गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना जिले के वन क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। गोलीबारी में माओवादी संगठन के छह कैडरों को मार गिराया गया।

### दुकान का शटर बंद करते ही महिला की मौत

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद में पवर्तीया कॉलोनी स्थित एक दुकान को बंद करते समय शटर में करंट उतरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान किरन के रूप में हुई है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने महिला के भाई की शिकायत पर पति के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतका के भाई मनोज ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह हरी विहार बल्लभगढ़ में परिवार के साथ रहता है। उन्होंने अपनी बहन किरन की शादी 16 साल पहले पुष्पेंद्र के साथ की थी। पुष्पेंद्र पर्वतीय कालोनी चाचा चौक के पास रहता है। वहीं पर कपड़े की दुकान चलाता है। वह उसकी बहन को परेशान करता था। आए दिन मारपीट की जाती थी। उसे जान से मारने की कोशिश भी की जा चुकी थी। घर से भी निकाल दिया था। पंचायत कर बहन के ससुराल वालों को समझाया गया। कुछ दिन तो वह ठीक रहता लेकिन फिर बाद में वही हरकतें करने लगता। दो सितंबर को उसके बहनोई ने बहन को दुकान का शटर नीचे करने को कहा।

## कांग्रेस मौजूदा सभी 28 विधायकों को उतारेगी विधानसभा के रण में, 66 सीटों पर उम्मीदवार तय

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने सभी मौजूदा 28 विधायकों को टिकट देने जा रही है। 22 विधायकों को टिकट देने का फैसला केंद्रीय चुनाव समिति की तीन दिन पहले हुई बैठक में लिया जा चुका है, बाकी छह विधायकों को चुनावी रण में उतारने का निर्णय बुधवार को लिया। कांग्रेस 66 पर अपने उम्मीदवार तय कर चुकी है, जबकि शेष 24 विधानसभा सीटों पर सिंगल नाम का पैनल तैयार करने के लिए चार वरिष्ठ नेताओं की कमेटी को अधिकृत किया गया है। छह सितंबर के बाद होने वाली कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इन सीटों पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। पार्टी के 28 विधायकों में से तीन विधायक राव दान सिंह, धर्म सिंह छौक्कर और सुरेंद्र पंवार को टिकट नहीं देने की जिद पर पार्टी प्रभारी अड़े हुए थे। समालखा के विधायक धर्म सिंह छौक्कर और उनके बेटे के विरुद्ध आपराधिक केस दर्ज हैं। इसकी शिकायत पार्टी प्रभारी के पास पहुंची। इसी तरह, महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह और उनके बेटे के विरुद्धभी इसी तरह की शिकायत पार्टी प्रभारी पास पहुंची थी। सोनीपत के विधायक सुरेंद्र पंवार को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अभी पंवार जेल मे हैं। इन तीन विधायकों के अलावा तीन विधायक ऐसे थे, जिनकी रिपोर्ट अच्छी नहीं थी, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा पार्टी नेताओं को समझाया गया कि यदि विधायकों का टिकट काटा गया तो इससे पार्टी को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है। सुरेंद्र पंवार के स्थान पर उनकी पुत्रवधू को टिकट दिया जा सकता है। पहली लिस्ट पांच सितंबर की रात अथवा छह सितंबर को आ सकती है। 24 सीटों पर कई-कई दावेदार होने की वजह से टीएस सिंहदेव, मधुसूदन मिस्त्री, अजय माकन, भूपेंद्र हुड्डा और दीपक बाबरिया को इनकी स्क्रीनिंग कर सिंगल नाम का पैनल तैयार करने को कहा गया है। मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी महाराष्ट्र के दौरे से लौटकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक लेंगे।

## महाराष्ट्र में नवंबर में होंगे विधानसभा चुनाव, तैयार रहें कार्यकर्ता: एकनाथ शिंदे

**मुंबई , एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव इसी साल नवंबर में होंगे। सीएम शिंदे ने मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री शिंदे ने शिवसेना के विधायक दिलीप लांडे के चंदीवली निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया।

उन्होंने कहा, दो महीने बाद नवंबर में विधानसभा चुनाव हैं, इसलिए हमें दिलीप लांडे के साथ मजबूती से खड़ा होना होगा। हमें उन्हें भारी बहुमत से जिताने के लिए उनका समर्थन करना चाहिए। सीएम शिंदे ने आगे कहा, वह शिवसेना और महायुति गठबंधन की जीत के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। यह पहली बार है जब महायुति गठबंधन का नेतृत्व करने वाले सीएम एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव की संभावित तारीख पर बात की है। इससे पहले एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा था कि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 सितंबर 2024 है, लेकिन विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया नवंबर के दूसरे सप्ताह तक समाप्त हो सकती है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने हाल ही में पार्टी के सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। उन्होंने राज्य सरकार की विकास योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया। इस बीच अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी चुनाव से पहले लाडली बहना समेत अन्य योजनाओं को लेकर राज्य में अपनी मजबूती को दिखाने में जुटी हुई है। महाराष्ट्र में वर्तमान सरकार में तीन दल शामिल हैं, जिसमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी है।

सूत्रों के अनुसार, 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा 150-160 सीटें पर दावा कर रही है।

## मेडिकल कॉलेज के 800 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट को बंद करने की तैयारी

**हमीरपुर , एजेंसी।**
डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हमीरपुर में संचालित 800 एलपीएम ऑक्सीजन प्लांट (पीएसए) को जल्द ही बंद किया जा सकता है। इस प्लांट के ऑडिट के लिए बनाई गई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम इसे बंद करवाने बारे प्रपोजल उच्चाधिकारियों को भेज रही है। बताया जा रहा है कि इस प्लांट से 2 मेडिकल वार्डो मेल और एक फीमेल वार्ड समेत गायनी वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई की जाती है। इन 3 वार्डो में करीब 75 बिस्तर इस सप्लाई से कनैक्टड हैं परंतु मौजूदा समय में इनमें ऑक्सीजन की कंजप्शन कम है और इस प्लांट पर लागत बहुत ज्यादा है।

**हर महीने देना पड़ रहा 4 लाख रुपए का बिजली बिल**

सूत्रों के मुताबिक इस अकेले प्लांट से हर महीने करीब 4 लाख रुपए का बिजली बिल कॉलेज प्रशासन की देनदारी बन जाता है। इस कारण कॉलेज प्रशासन पर इसका अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अब कॉलेज प्रशासन द्वारा अपना और सरकार का खर्चा कम करने के लिए ऑक्सीजन सिलैंडर के जरिए इन वार्डो में ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी, जिस पर प्रशासन का खर्चा काफी कम आएगा। यह भी सामने आया है कि प्लांट से बहुत मात्रा में ऑक्सीजन जैनरेट होती है और इतनी ऑक्सीजन की जरूरत नहीं पड़ती, परंतु खर्चा ज्यादा आता है। हालांकि कॉलेज में ऐसे 3 प्लांट स्थापित किए गए हैं, परंतु इनमें सबसे बड़ा प्लांट 800 एलपीएम का है, 2 प्लांट सुचारू रूप से चलते रहेंगे।



**कोविड काल के दौरान स्थापित किए गए थे प्लांटः** बता दें कि कोविड काल के दौरान ऑक्सीजन की कमी के चलते इन प्लांटों को स्थापित किया गया था। उस समय जिले का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान होने के चलते अधिकांश मरीजों को यहां भर्ती किया जाता था और इन प्लांटों का बेहद महत्व था, परंतु अब वार्डों में ऑक्सीजन की जरूरत काफी कम लोगों को पड़ती है, इसलिए प्रशासन इस तरह का फैसला ले रहा है। कालेज के पास अपने करीब 1 हजार ऑक्सीजन सिलैंडर उपलब्ध हैं, उन्हें रिफिल करवाकर जरूरतमंद लोगों को ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी।

**प्लांट को बंद किए जाने पर चल रहा विचार : एमएसः** इस बारे मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि कॉलेज में चल रहे 3 प्लांटों से 1 प्लांट 800 एलएमपी पीएसए को बंद किए जाने पर विचार चल रहा है। इसकी प्रपोजल वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है। इस पर खर्चा बहुत आ रहा है और जितनी ऑक्सीजन सप्लाई हो रही है, मरीजों के हिसाब से उसकी जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारे पास ऑक्सीजन सिलैंडर बहुत ज्यादा हैं, उनके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को ऑक्सीजन मुहैया करवाई जाएगी।

## एस जीएसटी संग्रह में नए आयाम स्थापित कर रहा उत्तराखंड

विशेष संवाददाता | देहरादून

एस जीएसटी (स्टेट गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) संग्रहण के मामले में उत्तराखंड नए आयाम स्थापित कर रहा है। वर्ष 2024 में माह अगस्त तक राज्य कर विभाग द्वारा 2507 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है जो गत वर्ष इसी अवधि के सापेक्ष 14 प्रतिशत अधिक है। जबकि विगत वर्ष अगस्त माह तक कुल 2202 करोड़ का एस जीएसटी संग्रहण हुआ था। नेट एस०जी०एस०टी० के अन्तर्गत माह अगस्त, 2024 तक किये गये कुल राजस्व संग्रहण की तुलना में अन्य राज्यों के राजस्व संग्रहण से करने पर औसत वृद्धि दर के आधार पर उत्तराखण्ड राज्य चौथे स्थान पर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों का प्रयास रहा है कि राज्य के राजस्व अर्जन में बढ़ोत्तरी की जाए। इसमें राज्य कर विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में एस जीएसटी संग्रहण से राजस्व वृद्धि पर आधिकाधिक ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए टैक्स चोरी करने वालों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। 'बिल लाओ, इनाम पाओ' जैसी योजनाओं के जरिये आम उपभोक्ता को एस जीएसटी के सम्बंध में न केवल जागरूक किया जा रहा है बल्कि इससे कर चोरी रोकने में भी मदद मिल रही है। राज्य कर विभाग के अनुसार एस०जी०एस०टी० के अन्तर्गत माह अगस्त, 2024 तक राज्य कर विभाग द्वारा कुल रू0 2,507 करोड का राजस्व संग्रहण किया गया है, जो गत वर्ष की इसी अवधि के कुल एस०जी०एस०टी० संग्रहण रू0 2,202 करोड़ के सापेक्ष 14 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार नेट एस०जी०एस०टी० (एस०जी०एस०टी०आई०जी०एस०टी० सेटलमेन्ट) के अन्तर्गत माह अगस्त, 2024 तक राज्य कर विभाग का कुल राजस्व संग्रहण रू0 3,880 करोड़ है, जो गत वर्ष की इसी अवधि के कुल राजस्व संग्रहण रू० 3444 करोड़ के सापेक्ष 13 प्रतिशत अधिक रहा है। माह अगस्त, 2024 तक एस०जी०एस०टी० संग्रहण की राष्ट्रीय औसत वृद्धि दर 09 प्रतिशत एवं नेट एस०जी०एस०टी० संग्रहण की राष्ट्रीय औसत वृद्धि दर 11 प्रतिशत रही है।



## टिकट कटते ही विधायक से लेकर पूर्व मंत्री तक का भाजपा से इस्तीफा

**चंडीगढ़, एजेंसी।**
हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के अंदर बगावत के सुर तेज हो गए हैं। आगामी विधानसभा चुनावों के लिए टिकट वितरण के बाद पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस्तीफा दे दिया है। टिकट कटने से न केवल मौजूदा विधायकों बल्कि कुछ पूर्व मंत्रियों ने भी पार्टी से किनारा कर लिया है।

हरियाणा बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज ने बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। कंबोज इंद्री विधानसभा से टिकट कटने से नाराज थे। उन्होंने पार्टी पर अनदेखी का आरोप लगाकर सभी पदों से इस्तीफा दिया है। कंबोज ने कहा अगला फैसला मेरे समर्थक जो करेंगे उस पर रहूंगा। दादरी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास उर्फ भल्ले,रतिया से बीजेपी विधायक लक्ष्मण नापा,सोनीपत से बीजेपी युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी अमित जैन, बीजेपी नेता शमशेर गिल,हरियाणा बीजेपी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर मांडी,हिसार से बीजेपी नेता दर्शन गिरी महाराज, बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री सीमा गैबीपुर ने बीजेपी से दिया इस्तीफा।



आपको बता दे की भाजपा ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 67 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। सीएम नायब सिंह सैनी लाडवा से, ज्ञान चंद गुप्ता पंचकुला से, अनिल विज अंबाला कैंट से, कंवर पाल गुर्जर जगाधरी से, सुनीता दुग्गल रतिया से, भव्या बिश्नोई आदमपुर से, तेजपाल तंवर सोहना से चुनाव लड़ेंगे।

## एक बार फिर छलका कोलकाता रेप पीड़िता के बेबस माता-पिता का दर्द

### बोले- जैसे हमारी नींद हराम हुई है, दोषियों की भी हो जाए

**कोलकाता, एजेंसी।** आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या को लेकर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। बुधवार रात मृतक डॉक्टर के माता-पिता भी डॉक्टरों के साथ प्रदर्शन में शामिल हो गए। वे न्याय की मांग करते हुए मोमबत्तियाँ जलाकर रवींद्रनाथ ठाकुर का प्रसिद्ध गीत अग्नि सुर गाया। पीड़िता की मां ने कहा कि जैसे मेरी नींद हराम हो गई है, मैं चाहती हूं कि सभी दोषियों की नींद भी हराम हो जाए।




बता दें पीड़िता के माता-पिता आखिरी बार 9 अगस्त को आरजी कर अस्पताल गए थे। वहां सात घंटे इंतजार करने के बाद उन्होंने अपनी बेटी के शव को श्मशान घाट भेजा था। बुधवार को, यह विरोध प्रदर्शन सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई से एक दिन पहले किया गया था। हालांकि, गुरुवार को होने वाली सुनवाई को बाद में स्थगित कर दिया गया। बुधवार की रात लगभग 10:18 बजे पीड़िता के माता-पिता, उनके चाचा, चाची और दो भाई विरोध कर रहे डॉक्टरों से मिलने गए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर उनके परिवार की तरह हैं, जो इस दुःख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

**अंतिम संस्कार पर परिवार वालों ने उठाए सवालः** पिता ने आरोप लगाया कि वे 9 अगस्त को दोपहर 12:10 बजे अस्पताल पहुंचे थे और शाम 7 बजे वहां से निकले। वे अपनी बेटी के शव को सुरक्षित रखना चाहते थे, लेकिन उसका अंतिम संस्कार जल्दी कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि इतनी जल्दी क्यों की गई? जब वे श्मशान घाट पहुंचे, तो पाया कि अंतिम संस्कार का भुगतान पहले ही किया जा चुका था। मृतका की मौसी ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि बच्ची के माता-पिता को जबरन प्रिंसिपल के कमरे में ले जाकर इंतजार कराया गया। जब वे श्मशान घाट पहुंचे, तो वहां 300-400 पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार पूरी तरह टूट चुका था और उस स्थिति में उन्हें पैसे की पेशकश की जा रही थी। उन्होंने पूछा कि अंतिम संस्कार में इतनी जल्दी क्यों की गई? मृतका के एक भाई ने परिवार के दर्द को बताते हुए कहा कि इस साल उन्होंने राखी नहीं मनाई। वे चाहते हैं कि सभी दोषियों को सजा मिले, जब तक ऐसा नहीं होता, वे लड़ते रहेंगे।

## खाद्यान्न परिवहन टेंडर घोटाले में पूर्व कांग्रेस मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंजाब के खन्ना में छापेमारी के बाद खाद्यान्न परिवहन टेंडर घोटाले में कथित संबंध के लिए पंजाब में पूर्व कांग्रेस मंत्री भारत भूषण आशु के करीबी सहयोगी राजदीप सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी पेशे से कमीशन एजेंट है और कई राजनेताओं का करीबी बताया जाता है। संघीय एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के बाद आशु (53) को हिरासत में लिया गया। ईडी ने अगस्त 2023 में आशु, लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रमन बालासुब्रमण्यम और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की थी। धन शोधन की जांच पंजाब सतर्कता ब्यूरो की प्राथमिकी से शुरू हुई है, जो राज्य सरकार की 2021 की परिवहन और श्रम ढुलाई नीति से संबंधित है और फर्जी व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने के संबंध में लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट घोटाले से संबंधित शिकायतों से संबंधित है।

## संक्षिप्त समाचार

### 29 सितंबर को बेंगलुरु में बीसीसीआई एजीएम: रिपोर्ट




**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 29 सितंबर को बेंगलुरु में होगी।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, शहर में हाई परफॉरमेंस सेंटर के उद्घाटन के साथ होने वाली एजीएम के लिए गुरुवार को राज्य संघों को नोटिस भेजे गए। इसमें आगे दावा किया गया है कि पिछले महीने जय शाह की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध नियुक्ति के बाद 1 दिसंबर से खाली होने वाले सचिव के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होगा। रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बीसीसीआई नए सचिव का चुनाव करने के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम से बाहर हुए जोस बटलर




ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम स्कॉटलैंड दौरे के ठीक बाद इंग्लैंड जाएगी जहां पर दोनों टीमों के बीच पहले 3 मैचों की टी20आई सीरीज खेली जाएगी और फिर 5 मैचों की वनडे सीरीज का आयोजन किया जाएगा। दोनों देशों के बीच खेले जाने वाले इन तीन मैचों की टी20आई सीरीज से इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर बाहर हो गए हैं और उनकी जगह टीम की कप्तानी फिल साल्ट करते हुए नजर आएंगे।

#### जोस बटलर नहीं खेलेंगे टी20आई सीरीज

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की टी20आई सीरीज की शुरुआत 12 सितंबर से होगी और फिर इस सीरीज का दूसरा मैच 14 सितंबर को जबकि तीसरा मैच 16 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 16 सितंबर से होगी। फिलहाल टीम के नियमित कप्तान जोस बटलर इन तीन मैचों की टी20आई सीरीज का हिस्सा नहीं होगें। जोस बटलर पिंडली की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गए और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलना भी संदिग्ध है। इसकी जानकारी इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने दी।

#### बटलर की जगह जेमी ओवरटन टीम में शामिल

बटलर की अनुपस्थिति में स्टार ओपनर फिल साल्ट को टीम की कमान सौंपी गई है और ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को टी20 टीम में बटलर की जगह शामिल किया गया है। वनडे सीरीज से भी अगर जोस बटलर बाहर होते हैं तो हैरी ब्रूक कथित तौर पर टीम की कमान संभालेंगे और कप्तान के कवर के तौर पर जॉर्डन कॉक्स को वनडे टीम में शामिल किया गया है।

# तीरंदाजी में हरविंदर ने जीता गोल्ड

**पेरिस पैरालंपिक**




**पेरिस, एजेंसी।** टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर एक और इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बन गए। उन्होंने बुधवार को फाइनल में पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

इस उपलब्धि के साथ, हरविंदर पैरालंपिक और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय तीरंदाज बन गए। वह लगातार दो पैरालंपिक में पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र तीरंदाज भी हैं। भारत ने अब तक पेरिस पैरालंपिक में चार स्वर्ण, आठ रजत और 10 कांस्य पदकों समेत कुल 22 पदक जीते हैं। हरविंदर के स्वर्ण के साथ भारत पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है। इससे पहले बुधवार को ही सचिन खिलारी ने देश के लिए रजत पदक जीता था।

हरविंदर ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। पहले सेट में 10 और दो 9 के साथ हरविंदर सिंह ने पहला सेट जीत लिया। सिसजेक ने 9, 7 और 8 का स्कोर किया। 2-0 से आगे चल रहे हरविंदर ने दूसरे सेट की शुरुआत लगातार दो नौ के साथ की और फिर 10 का स्कोर किया जबकि सिसजेक ने तीनों प्रयासों में 9 का स्कोर किया। हरियाणा के कैथल के एक किसान परिवार से आने वाले हरविंदर ने दो 10 और उसके बाद एक नौ (29) के साथ स्वर्ण पदक पक्का किया, जबकि सिसजेक ने सात से शुरुआत की और फिर दो 9 का स्कोर किया। इससे पहले, हरविंदर ने बुधवार को ही सेमीफाइनल में ईरान के अरब अमेरी मोहम्मद रजा को हराया था।




### पीएम मोदी ने दी हरविंदर को बधाई

पोलियो ग्रस्त हरविंदर ने तीरंदाजी के ओपन रिकर्व के फाइनल में पोलैंड के ल्यूकास सिजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण जीता। वह पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले देश के पहले पैरा तीरंदाज बन गए। इससे पहले उन्होंने पुरुषों की रिकर्व ओपन प्रतियोगिता में लगातार चार जीत हासिल करके फाइनल में प्रवेश किया था।

पेरिस पैरालंपिक में भारत का अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी है। बुधवार को तीरंदाज हरविंदर सिंह ने पुरुषों के व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह पैरालंपिक में तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। पीएम मोदी ने उनके इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी।

## ट्रेविस हेड ने टी-20 इंटरनेशनल में रचा इतिहास



**एडिबर्ग, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना दिन होने पर किसी भी टीम को ध्वस्त कर सकती है। ऐसा ही कुछ नजारा स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में देखने को मिला। जब ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 155 रनों का टारगेट 9.4 ओवर में ही चेज कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने विस्फोटक बैटिंग की। उनके आगे स्कॉटलैंड के गेंदबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने 80 रनों की तूफानी पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई है।

स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच में ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत से ही विस्फोटक बैटिंग की। उन्होंने सिर्फ 17 गेंदों में ही अर्धशतक पूरा कर लिया। वह टी20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने हैं। मार्कस स्टोइनिस ने भी ऑस्ट्रेलिया के लिए ङ्ग20ङ्घ में 17 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी। हेड ने मैच में 25 गेंदों में 80 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और पांच छक्के शामिल थे। लेकिन वह तेजी से रन बनाने के चक्कर में आउट हो गए और शतक पूरा नहीं कर पाए।

ट्रेविस हेड ने स्कॉटलैंड के सभी बॉलर्स के खिलाफ खूब रन बनाए। उनकी वजह से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम 9.4 ओवर में ही टारगेट चेज करने में सफल रही है। हेड ने बेहतरीन बैटिंग का नमूना पेश किया। वह एक टी20 इंटरनेशनल मैच के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने पॉल स्ट्रर्लिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। पॉल स्ट्रर्लिंग ने ङ्ग20ङ्घ के मैच के पावरप्ले में 67 रन तो ट्रेविस हेड ने 73 रन बनाए हैं। हेड पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सभी बल्लेबाजों को पीछे करते हुए पहले नंबर पर पहुंच गए हैं।


**एक टी20 इंटरनेशनल मैच के पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज:**

73 - ट्रेविस हेड, 2024
67 - पॉल स्टर्लिंग, 2020
66 - कॉलिन मुनरो , 2018
64 - क्विंटन डी कॉक, 2023
62 - एविन लुईस, 2018
62 - जॉनसन चार्ल्स  2024

**ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी जड़ने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट:**

ट्रेविस हेड-17 गेंद
मार्कस स्टोइनिस- 17 गेंद
डेविड वॉर्नर- 18 गेंद
ग्लेन मैक्सवेल- 18 गेंद

## शरत कमल की निकट भविष्य में संन्यास की योजना नहीं, टूर पर एक और सत्र खेलेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल के पांचवें ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद संन्यास की योजना बनाने की उम्मीद थी लेकिन 42 साल के इस खिलाड़ी ने बुधवार को पेशेवर टूर पर एक और सत्र में खेलने की प्रतिबद्धता जाहिर की। शरत को बुधवार को एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष टीम का कप्तान बनाया गया जो अगले महीने अस्ताना में खेली जायेगी।

पेरिस ओलंपिक में भारत के ध्वजवाहक शरत ने कहा कि वह सात अक्टूबर से शुरू होने वाले एशियाई चैम्पियनशिप के लिए कजाखस्तान की यात्रा से पहले इस महीने के अंत में चाइना स्मैश में भी हिस्सा लेंगे। भारत की सर्वश्रेष्ठ 37 रैंकिंग हासिल करने वाले शरत दोहा में 2025 विश्व चैम्पियनशिप में खेलने का लक्ष्य भी बनाये हैं। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'अगले 9 महीने से एक साल तक मैं सक्रिय खिलाड़ी बना रहूंगा। लेकिन साथ ही मैं आईओसी और आईटीटीएफ में विकल्प की तलाश करूंगा। अपने देश में टीटीएफआई के साथ एक ढांचा बनाने में मदद करने की कोशिश करूंगा ताकि साई और टीटीएफआई के बीच अंतर कम हो सके और खेल में ज्यादा से ज्यादा कोरपोरेट प्रायोजक आएं।

शरत अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) के एथलीट आयोग में चुने जाने वाले पहले भारतीय हैं। वह भारतीय ओलंपिक संघ में एथलीट संस्था का भी हिस्सा हैं और निकट भविष्य में वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग में एक सीट हासिल करने का लक्ष्य बनाये हैं। उन्होंने 2028 ओलंपिक में हिस्सा लेने की बात खारिज की लेकिन उनके 2026 एशियाई खेलों में भाग लेने की संभावना है।

## इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स जल्द ही ले सकते हैं संन्यास?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने हाल ही में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद की अपनी योजनाओं के बारे में बताया।




बेन स्टोक्स का मानना है कि इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद वो कोच बनने की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। आपको बता दें कि इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यही किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के करीब छह साल बाद ब्रेंडन मैकुलम को टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुलम दोनों के बीच काफी अच्छे संबंध हैं। दोनों को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में बैज बॉल (तेजी से रन बनाने की रणनीति) को लाने का श्रेय दिया जाता है।

अब ऐसा लग रहा है कि स्टोक्स रिटायरमेंट के बाद मैकुलम के नक्शेकदम पर चलते हुए कोच बन सकते हैं। द टेलीग्राफ से बात करते हुए बेन स्टोक्स ने कोच बनने की अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में खुलकर बात की। 33 साल के इस खिलाड़ी ने माना कि खेल के प्रति उनका प्यार उन्हें रिटायर होने के बावजूद क्रिकेट के मैदान को नहीं छोड़ने के लिए मजबूर करेगा।

**यूएस ओपन: 2024**

## अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर, स्वियातेक को हराकर पेगुला सेमीफाइनल में, सिनर ने मेदवेदेव को हराया

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं।

यूएस ओपन में बुधवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने बुधवार को यहां दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल में पूर्व चैंपियन दानिल मेदवेदेव को चार सेट में हराकर पहली बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इटली के शीर्ष वरीय सिनर ने 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को 6-2, 1-6, 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया के



पूर्व नंबर एक खिलाड़ियों नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कारेज के जल्द बाहर होने के बाद अब पुरुष एकल में सिनर एकमात्र ग्रैंडस्लैम विजेता बचे हैं। सिनर ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में पहले दो सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मेदवेदेव को पांच सेट में हराकर खिताब जीता था। सिनर फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को ब्रिटेन के 25वें वरीय जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे। इसी दिन एक अन्य सेमीफाइनल 12वें वरीय टेलर फ्रिट्ज और 20वें वरीय फ्रांसेस टियाफो के बीच खेला जाएगा। 22 साल के ड्रेपर ने पहली बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह 2012 में एंडी मरे के ट्रॉफी जीतने के बाद अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले ब्रिटेन के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में 10वें वरीय एलेक्स डि मिनोर को 6-3, 7-5, 6-2 से हराया।

30 साल की पेगुला ने स्वियातेक को 6-2, 6-4 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले छठी वरीय पेगुला को ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में छह बार शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अपने पिछले 15 मैच हार्ड कोर्ट पर खेलते हुए 14 जीत दर्ज करने वाली पेगुला ने कहा, मैं इतनी बार से हार रही थी। मुझे पता है कि सभी मेरे से इस बारे में पूछते रहते थे लेकिन मेरा जवाब होता था कि मुझे नहीं पता कि मुझे इससे अलग क्या करना है।

मुझे बस कोर्ट पर उतरकर मैच जीतना है। इसलिए भगवान का शुक्र है कि मैं ऐसा कर पाई और अंतत~ मैं कह सकती हूं कि मैं सेमीफाइनलिस्ट हूं। सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को पेगुला की भिड़ंत चेक गणराज्य की गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा से होगी। फ्रेंच ओपन 2023 के फाइनल में स्वियातेक के खिलाफ हार के साथ उप विजेता रहीं मुचोवा ने 22वीं वरीय बीट्रिज हदाद माइया को 6-1, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# जय शाह के बाद रोजर बिन्नी भी जाएंगे आईसीसी!

### बेंगलुरु में 29 सितंबर को बीसीसीआई की एजीएम में लग सकती है मुहर




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन संस्करण की नीलामी के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और अध्यक्ष रोजर बिन्नी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) महासचिव जय शाह का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अगला चेयरमैन बनना तय हो गया है।

अब बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के भी आईसीसी में जाने पर मुहर लग सकती है। दरअसल, बेंगलुरु में 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक होनी है।इस बैठक में इस बात पर मुहर लग सकती है कि रोजर बिन्नी आईसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि होंगे। खबर के मुताबिक, एजीएम में आईसीसी में बीसीसीआई के प्रतिनिधि के रूप में रोजर बिन्नी की नियुक्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, उम्र उनकी राह में आड़े आ सकती है।

आईसीसी प्रशासन में शामिल होने के लिए अधिकतम उम्र 70 वर्ष है। ऐसे में बीसीसीआई को जो नया महासचिव बनेगा वह भी आईसीसी में प्रतिनिधि हो सकता है। खास यह है कि एजीएम बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी के गृहनगर बेंगलुरु में ही होनी है। बीसीसीआई की एजीएम के लिए गुरुवार 5 सितंबर 2024 की सुबह राज्य संघों को नोटिस भेज दिए गए। बीसीसीआई की 93वीं एजीएम की शुरुआत बेंगलुरु के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के उद्घाटन के साथ होगी। दो दशक से अधिक समय पहले अस्तित्व में आने के बाद से एनसीए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर से संचालित हो रहा है। एजीएम में बीसीसीआई के नए महासचिव का चुनाव नहीं होगा, लेकिन चुनाव के लिए विशेष आम बैठक (एसजीएम) की तारीख तय की जा सकती है।

जय शाह के सर्वसम्मति से आईसीसी का चेयरमैन चुने जाने के बाद नए महासचिव की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है। राज्य क्रिकेट संघों को भेजे गए बैठक के 18 सूत्री एजेंडे में अन्य महत्वपूर्ण बिंदु आईसीसी बैठकों में बीसीसीआई के प्रतिनिधि की नियुक्ति है, क्योंकि शाह अब उस भूमिका के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# औरंगाबाद में सेवानिवृति पर जिला जज को दी गई विदाई, नये जिला जज का हुआ स्वागत

**कार्यालय संवाददाता** | (औरंगाबाद)




शहर के एक प्राईवेट ईंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में एक समारोह आयोजित कर औरंगाबाद के नये जिला जज राजकुमार का अभिनंदन करने के साथ ही सेवानिवृत्त हुए जिला जज अशोक राज को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व स्वागत भाषण वरीय अधिवक्ता स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने की जबकि संचालन राजेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बच्चों के स्वागत गान के बाद अधिवक्ता कामाख्या प्रसाद एवं कमला प्रसाद ने न्यायाधीश अशोक राज के कार्यो की प्रशंसा की। वही नये जिला जज राजकुमार ने कहा कि सूर्यदेव की भूमि को नमन करता हूं। दक्षिण बिहार में पहली बार औरंगाबाद न्यायालय में जिला जज बनकर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हम अधिवक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। अधिवक्ता बंधुओं से आग्रह हैं कि वे भी न्यायमंडल के सभी पदाधिकारियों को सहयोग प्रदान करेंगे। इस तरह से हम सभी मिलकर न्यायमंडल के न्यायालय और लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन में सफल होंगे। वही सेवानिवृत जिला जज अशोक राज विदाई संबोधन के दौरान काफी भावुक हो गए। उन्होंने बार और बेंच के बीच पांच साल से अधिक मधुर संबंध को याद करते हुए कहा कि जिला विधिक संघ के सदस्य व्यवहार कुशल और न्यायिक कार्य में बहुत ही सहयोगात्मक रवैया अपनाते हैं। औरंगाबाद में ऐसा आत्मीय लगाव हो जाता है कि कोई तबादला या सेवानिवृत्ति पर भी यहां से जाना नहीं चाहता। कार्यक्रम में एडीजे पंकज मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बार और बेंच में प्रेम और बंधुता बढ़ती है और एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में न्यायिक कार्योमें तेजी आती है। कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने जिला जज अशोक राज के विदाई समारोह को अपने जीवन का यादगार पल बताते हुए कहा कि अपने 54 साल के वकालत पेशे में उन्होने बहुत से न्यायधीशों को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के न्यायधीश बनने के बाद हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति बनते देखा है। बहुत ही शुभकामनाएं आपके साथ है और बार तथा बेंच का संबंध सदैव मधुर रहा है और रहेगा। कहा कि नये जिला जज के रूप में राजकुमार का औरंगाबाद में हार्दिक अभिनन्दन है। हमें उम्मीद है कि वे भी बार और बेंच के मजबूत संबंध को बरकरार रखेंगे, यही शुभकामना है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए राजेश कुमार सिंह ने कहा कि यह सैभाग्य है कि एक साथ आज एक जिला जज का विदाई कर रहे हैं और एक जिला जज का स्वागत कर रहे हैं। इस अवसर पर नये जिला जज राजकुमार, सेवानिवृत हुए जिला जज अशोक राज एवं एडीजे पंकज मिश्रा को शॉल, बुके, मोमेंटो एवं माला देकर कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने सम्मानित किया। वही सभी वक्ताओं ने स्पेशल पीपी वरीय अधिवक्ता कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह के इस आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर अधिकांश न्यायिक पदाधिकारी और अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# छेड़खानी के आरोपी की हत्या करने वाले अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाया उम्र कैद

» धारा-148 में दो साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया। धारा-323 में एक साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया। धारा-324 में दो साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया।



**कार्यालय संवाददाता** | औरंगाबाद

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-3 सह एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत ने गुरूवार को हत्या के एक मामले में अभियुक्त को आजीवन कैद की सजा सुनाई और 45 हजार 500 का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने बारूण थाना कांड संख्या-115/23 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए काराधीन अभियुक्त बारूण थाना के बसडीहा निवासी गुड्डु कुमार को भादंवि की धारा 302/149 में आजीवन कारावास और 25 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना न देने पर कोर्ट ने एक साल के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया। साथ ही कोर्ट ने भादंवि-147 में एक साल की सजा व पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया। धारा-148 में दो साल की सजा और पांच हजार जुर्माना लगाया। धारा-323 में एक साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया। धारा-324 में दो साल की सजा और पांच हजार रुपए जुर्माना लगाया। धारा-341 में एक माह की सजा और पांच सौ जुर्माना लगाया। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। एपीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त को उल्लेखित धाराओं में 03 सितंबर 2024 को दोषी ठहराया गया था। अभियुक्त पर आरोप था कि एक छेड़खानी के वाद के गवाह चंदन कुमार को 10 मार्च 2023 को लोहे के छड़ से पीटकर हत्या कर दी थी। मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक नरारीकला खुर्द थाना के बसडीहा निवासी दुर्गा कुमार ने दर्ज कराई थी।

# धुम धाम से मना सर्व पल्ली डा राधाकृष्णन की जयंती

**निज संवाददाता** | सासाराम (विक्रमगंज)

शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले के विभिन्न हिस्सों के सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम का आयोजन कर पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कृतित्व को याद किया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षक दिवस पर अपने उद्गार व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा केक काटकर डॉ कृष्णन का जन्मदिवस मनाया गया। बिक्रमगंज रोहतास।शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यालय समेत अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सरकारी गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से सर्वपल्ली डा राधाकृष्णन की जयंती मनाई गई। शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने मिलकर इनके जन्म दिवस पर केक काटे तथा मीठाइयां बांटी गई।शहर में स्थित साई बी एड एंड डी एल ऐड कॉलेज के प्रांगण में महान शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन धूम-धाम से संपन्न हुआ| इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों द्वारा समारोह के अतिथि गण पंचायती राज पदाधिकारी सलोनी चतुर्वेदी, चुनाव पदाधिकारी खुशबु गुप्ता, शिक्षाविद दीप्ती सिंह, एवं समाज सेवी प्रियंका प्रियदर्शी का गर्मजोशी से आरती एवं बंदन कर स्वागत किया गया। चतुर्वेदी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा गया की शिक्षक राष्ट्र निर्माता, पथ प्रदर्शक एवं युवा पीढ़ी का सुधारक होते हैं। खुशबू गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की शिक्षक शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल और नैतिक मूल्यों का भी ज्ञान प्रदान करते हैं। शिक्षाविद दीप्ती सिंह ने कहा की शिक्षक पथ प्रदर्शक होते हैं तथा समाज को समृद्ध और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करते हैं। समाज सेवी प्रियंका द्वारा कहा गया की शिक्षकों के माध्यम से ही बालकों का चरित्र निर्माण एवं उनके नैतिक मूल्यों का विकास हो सके।इस अवसर पर महाविद्यालय के सह निदेशक मीरा कुमारी सिंह द्वारा अनपे सम्बोधन में कहा गया की गुरु शिष्य संबंधों को आज के समय में आत्मीय बनाने की आवश्यकता है, यह कार्य समर्थ गुरुजन के माध्यम से ही संभव है। एच ओ डी रूबी त्यागी, सहायक प्रोफेसर संजय यादव, रिपुंजय सिंह, अनिल कुमार, श्याम एवं दीपक द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए। रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति में ख़ुशी, श्रेया, प्रिय, गूंजा, नेहा, अरुण, सुनीता, शरमीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वर्ण व्यवसायी विजय शंकर का निधन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)** दाउदनगर के जाने माने स्वर्ण व्यवसायी विजय शंकर उर्फ भुट्टो का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा ने उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उन्होने दिवंगत पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। 'हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा' के सदस्य एक परिवार की तरह स्व. विजय शंकर की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पार्थिव शरीर को कंधा दिया। सभी ने स्व. विजय शंकर को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दिवंगत पुण्यात्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए रेफरल अस्पताल के डाटा ऑपरेटर को दी रिश्वत, वीडियों वायरल

**कार्यालय संवाददाता** | औरंगाबाद



बिहार के सरकारी अस्पतालों में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रिश्वतखोरी की शिकायते आम है। ऐसे ही ही एक मामलें में स्वास्थ्य विभाग के कर्मी द्वारा रिश्वत लेने का एक वीडियो वायरल हुआ है। हालांकि हम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करते है। वीडियो कब और कहां का है, इसके बारे में भी हम दावें के साथ कुछ भी नही कर रहे है। वैसे बड़ी ही तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो के बारे में कहा जा रहा है कि यह औरंगाबाद जिले के नबीनगर रेफरल अस्पताल का है। वीडियो में साफ तौर से देखा जा सकता है कि सरकारी दफ्तर में कार्यरत कर्मचारी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के एवज में महिला से रिश्वत लेकर पैसे को पॉकेट में रख रहा है। बताया जा रहा है कि एक महिला जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए चार माह से नबीनगर रेफरल अस्पताल का चक्कर काट रही थी। इसके बावजूद उसे जन्म प्रमाण पत्र बना कर नही दिया जा रहा था। बाद में महिला को किसी ने सलाह दिया कि ले-देकर जन्म प्रमाण पत्र बनवा लो। इसके बाद महिला ने नबीनगर रेफरल अस्पताल में कार्यरत डाटा ऑपरेटर सुधीर कुमार को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए 500 रुपए की रिश्वत दी। रिश्वत की राशि लेने के बाद डाटा ऑपरेटर ने उसे बाए पैंट के पॉकेट में रख लिया और जन्म प्रमाण पत्र भी बनाकर दे दिया। इसी दौरान डाटा ऑपरेटर का रूपए लेने का किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि इस मामले में जब महिला से बात की गई तो उसने बताया कि चार माह से वह जन्म प्रमाण पत्र के लिए नबीनगर रेफरल अस्पताल का चक्कर लगा रही थी लेकिन प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा था। तब अस्पताल में खड़े एक व्यक्ति ने उसे कहा कि जाइए और उन्हें कुछ पैसे दे दीजिए वह तुरंत जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे देंगे। मैं जब जाकर उनसे पैसे की बात की और पैसा दिया तो हमें तुरंत जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया।

# शिक्षक दिवस पर औरंगाबाद के प्रधानाध्यापक को पटना में मिला राजकीय शिक्षक सम्मान

**निज संवाददाता** | औरंगाबाद



शिक्षक दिवस पर प्रदेश की राजधानी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में गुरूवार को आयोजित राजकीय समारोह में औरंगाबाद जिला मुख्यालय में पीएम श्री विद्यालय के रूप में चयनित हुए राजकीय अनुग्रह मिडिल स्कूल के हेडमास्टर उदय कुमार सिंह राजकीय शिक्षक सम्मान से नवाजे गए। उनके अलावा राज्य के दूसरे स्थानों के भी शिक्षकों को यह सम्मान मिला है। उन्हे यह सम्मान बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने प्रदान किया। सम्मान स्वरूप उन्हे 15 हजार का चेक, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवम पौधा पात्र प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करने के बाद हेडमास्टर उदय कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने से उनकी जिम्मेवारी पहले से और बढ़ गई है। वें अपने कार्य को और भी उत्कृष्ट तरीके से संपादित करेंगे। कहा कि अपने स्कूल में अकादमिक एवं आधारभूत संरचना दोनो मोर्चो पर गुणवत्तापूर्ण तथा प्रभावपूर्ण कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार अनुग्रह मध्य विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं बच्चों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल है। गौरतलब है कि जिला स्तरीय कमिटी की अनुशंसा के बाद उदय कुमार सिंह के नाम का राज्य स्तरीय कमिटी ने कई बिंदुओं पर परीक्षण के बाद ही उन्हे इस राजकीय पुरस्कार के लिए चयनित किया था। वही उदय कुमार सिंह को राजकीय पुरस्कार मिलने से औरंगाबाद के शिक्षा जगत में हर्ष है।

# नवादा के सांसद और रेलवे के महाप्रबंधक के बीच बैठक



**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** नवादा के सांसद (लोकसभा) विवेक ठाकुर ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के साथ बैठक की। बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक ने सांसद का स्वागत किया। बैठक के दौरान नवादा सहित बिहार में चल रहे रेल विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधा से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। साथ ही सांसद महोदय द्वारा रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए।

# छात्र को स्टार्टअप के लिए बिहार सरकार से मिलेगा 10 लाख का फंड

**निज संवाददाता** | औरंगाबाद



**प्रकाश को मिली उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार सिंहा, स्टार्टअप सेल के इंचार्ज प्रो. आनंद राज एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान ने शुभकामना एवं बधाई दी है।**

औरंगाबाद के रफीगंज के अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के फाईनल ईयर-2020-24 के छात्र प्रकाश कुमार को बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने स्टार्टअप बिहार के तहत 10 लाख की सीड फंडिंग के लिए चयनित किया है। गौरतलब है कि प्रकाश ने महाविद्यालय से इस वर्ष सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है। प्रकाश को प्री-ओंड वेडिंग ड्रेस एवं एक्सेसरीज़ रेंटल स्टार्टअप के लिए स्टार्टअप बिहार द्वारा सीड फंड दिया जा रहा है। इस स्टार्टअप के लिए आइडिया स्टेज से बिज़नेस मॉडल व फाइनल प्रेजेंटेशन तक उन्हें महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल से काफी सहायता मिली। प्रकाश को मिली उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, सिविल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार सिंहा, स्टार्टअप सेल के इंचार्ज प्रो. आनंद राज एवं जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान ने शुभकामना एवं बधाई दी है। स्टार्टअप सेल के इंचार्ज प्रो. आनंद राज ने बताया कि यह पांचवा स्टार्टअप है जिसे महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल के मार्गदर्शन में बिहार सरकार द्वारा सीड फंड प्रदान किया जा रहा है।

# 44 साल बाद जीवित बचे एकमात्र अभियुक्त को सुनाई सात साल कैद की सजा

**कार्यालय संवाददाता** | (औरंगाबाद)

व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश(एडीजे)-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने गुरूवार को डकैती के एक 44 साल पुराने मामले में एकमात्र जीवित बचे अभियुक्त को सजा सुनाई। यह सजा न्यायाधीश ने औरंगाबाद के बारूण थाना कांड संख्या-01/1981 और एसटीआर-137/97 में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सुनाई। मामले का एकमात्र जीवित अभियुक्त बिरजू यादव बारूण थाना के सीतारामपुर गांव का निवासी हैं। कोर्ट ने अभियुक्त को भादंवि की धारा 395 में दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाई और 25 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माना नही देने पर कोर्ट ने एक साल के अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मामले की प्राथमिकी बतौर सूचक केशव महतो ने बारूण थाना में दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में सूचक ने कहा था कि 31 दिसंबर 1980 को गांव में भीषण डकैती हुई थी। इस दौरान डकैतों ने सूचक के भाई गनौरी महतो की बुरी तरह पिटाई की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही गांव के ही गजाधर महतो और रामाधार महतो की मौत हो गई थी लेकिन मामले में कोर्ट में न पोस्टमार्टम रिपोर्ट समर्पित किया गया था और न ही डॉक्टर की गवाही हो पाई थी। मामले की प्राथमिकी में 14 अभियुक्तों को नामजद किया गया था, जिसमें 7 में से 6 अभियुक्तों की ट्रायल के दौरान ही मौत हो चुकी है। इसी मामले में कोर्ट ने आज जीवित बचे एक मात्र अभियुक्त को भादंवि की धारा-395 में सज़ा सुना कर जेल भेज दिया।

# शिक्षक दिवस पर विविध कार्यक्रमों में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गुरूवार को शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक एवं छात्र-छात्राओ ने केक काटे और सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर चर्चा की। रफीगंज के रानी व्रजराज उच्च विद्यालय, कन्या उच्च विदयालय, डाकबंगला मध्य विद्यालय, कासमा के द्रौपदी देवी कन्या उच्च विद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानो में केक काटकर छात्र-छात्राओ ने शिक्षको को सम्मानित किया।

# शिक्षक दिवस पर क्विज कॉन्टेस्ट

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएम रिसोर्ट में एक्सिस इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर क्विज़ कंटेस्ट का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. अलखदेव प्रसाद अचल ने की। जबकि संचालन संस्था के निदेशक विजय सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अलखदेव प्रसाद अचल, द फ्रीडम के सम्पादक सुधीर सिंह, पूर्व प्रखंड उप प्रमुख अनिल आर्य, शिक्षक कुंडल मेहता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आगत अतिथियों को विजय सैनी द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. अचल ने कहा की शिक्षक दिवस पर आज के शिक्षकों को सर्वपल्ली राधाकृष्णन से सीख लेनी चाहिए।

# अमझरशरीफ में लगे उर्स मेले में पहुंचने लगें श्रद्धालु

**निज संवाददाता** | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ गांव स्थित संत सैय्यदना पाक के मजार पर सलाना लगने वाला दो दिवसीय उर्स मेला का आगाज हो चुका है। इस साल 506वां उर्स है और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। यहां के खानकाह मोहम्मदिया कादरिया हजरत सेय्यद हसनैन कादरी ने जानकारी देते हुये बताया कि मो. पैगंबर साहब के आदेशानुसार सन 1426 ईस्वी में हिंदुस्तान में शान्ति का पैगाम देने को भेजा गया। उन्होंने अपने साथ में एक छड़ी लेकर हिंदुस्तान की जमीं पर कदम रखा। अजनास की छड़ी लेकर अजमेर शरीफ, दिल्ली सहित अन्य जगहों पर गयें और छड़ी को जमीन में लगाया, पर कहीं नहीं हरा हुआ। अंत में अमझरशरीफ गांव में छड़ी हरा हुआ, जो आज भी एक पेड़ के रूप में मौजूद है। खानकाह ने कहा कि विज्ञान भले हीं नए अनुसंधानों में अपना परचम लहरा रहा हो परंतु रूहानी एवं आध्यात्मिक ताकतों पर लोगों का भरोसा अब भी बना हुआ है, जिसका प्रमाण अमझरशरीफ में है। जितने लोग दावा से अपना इलाज करा रहे हैं, उससे कहीं अधिक दुआ से रोगों से छुटकारा मिलता है। यह मजार आस्था और विश्वास का केंद्र है। सदियों से यहां देश विदेश से श्रद्धालु दुआ व मन्नत माँगने आते रहें हैं। मन्नत पूरी होने पर उर्स में भाग लेते हैं। उर्स के मेला में प्रत्येक साल नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश से भी लोग आते हैं। यहां के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि अमझरशरीफ में एक पेज में एक पारा हाथ से लिखित कुरान शरीफ है, जो दूसरे जगह कहीं भी नहीं है। विषैले जीव जंतुओं से रक्षा करने वाला पेड़ अजनास है।


पूर्व मध्य रेल

**रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **पितृपक्ष मेला** के मद्देनजर दिनांक 17.09.2024 से 02.10.2024 तक निम्नलिखित ट्रेनों को पुनपुन घाट हॉल्ट एवं अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर 02 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः—

**पुनपुन घाट हॉल्ट पर अस्थायी ठहराव**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या एवं नाम |
|---|---|
| 1. | 13243 / 13244 पटना—भभुआ रोड—पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस |
| 2. | 13347 / 13348 पटना—बरकाकाना—पटना पलामू एक्सप्रेस |
| 3. | 13349 / 13350 पटना—सिंगरौली—पटना एक्सप्रेस |
| 4. | 18623 / 18624 इस्लामपुर—थावे—इस्लामपुर एक्सप्रेस |
| 5. | 18625 / 18626 पूर्णिया कोर्ट—थावे—पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस |
| 6. | 12365 / 12366 पटना—रांची—पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस |
| 7. | 13329 / 13330 पटना—धनबाद—पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस |
| 8. | 14223 / 14224 राजगीर—वाराणसी—राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस |
| 9. | 05553 / 05554 पाटलिपुत्र—गया स्पेशल |

**अनुग्रह नारायण रोड स्नान घाट पर अस्थायी ठहराव**

| | |
|---|---|
| 1. | 03384 / 03383 पं. दीन दयाल उपाध्याय—गया मेमू पैसेंजर |
| 2. | 03691 / 03692 गया—पं. दीन दयाल उपाध्याय मेमू पैसेंजर |
| 3. | 13305 / 13306 धनबाद — सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस |
| 4. | 03381 / 03382 गया — डेहरी ऑन सोन मेमू पैसेंजर |
| 5. | 13553 / 13554 आसनसोल — वाराणसी — आसनसोल मेमू पैसेंजर |

**नोटः** अनुग्रह नारायण रोड स्नान घाट अनुग्रह नारायण रोड—चिरैला के बीच अप दिशा में किमी—540 / 5—9 और डाउन दिशा में 540 / 10—6 पर स्थित एक अस्थायी हॉल्ट ठहराव है।

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

पीआर/01065/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/24—25/104 मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे./हाजीपुर


# शिक्षक दिवस पर केवाईपी में भव्य कार्यक्रम आयोजित

**निज संवाददाता** | हसपुरा (औरंगाबाद)



कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र हसपुरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। समारोह की अध्यक्षता शम्भू शरण सत्यार्थी ने की जबकि संचालन आदित्य कुमार ने किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, कुर्सी रेस प्रतियोगिता, गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता सहित अन्य कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस पर हम सभी लोग यह प्रेरणा लें कि अपने मेहनत के बल पर हम उंचाईयों को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी लोगों का कर्तव्य है। समारोह को श्रीकांत प्रसाद, शालिनी कुमारी, जेबा आरा, सुजीत कुमार सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। प्रतियोगिता में स्थान लाने वाले प्रशिक्षणर्थियों को मेमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक का इलाज, पुलिस की तत्परता से बची जान

**कार्यालय संवाददाता** | (औरंगाबाद)



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा मोड़ के समीप गुरुवार की रात एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक को पुलिस की तत्परता से समय पर उपचार मिला, जिससे उसकी जान बच गई। घटना रात करीब 10 बजे की है, जब डायल-112 की पुलिस टीम गश्त के दौरान चतरा मोड़ के पास सड़क पर एक बेहोश युवक को पड़ा हुआ देखी। पुलिस ने तुरंत घायल को अपनी गाड़ी में बैठाकर औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज शुरू हुआ। डॉक्टर अभिषेक कुमार ने घायल का उपचार किया और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत मेडिकल टीम जुट गई। घायल युवक की पहचान मिर्जापुर गांव निवासी अशोक यादव के रूप में हुई। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की मदद से पहचान की और उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों के अनुसार, अशोक यादव किसी निजी काम से औरंगाबाद आया था और काम समाप्त कर घर लौटते समय यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना में अशोक को सिर, चेहरे और अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टर अभिषेक कुमार के अनुसार, उसकी हालत फिलहाल स्थिर है और उसका इलाज जारी है। पुलिस की तत्परता और समय पर इलाज मिलने के कारण अशोक यादव की जान बच गई। परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचकर पुलिस और चिकित्सकों को धन्यवाद दिया।